आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी 04:32 तक उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 133, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संस्कृति मंत्री बनाई गईं थाईलैंड की निलंबित पीएम 14

बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी 12

## गिल बने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई टेस्ट कप्तान



बर्मिंघम, एजेंसी

शुभमन गिल (269 रन) इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। गुरुवार को एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले वे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्र्स पर बनाए थे। गिल भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में 7 दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर था। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज गिल हैं।

# मजबूत भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

## घाना की संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

अक्रा (घाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है।

मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।



मोदी को सम्मानित करते घाना के राष्ट्रपति महामा।

### मोदी को घाना का राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शासन कौशल और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

## एक नजर

### दिल्ली जल बोर्ड मामले में पूर्व मंत्री जैन से पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। जैन पूर्वाह्न करीब 11 :15 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया गया।

### एम्स ट्रॉमा सेंटर के निकट ट्रांसफार्मर में धमाका

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर के निकट गुरुवार दोपहर को एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि हमें अपराह्न 3 :34 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर में एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लगने की सूचना मिली।

### समिक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष बने

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

# उत्तराखंड कांवड़ यात्रा सेवा एप में कांवड़ियों की होगी समग्र जानकारी

## हरिद्वार में तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने दिए एप बनाने के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने कहा-होटलों के लिए शुद्धता, नाम पट्टिका और फूड लाइसेंस अनिवार्य

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए उत्तराखंड कांवड़ सेवा एप बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें कांवड़ियों की सभी डिटेल उपलब्ध कराई जाएगी। इस एप का उपयोग हर वर्ष आयोजित होने वाले कांवड़ यात्रा के दौरान किया जा सकेगा, इससे कांवड़ यात्रा पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरिद्वार के मेला नियंत्रण भवन में उच्चाधिकारीयों के साथ कांवड मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण और विस्तृत निर्देश दिए। कहा कि ऐसे राज्य जहां से अधिकांश कांवड़िए आते हैं, उन राज्यों से परस्पर समन्वय, रियल टाइम डाटा शेयरिंग और सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। उन्होंने कांवड़ यात्रा को आगामी कुंभ मेले का ट्रायल बताते हुए कहा कि ये अनुभव आगामी कुंभ मेले भी काम आएंगे।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि कांवड़ यात्रा से पहले सभी मार्गों से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटवा दिए जाएं। यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने के साथ ही फूड लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाने के निर्देशों के साथ उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा मार्ग पर स्थित होटलों के नाम व होटल स्वामियों के नाम भी अनिवार्य रूप से लिखे हों। ओवररेटिंग की शिकायत आने पर संबंधित होटल स्वामियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शराब तथा मीट से संबंधित एसओपी का भी सख्ती से पालन हो। कहा कि इस वर्ष क्लीन और ग्रीन कांवड़ यात्रा का संदेश दें। स्वच्छता प्राथमिकता में रहे और संपूर्ण कांवड़ मार्गों पर हर घंटे सफाई अभियान चलता रहे। सीएम ने सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, सीसीटीवी और ड्रोन से नियमित निगरानी करने कांवड़ रूट का जीआईएस मैपिंग आधारित ट्रैफिक प्लान तैयार करने और एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए।

### चेतावनी : थूक जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

मुख्यमंत्री धामी ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटलों व उनके स्वामियों के नाम आदि लिखने की अनिवार्यता पर विपक्ष के बयान पर कहा कि, जो लोग देश के अंदर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं, उन्हें इससे परेशानी हो सकती है। हम तो लोगों की सुरक्षा, शुद्धता का ध्यान करके इस प्रकार के निर्देश कर रहे हैं। हर यात्री देवभूमि में बड़े विश्वास से आता है। सुरक्षा, शुद्धता और साफ सफाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। भोजन में अशुद्ध चीजें, थूक जिहाद जैसी घटना की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### उत्तराखंड में आज से कैलाश मानसरोवर यात्रा

**पिथौरागढ़।** पांच साल के अंतराल के बाद पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा का पहला दल 4 जुलाई को टनकपुर पहुंचेगा और 5 जुलाई को पिथौरागढ़ जिले में प्रवेश करेगा। 5 जुलाई को 50 सदस्यीय दल आधार शिविर धारचूला में रात्रि विश्राम करेगा, जिसके बाद धारचूला से उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा शुरू होगी। हालांकि इन दिनों बरसात की वजह से जिले में अनेक सड़कें भी बंद हो रही हैं। डीएम पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी के अनुसार, पिथौरागढ़ जिला प्रशासन यात्रा को लेकर पूरी तरह तैयार है। (विस्तृत पेज-11)

# गैरहाजिर 234 बॉन्डधारी चिकित्सक किए जाएंगे बर्खास्त : स्वास्थ्य मंत्री

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- राज्य से की एमबीबीएस की पढ़ाई बॉन्ड की शर्तों का किया उल्लंघन
- वसूली करने के साथ ही एनएमसी को भेजी जाएगी इनकी सूची

**अमृत विचार :** प्रदेश से कम शुल्क में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन कर लम्बे समय से बिना सूचना के गैरहाजिर 234 चिकित्सकों के विरूद्ध चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बर्खास्तगी के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैरहाजिर बॉन्डधारी चिकित्सकों के विरूद्ध वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले इन चिकित्सकों की सूची नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को मीडिया को जारी बयान में बताया कि मेडिकल कॉलेजों के साथ हुए अनुबंध के अनुसार इन चिकित्सकों को एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी होते ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य के पर्वतीय जनपदों में तैनाती दी गई थी। जहां पर इनको न्यूनतम पांच वर्षों तक अपनी सेवाएं देना अनिवार्य था। ऐसा नहीं करने की स्थिति में इन चिकित्सकों को बॉन्ड में निर्धारित धनराशि जमा कर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेने के बाद राज्य से बाहर अथवा निजी प्रैक्टिस की अनुमति दी जा सकती है लेकिन प्रदेश के विभिन्न पर्वतीय जनपदों में तैनात करीब 234 चिकित्सक बिना अनुमति के अपनी तैनाती स्थल से गैरहाजिर चल रहे हैं जो कि बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन के साथ ही अनुशासनहीनता की श्रेणी में भी आता है।

**सीएमओ व प्रभारी अधिकारी से स्पष्टीकरण :** सरकार ने इस प्रकरण को काफी गम्भीर मानते हुए निदेशक चिकित्सा शिक्षा को गैरहाजिर सभी चिकित्सकों से बॉन्ड की शर्तों के अनुरूप बॉन्ड की धनराशि वसूलने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, डीजी स्वास्थ्य को इन लापरवाह चिकित्सकों की बर्खास्तगी की कार्रवाई करने को कहा है। सचिव, स्वास्थ्य को निर्देशित किया गया कि उक्त चिकित्सकों की तैनाती वाले जिलों के सीएमओ एवं संबंधित चिकित्सालय प्रभारी अधिकारी से भी स्पष्टीकरण लिया जाए। आखिरकार किन परिस्थितियों में संबंधित जनपद के अधिकारियों द्वारा आतिथि तक अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह एवं गैरहाजिर इन चिकित्सकों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारम्भ क्यों नहीं की गई। विभागीय मंत्री का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर जनता से जुड़ा महकमा है, लिहाजा विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए कर्तव्यों का पालन करना जरूरी है। किसी भी कार्मिक द्वारा यदि अपने कार्यों एवं दायित्वों में लापरवाही बरती जाती है तो उसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### दून से 56, हल्द्वानी से 95 व श्रीनगर से 83 डॉक्टर पासआउट

विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार, जो चिकित्सक लम्बे समय से गैरहाजिर हैं, उनमें से राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से 56, हल्द्वानी से 95 व श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से 83 छात्र पासआउट हैं, जिन्होंने एमबीबीएस में प्रवेश के समय उक्त कॉलेजों के साथ पांच साल पर्वतीय क्षेत्रों में सेवाएं देने का अनुबंध किया हुआ है तथा संबंधित कॉलेजों में उक्त छात्रों की हैसियत संबंधी मूल दस्तावेज व चिकित्सा शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जमा हैं।

### डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन प्रसारित करने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से पतंजलि पर गुरुवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पतंजलि को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध करने वाली डाबर की अंतरिम याचिका को स्वीकार कर लिया। डाबर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' यह दावा करके विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है। यह दावा अन्य ब्रांड के लिए अपमानजनक है।

# मूसाताल में नहाने उतरे वायुसेना के दो कर्मचारियों की डूबने से मौत

संवाददाता, भीमताल

- पठानकोट में थे तैनात, दोस्तों संग घूमने आए थे भीमताल

**अमृत विचार :** वायुसेना के दो कर्मियों की गुरुवार को भीमताल क्षेत्र के चाफी क्षेत्र के मूसाताल में डूबने से मौत हो गई। दोनों कर्मचारी, पठानकोट एयरफोर्स में तैनात थे। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सर्च अभियान चलाकर दोनों के शव बाहर निकाले।

पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह ने बताया कि पंजाब में पठानकोट एयरफोर्स में तैनात प्रिंस यादव, साहिल कुमार निवासी बिहार अपने दो साथियों नयाल सौरभ सिंह और बृजेन्द्र के साथ भीमताल घूमने आए थे। उनके साथ चार युवतियां भी थीं। इस दौरान सभी आठ लोग चाफी के पास कलसा नदी क्षेत्र में घूमने चले गए।

बताया जा रहा है कि प्रिंस और साहिल मूसाताल में नहाने के लिए उतर गए और इसी बीच दोनों डूब गए। सूचना मिलते ही धारी के उप जिलाधिकारी केएन गोस्वावी, मुक्तेश्वर के थाना प्रभारी जगदीप सिंह नेगी और भीमताल पुलिस आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसडीएम गोस्वामी के अनुसार, मूसाताल और परिताल क्षेत्र को संवेदनशील तथा खतरनाक जोन घोषित किया गया है। जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं।

इसके बावजूद पर्यटक इसकी अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि बरसात के चलते नदी और तालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में इनके किनारे जाने में सावधानी बरतें।

### सोन प्रयाग के समीप भूस्खलन, बादल फटा

**देहरादून।** उत्तराखंड में सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में बारिश के कारण भूस्खलन होने के बाद गुरुवार को केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। देर शाम, मुनकटिया स्लाइडिंग जोन और गौरीकुंड के समीप छोटी पार्किंग वाले क्षेत्र में पैदल मार्ग आवागमन के लिए खोल दिया गया। वहीं, चमोली के थराली तहसील के राजस्व गांव टुंड्री में तड़के चार बजे बादल फटने से एक भवन और एक गोशाला बह गई। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र चमोली के अनुसार, फिलहाल कोई जनहानि की सूचना नहीं है। (विस्तृत पेज-2)

# भारत में एशिया कप खेल सकेगी पाकिस्तान की हॉकी टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

- जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा
- अगले महीने से बिहार के राजगीर में होगा आयोजन

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी।



मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है। सूत्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते।

# न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाने पर प्रमुख विपक्षी दल सहमत : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रस्ताव पर जल्द लिए जाएंगे सांसदों के हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर कराए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है।

# सौरमंडल में घुसे अज्ञात खतरनाक पिंड ने मचाई हलचल

## पड़ताल में जुटे एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक, ए11पीएल3जेड दिया गया इस पिंड का अस्थायी नाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी दूसरे सौर मंडल से हमारे सौर मंडल में घुस आए खतरनाक (इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट) पिंड ने हलचल पैदा कर दी है जिसे लेकर दुनिया भर के एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक पड़ताल में जुट गए हैं। यह तीसरा अवसर है, जब किसी दूसरे सौर मंडल का सदस्य हमारे सौर मंडल में घुस आया है। इसका अस्थायी नाम ए11पीएल3जेड दिया गया है।

यह बाहरी पिंड लगभग 20 किलोमीटर चौड़ा है और वर्तमान में 66 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह इटली के वैज्ञानिक अर्नेस्टो गुइडो के नेतृत्व में खगोलविदों ने ऑस्ट्रेलिया में रिमोट नियंत्रित दूरबीन के जरिए इसकी तस्वीर खींची है। इसकी खोज 14 जून को नासा के एटलस क्षुद्रग्रह प्रणाली वेधशाला से की गई थी। यह एक रहस्यमय पिंड है। वर्ष 2017 में इसी तरह का एक रहस्यमय पिंड इम्यूमुआ को पहली बार देखा गया था और इसके दो साल बाद 2019 में धूमकेतु बोरिसोव को देखा गया था। बोरिसोव के बाद हमारे सौर मंडल से गुजरने वाला यह तीसरा इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिक अगले कुछ महीने इस पिंड के ऑब्जर्वेशन में बिताएंगे। प्रारंभिक गणना के अनुसार यह अक्टूबर 2025 में पृथ्वी और मंगल के बीच से गुजरने वाला है। फिलहाल वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पिंड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी इसकी कक्षा को लेकर सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।



अज्ञात पिंड ए11पीएल3जेड की ताज़ा तस्वीर।

- 20 किलोमीटर चौड़ा है पिंड
- 66 किमी प्रति सेकेंड की गति
- 2017 में आया था इम्यूमुआ
- 2019 में धूमकेतु बोरिसोव

### वापस अपने सौर परिवार में चला जाएगा

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार, हम अपने सौर परिवार के सभी पिंडों से अवगत हैं, लेकिन किसी दूसरे सौर प्रणाली से आने वाले पिंड के प्रकार, प्रकृति व कक्षा से अनभिज्ञ होते हैं। संभव है कि वह हमारे लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिस कारण इन पर नजर रखना जरूरी हो जाता है। प्राथमिक अध्ययन के अनुसार यह ए11पीएल3जेड पृथ्वी के करीब तो आ रहा है, लेकिन दूर से गुजर जाएगा। इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। यह वापस अपने सौर मंडल में वापस लौट जाएगा।

# हाईकोर्ट का सुनवाई से इंकार, सुप्रीम अदालत जाएं

## राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का मामला, हाईकोर्ट से राज्य आंदोलनकारियों को राहत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के मामले में गुरुवार को उच्च न्यायालय से राहत मिल गयी। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की अगुवाई वाली खंडपीठ ने फिलहाल इस मामले में सुनवाई से इनकार कर दिया है। साथ ही, याचिकाकर्ता को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा है।

गौरतलब है कि इस मामले को भुवन सिंह और अन्य की ओर से चुनौती दी गयी है। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने सरकार की ओर से पैरवी करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का मामला बहुत महत्वपूर्ण है। इस मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों प्रदेश के लिये बलिदान दिया है। कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ जबकि कई लापता हैं। सरकार ने इसी आधार पर कानून बना



कर राज्य आंदोलनकारियों को सम्मान दिया है। उन्होंने इंदिरा साहनी मामले का हवाला देते हुए कहा कि यह उच्चतम न्यायालय के निर्णय से आच्छादित है। उसी आधार पर प्रदेश सरकार की ओर से 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से आरक्षण देने के लिये कानून बनाया गया है।

सुनवाई के बीच अदालत के संज्ञान में आया कि इससे जुड़ा मामला शीर्ष अदालत में लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की ओर से उच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के दिए गए आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अपील दायर की गयी है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले को उच्च न्यायालय वर्ष 2017 में गलत ठहरा चुका है। दो जजों की बेंच इस मामले में दो-एक से आरक्षण के खिलाफ फैसला दे चुकी है। यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं दी गयी है इसलिए उच्च न्यायालय का आरक्षण के खिलाफ दिया आदेश बरकरार है। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि राज्य सरकार की ओर से राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत आरक्षण के लिये कानून बनाया गया है जो कि संविधान की धारा 14 और 16 का उल्लंघन है। मामले को सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि जब तक मामला शीर्ष न्यायालय में लंबित है तब तक वह सुनवाई नहीं करेगा। याचिकाकर्ता को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने को कहा है।

### डीजीपी व सभी एसएसपी वीसी में पेश होंगे

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने थाना मंगलौर (हरिद्वार) में दो पक्षों के बीच हुए जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में याचिका पर सुनवाई के लिए आगामी मंगलवार की तिथि नियत की है। गुरुवार को आईओ वीसी के माध्यम से पेश हुए। सरकार की तरफ से घटना की वीडियो क्लीपिंग पेश की गई, जिसको देखने के बाद कोर्ट ने पाया कि दोनों दर्ज एफआईआर में चार्जशीट पेश की जानी थी लेकिन एक एफआईआर में चार्जशीट व दूसरे में आईओ के द्वारा एफआर (फाइनल रिपोर्ट) पेश कर दी गई जबकि मामला एक ही अपराध से जुड़ा हुआ है। एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए और इसकी जांच के लिए अलग अलग जांच अधिकारी नियुक्त कर दिए गए जबकि अगर एक अधिकारी जांच करता तो सही रिपोर्ट आती। दोनों की रिपोर्ट विरोधाभाषी है। इस पर कोर्ट ने माना कि जांच सही नहीं हुई है इसलिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के अलावा सभी जिलों के एसएसपी को आगामी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।

# उस्मान की जमानत पर सरकार से मांगा शपथपत्र

विधि संवाददाता, नैनीताल

- नैनीताल का बहुचर्चित नाबालिग यौन शोषण मामला

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल के बहुचर्चित नाबालिग यौन शोषण मामले में आरोपी उस्मान अली के जमानत प्रार्थना पत्र पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए सरकार से 10 दिन में शपथपत्र पेश करने को कहा है।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ में जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से कहा गया कि वह निर्दोष है। उस पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। उसे गलत तरीके से फंसाया गया है। पुलिस के पास यौन शोषण के मामले में उसके खिलाफ कोई तथ्य नहीं हैं। उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे पूरे मामले के गवाह हैं। डीवीआर पुलिस को सौंप दी गयी है। अंत में पीठ ने सरकार से 10 दिन में शपथपत्र देने को कहा है। इस मामले में 14 जुलाई को सुनवाई होगी। इससे पहले पॉक्सो अदालत आरोपी की जमानत खारिज कर चुका है। गौरतलब है कि विगत 30 अप्रैल को नैनीताल में 12 साल की नाबालिग से यौन शोषण का मामला सामने आया था। आरोप 73 साल के सरकारी ठेकेदार उस्मान अली पर लगाया गया था। पैसे का लालच देकर आरोपी ने पीड़िता का यौन शोषण किया। इस घटना के सामने आने के बाद नैनीताल शहर में उबाल आ गया था। लोग सड़कों पर आ गए थे। कुछ दुकानों में तोड़फोड़ भी की गयी थी। आरोपी को पुलिस ने 30 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया था।

# दंगे के 15 आरोपियों को फिलहाल जमानत नहीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने जमानत प्रार्थनापत्र पर चार सप्ताह बाद तय की सुनवाई

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय से हल्द्वानी दंगे के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक, उसके पुत्र अब्दुल मोइद और चालक मो. जहीर समेत 15 लोगों को गुरुवार को राहत नहीं मिल पायी। अदालत ने जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद चार सप्ताह बाद की तिथि तय कर दी।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में सभी आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र पर देर शाम को सुनवाई हुई। सभी आरोपियों पर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोग दर्ज हैं। इनमें से मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक पर छह जबकि अब्दुल मोइद पर तीन अलग-अलग मामले दर्ज हैं। सभी आरोपियों की ओर से अलग अलग जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्य साजिशकर्ता मलिक और मोइद की ओर से कहा गया कि वह घटना के दिन मौके पर मौजूद नहीं थे। उन पर भीड़ को भड़काने का आरोप गलत है। एक मामले में कई-कई अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। मुख्य आरोपी मलिक के चालक जहीर की ओर से भी कहा गया कि वह निर्दोष है। सरकार की ओर से कहा गया कि उसके पास लाइसेंसी पिस्टल बरामद हुई है। सभी जमानत प्रार्थना पत्र पर अलग-अलग सुनवाई करते हुए अदालत ने चार सप्ताह बाद की तिथि तय कर दी। अदालत चार सप्ताह बाद फिर सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि पिछले साल आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में कथित रूप से सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान दंगा भड़क गया था। एक खास समुदाय के लोगों ने पुलिस और प्रशासन पर पथराव के साथ हमला कर दिया था। इसके बाद हमलावरों ने थाना को घेर लिया और आगजनी कर दी। दंगा के चलते हल्द्वानी में पांच लोग मारे गए थे।

# आईआईएम के एसो. प्रोफेसर ने हाईकोर्ट से याचिकाएं वापस लीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने निस्तारित की

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुनाल ने अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय में दायर की गई पांच अलग-अलग रिट याचिकाएं वापस ले ली हैं जिन्हें हाईकोर्ट ने निस्तारित कर दिया है। मामलों की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई।

इन याचिकाओं में उनके विरुद्ध जारी कारण बताओ नोटिस और आरोप पत्र को रद्द करने की अपील की गई थी, जोकि उनके कर्तव्यों की उपेक्षा से संबंधित एक आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया का हिस्सा था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अंतरिम अध्यक्ष की नियुक्ति से संबंधित सरकारी आदेश को चुनौती दी और संस्थान के जनसंपर्क गतिविधियों में फंड के प्रयोग पर भी प्रश्न उठाए। उन्होंने न्यायालय से यह भी अनुरोध किया कि वह बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को भंग करने और आईआईएम नियमों के अनुसार पूर्णकालिक अध्यक्ष और निदेशक की शीघ्र नियुक्ति हेतु निर्देश जारी किए जाएं। डॉ. कुनाल ने संदीप सिंह (कार्यवाहक अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स), शिक्षा मंत्रालय के सचिव, आईआईएम विज़िटर (भारत के राष्ट्रपति) के सचिव समन्वय, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सचिव, कार्यवाहक निदेशक और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ), आईआईएम काशीपुर को भी प्रतिवादी बनाया था। सहायक प्रोफेसर कुनाल ने ये सभी पांच याचिकाएं वापस ले ली हैं। आईआईएम काशीपुर प्रबन्धन ने कहा कि अनुशासनात्मक प्रणाली को शैक्षणिक और प्रशासनिक ईमानदारी को बरकरार रखने के लिए बनाया गया है, जिसमें निष्पक्ष सुनवाई, आत्म-संशोधन और समाधान की गुंजाइश को सुनिश्चित किया जाता है। संस्थान का मानना है कि ऐसी प्रक्रियाएं पारदर्शिता, निरंतर सुधार और व्यावसायिक जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। एक राष्ट्रीय महत्व की अग्रणी संस्था के रूप में, आईआईएम काशीपुर अपने कार्यों के प्रत्येक पहलू में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और उत्कृष्टता के मूल्यों का पालन करता है।

# हाईकोर्ट ने खारिज कर दी पुनर्विचार याचिका

विधि संवाददाता, नैनीताल

- शासन की संशोधित नियमावली 2018 को दी थी चुनौती

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने शासन की विनियमितीकरण नियमावली, 2016 की संशोधित नियमावली 2018 को चुनौती देने वाली डॉ. हेमा मेहरा व अन्य की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ में हुई।

उत्तराखंड शासन द्वारा विनियमितीकरण नियामवली 2016 के आधार लगभग 700 कर्मिको को विनियमित किया गया, जिनमें उच्च शिक्षा विभाग में 30 दिसम्बर 2016 को 176 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को भी विनियमित किया गया लेकिन हिमांशु जोशी एवं अन्य द्वारा विनियमितीकरण नियामावली 2016 को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की एकलपीठ द्वारा विनियमितीकरण नियमावली को निरस्त कर दिया गया था। न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में कार्मिक विभाग द्वारा 7 जनवरी 2019 को संशोधित नियामवली 2018 बनाई गई, जिसमें विनियमितीकरण नियामवली के आधार पर विनियमित कार्मिकों के पदों को रिक्त मानते हुए संगत सेवा नियमावली के आधार पर भरने के साथ -साथ विनियमित कार्मिकों को 10 नंबर वेटेज देने का प्राविधान किया गया। संशोधित नियामावली को उच्च शिक्षा विभाग में 2016 नियामवली के आधार पर विनियमित किये गए 6 असिस्टेंट प्रोफ़ेसर्स ने न्यायालय में हेमा मेहरा एवं अन्य बनाम उत्तराखंड राज्य में चुनौती दी गई, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ द्वारा 15 फरवरी 2019 को पारित निर्णय में संशोधित नियामावली, 2018 की वैधानिकता को सही बताया तथा 2016 नियामावली के आधार पर विनियमित 176 असिस्टेंट प्रोफ़ेसर्स सहित सभी के विनियमितीकरण को नियामावली बनने के दिन यानी 14 दिसम्बर, 2016 से ही खारिज होने का निर्णय पारित किया। हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णय को शासन द्वारा न्याय विभाग को भेजा गया जिस पर न्याय विभाग द्वारा भी विनियमितीकरण को अवैध एवं शून्य बताते हुए विनियमितीकरण को खत्म करने की सलाह दी गई। डॉ. हेमा मेहरा एवं अन्य द्वारा 15 फरवरी, 2019 के निर्णय के खिलाफ न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की थी जिसे तत्कालीन कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ द्वारा खारिज कर दिया था। युगलपीठ से स्पेशल अपील एवं अन्य याचिका खारिज होने के पश्चात एकल पीठ में 8 नवंबर, 2019 को एकलपीठ में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई जो तब से विचाराधीन थी। इधर, जुलाई, 2025 को न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है।

### अवैध निर्माणः सचिव आवास हाईकोर्ट में तलब

**नैनीताल, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय ने तीर्थ नगरी ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण के मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए आवास विभाग के सचिव को आगामी नौ जुलाई को अदालत में तलब किया है। साथ ही अदालत ने देहरादून मसूरी विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अध्यक्ष और गढ़वाल आयुक्त, एमडीडीए के उपाध्यक्ष (वीसी) एवं सहायक अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने तीनों अधिकारियों से यह भी पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने नौ जुलाई की तिथि नियत की है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र की अगुवाई वाली खंडपीठ ने ये निर्देश ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य की ओर से दायर याचिका दायर पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ऋषिकेश में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण किया जा रहा हैं। एमडीडीए मूकदर्शक बना हुआ है। खंडपीठ ने इसे बेहद गंभीरता से लिया और एमडीडीए के रवैए पर भारी नाराजगी व्यक्त की। खंडपीठ ने अंत में सचिव को अदालत में पेश होने और तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

# बच्चे के गले में फंसा झुमका, ऑपरेशन से बाहर निकाला

**हल्द्वानी :** दो साल का एक बच्चे ने गलती से झुमका निगल लिया। परिजन उसे लेकर सुशीला तिवारी हॉस्पिटल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। गर्मियों में छोटे बच्चे अक्सर ठंडक पाने के लिए सिक्के, बटन बैटरी, झुमके, खिलौनों के पार्ट्स इत्यादि अपने मुंह में डाल लेते हैं। कभी-कभी ये सब उनके खाने या सांस की नली में फंस जाता है। डॉ. अचीन पंत ने बताया कि दो साल के बच्चे के गले में झुमका फंस गया था जिस पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बच्चे का दूरबीन विधि से सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया और झुमके को बाहर निकाला गया। बच्चा सुरक्षित है।

# सख्ती: अवैध रूप से परोसी जा रही थी शराब, दो दबोचे

- तीन से अधिक देसी व विदेशी शराब की पेटी बरामद
- डेयरी गली में प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चला संयुक्त अभियान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रशासन, नगर निगम एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को हल्द्वानी शहर के डेयरी गली (मंगल पड़ाव चौकी के पास) क्षेत्र में अवैध रूप से शराब परोसने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। जांच के दौरान डेयरी गली में कई रेस्टोरेंट्स में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी।

कुछ स्थानों पर ग्राहक और प्रतिष्ठान स्वामी टीम को देखकर मौके से फरार हो गए। क्षेत्र में तीन से अधिक स्थानों पर अवैध रूप से देसी एवं विदेशी शराब परोसी जा रही थीं। इस दौरान तीन से अधिक पेटियां देसी एवं विदेशी शराब की जब्त की गईं। 2 प्रतिष्ठान संचालकों को मौके पर पकड़ा गया, जबकि 6 अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर निगम ने 8 उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध चालान जारी किया। टीम में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह, आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट आदि शामिल रहे।



अभियान के दौरान जांच करतीं नगर आयुक्त व अन्य। • अमृत विचार

# सीएम ने झाड़ू लगाई, दिया स्वच्छता का संदेश

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हरिद्वार में सीसीआर के पास गंगा घाट पहुंचकर सफाई एवं स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का सन्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेशवासियों से अपील की कि कचरे को एक नियत स्थान पर ही एकत्रित करें। अपने गांव-शहर को स्वच्छ बनाने में सभी लोग अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, क्योंकि स्वच्छता से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा बीमारियों के फैलने की संभावना भी नहीं रहती है। इसके अलावा सीएम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग तथा पर्यावण असंतुलन को रोकने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस अभियान का उद्देश्य, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता। सीएम ने मां गंगा का आचमन कर देश व प्रदेश की शान्ति एवं समृद्धि की कामना की।



हरिद्वार में गंगा घाट पर झाड़ू लगाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### अचानक अपने बीच सीएम को पाया

गंगा घाट पर विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अचानक अपने बीच पाकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाए तथा जमकर सेल्फी लीं। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री की शालीनता, विनम्रता व सादगी की तारीफ की। सीएम ने श्रद्धालुओं से सीधे संवाद करते हुए यातायात, ठहरने, खानपान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सभी श्रद्धालुओं ने यात्रा अनुभव साझा करते हुए देवभूमि तथा व्यवस्थाओं को अच्छा बताया।


**बैठक** सीईओ ने समाज कल्याण विभाग को हर तीन माह में नए दिव्यांग मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# दिव्यांगों के बूथ चिन्हित कर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में सुगम मतदान हेतु राज्य स्तरीय प्रचालन समिति ''स्टेट स्टेयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन'' की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति सदस्यों, निःशक्त जन, समाज कल्याण, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, सूचना विभाग एवं एनजीओ प्रतिनिधियों से विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सीईओ ने विस्तृत दिशा निर्देश देते कहा कि प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर आयोग द्वारा दी जाने वाली न्यूनतम सभी सुविधाओं एश्योर मिनिमम फैसेलिटी (एएमएफ) को सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएं। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि विभाग में दर्ज दिव्यांग पेंशनधारकों को मतदाता सूची में शत प्रतिशत पीडब्ल्यूडी श्रेणी में शामिल कराने के दृष्टिगत 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर हर तीन माह में अपडेटेड सूची निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करा दी जाए। निर्देश दिए कि आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) में इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का चिन्हिकरण कर उनके पोलिंग बूथ के अनुसार उन्हें एएमएफ सुविधा पर विशेष ध्यान दें। जिला स्तर पर डिस्ट्रिक स्वीप पीडब्ल्यूडी आईकॉन चिन्हित करें। सीईओ ने एनआईईपीवीडी को ब्रेल आधारित मतदाता जागरुकता सम्बंधी प्रचार सामग्री तैयार करने के भी निर्देश दिए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने स्टेट स्टेयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण दिया। बताया वर्ष-2018 से राज्य में तीन प्रकार की समितियां गठित हैं जिनमें राज्य, जनपद एवं विधानसभा स्तर पर बैठक आयोजित की जाती हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में 30-39 आयु वर्ग के दिव्यांग जनों का प्रतिशत सर्वाधिक है।



चुनाव संबंधी बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, एडीएम देहरादून जय भारत सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. एएस उनियाल, संयुक्त निदेशक समाज कल्याण गीता राम नौटियाल, उप निदेशक सूचना रवि बिजारनियां, संयुक्त निदेशक लेपोरेसी जितेन्द्र नेगी सहित माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भूस्खलन: अस्थायी रूप से स्थगित रही केदारनाथ यात्रा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में बारिश के कारण भूस्खलन होने के बाद गुरुवार को केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। देर शाम, मुनकटिया स्लाइडिंग जोन और गौरीकुंड के समीप छोटी पार्किंग वाले क्षेत्र में पैदल मार्ग आवागमन के लिए खोल दिया गया। वहीं, चमोली के थराली तहसील के राजस्व गांव टुंड्री में तड़के चार बजे बादल फटने से एक भवन और एक गोशाला बह गई। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र चमोली के अनुसार, फिलहाल कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

पुलिस ने बताया कि मलबे और पत्थरों से मुनकटिया में सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई। गौरीकुंड से लौट रहे कुछ तीर्थयात्री क्षेत्र में फंस गए थे लेकिन राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के कर्मचारियों ने उन्हें वहां से निकाला और सुरक्षित सोनप्रयाग पहुंचाया। एहतियात के तौर पर केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। हालांकि प्रशासन ने देर शाम बताया कि, रुद्रप्रयाग केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-107), ऋषिकेश श्रीनगर रुद्रप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग, ऊखीमठ चोपता राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग यात्रा हेतु सुचारू हैं। जिले में 8 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोले जाने की कार्यवाही की जा रही है। उधर, उत्तराखंड में केदारनाथ से लौट रहे 40 श्रद्धालु सोनप्रयाग स्लाइड क्षेत्र में फंस गए, जिन्हें राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने रास्ता बनाकर सुरक्षित निकाल लिया है। केदारनाथ धाम की तरफ जाने वाले सोनप्रयाग के पास बुधवार देर रात अचानक मलबा आने की वजह से केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे 40 से श्रद्धालु फंस गए थे।

### पत्थर लगने पर ग्रामीण की मौत

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** तहसील धारचूला के अन्तर्गत जिप्ती से धारचूला आते समय एक व्यक्ति की ग्राम जिप्ती पट्टी सिर्खा के समीप पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने के कारण मृत्यु हो गई। यह घटना बुधवार को होना बताया गया। मृतक की पहचान नरेश कुमार पुत्र चन्दर राम, निवासी ग्राम छलमाछिलासों पट्टी सोसा, तहसील धारचूला के रूप में हुई।

### आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

| 31.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 5.17 | सूर्यास्त 19.15 |

## एक नजर

### आवारा गोवंश से टकराया स्कूटी सवार, मौत

**लालकुआं :** रुद्रपुर से अपने घर बिंदुखत्ता आ रहा स्कूटी सवार व्यक्ति आवारा गोवंश से टकरा गया। हादसे में उनकी मौत हो गई। शास्त्री नगर बिंदुखत्ता निवासी गोविंद सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह बिष्ट स्कूटी से बुधवार रात्रि घर की ओर आ रहे थे। मार्ग में आवारा गोवंश के टकराने से उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया, यहां चिकितसकों ने मृत घोषित कर दिया।

### वन्य अपराधों की रोकथाम को कार्यशाला आयोजित

**हल्द्वानी :** तराई पूर्वी वन डिवीजन की ओर से वन्यजीवों के प्रति अपराधों की रोकथाम, संबंधित न्यायिक प्रक्रियाओं, नियमों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ विवेचना के लिए पुष्पा तिवारी, एनएन पांडे, भास्कर जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में डीएफओ हिमांशु बागरी ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, वन्य अपराधों की विवेचना, साक्ष्य जुटाना, गिरफ्तारी, जब्ती, चार्जशीट फाइल की बारीकियां बताईं। वरिष्ठ अधिवक्ता मंजुला श्रीवास्तव ने वन अपराध संबंधी प्रकरणों की सुनवाई, साक्ष्य संकलन की विधिक विधि, अभियोजन की रणनीति जानकारी दी। एसडीओ अनिल जोशी एवं संतोष पंत, रेंजर चंदन सिंह अधिकारी, घनानंद चनियाल आदि मौजूद रहे।

# रकसिया और देवखड़ी नाले में जेसीबी खड़ी करने, सुरक्षा कामों में तेजी लाने के निर्देश

## डीएम वंदना ने विभिन्न नालों के सुरक्षा कार्य, गौला नदी से हो रहे भूकटाव की रोकथाम के कार्य का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना ने गुरुवार को देवखड़ी नाले में वायर क्रेट्स, चेकडैम निर्माण, चौफुला नहर कवरिंग, रकसिया नाले का चैनेलाइजेशन, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में निर्माणाधीन लाइब्रेरी, गौला नदी में गौला पुल एवं अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हो रहे भूकटाव की रोकथाम का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने सर्वप्रथम देवखड़ी नाले के निरीक्षण किया। वन विभाग को नाले में दो जेसीबी खड़ी करने के निर्देश दिए ताकि बारिश होने पर मलबा आने पर तत्काल हटाया जा सके। नाले की सुरक्षा दीवार जर्जर व पुरानी होने से कभी भी ढहने का खतरा है। इसके मद्देनजर यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर को मानसून के बाद दीवार का पुनर्निर्माण करने के निर्देश दिए। वहीं, बताया गया 8 चैकडैम बनाए जा चुके हैं जबकि 5 जल्द पूर्ण कर लिए जाएंगे। रकसिया नाले के निरीक्षण में डीएम ने कहा कि नालों पर बने पुल जिनकी ऊंचाई कम है, बारिश में पानी ओवरफ्लो होने पर सड़कों आ जाता है, ऐसे स्थानों को चिह्नित कर नए, अत्यधिक ऊंचाई के पुल बनाए जाने चाहिए। इसके लिए लोनिवि को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। वहीं, रकसिया नाले में कूड़ा फेंके जाने पर नाराजगी जताई। नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि प्राकृतिक नालों में कूड़ा फेंकने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाए। वहीं, रकसिया नाले को चैनलाइज करने, बारिश में यहां भी जेसीबी खड़ी करने के निर्देश दिए। डीएम ने जीजीआईसी में बनाई जा रही आधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण, गुणवत्ता, समयबद्धता हो ताकि यह लाइब्रेरी विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र बने। उन्होंने जीजीआईसी में खंडहर हो चुके भवनों के ध्वस्तीकरण को भी कहा। स्कूल के बाहर खाली पड़ी भूमि पर पार्किंग बनाने को लोनिवि, सिंचाई एवं नगर निगम को बैठक कर कार्यदायी संस्था का चयन करने को कहा। अंत में डीएम ने गौला नदी में पुल एवं स्टेडियम में हो रहे भूकटाव की रोकथाम के लिए सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनता से बातचीत करतीं जिलाधिकारी वंदना। ● अमृत विचार

### मजदूरों व मशीनों की संख्या बढ़ाने को कहा

गौला पुल लिंक मार्ग की प्रथम फेज की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, लोनिवि ईई को शीघ्र मरम्मत शुरू करने के निर्देश दिए। जितने भी सुरक्षात्मक कार्य हो रहे इसमें मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए। गौलापुल के नीचे जो ब्लाक बने हैं अधिक पानी आने से बह सकते है इस के लिए तकनीक तौर पर उन्हें आपस में जोड़ा जाना प्रस्तावित है, इस काम को तत्काल पूरा कर लिया जाए। इस दौरान डीएफओ दिगंथ नायक, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल साह आदि मौजूद रहे।






**08** चैकडैम बनाए जा चुके हैं जबकि 5 जल्द पूर्ण कर लिए जाएंगे, निरीक्षण में जिलाधिकारी को दी गई जानकारी

# खुली नहरों में सुरक्षा इंतजाम की हकीकत देखने पहुंचीं डीएम

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी

- मामले को लेकर अमृत विचार ने गुरुवार को छापी थी खबर
- डीएम ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** खुली नहरों में सुरक्षा इंतजाम नहीं होने को लेकर अमृत विचार" की ओर से बीते गुरुवार को प्रकाशित विशेष रिपोर्ट "मौत के मोड़ पर खुले हैं नहरों के मुंह, जिम्मेदार मौन" का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। गुरुवार को जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने स्वयं तीनपानी बाईपास के पास स्थित फायर ब्रिगेड के पास दुर्घटनास्थल, कलसिया, रकसिया नाले सहित सभी प्रमुख नहरों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुशीला तिवारी तीनपानी बाईपास पर नहर में सेफ्टी के लिए क्रैश बैरियर का कार्य जो काफी धीमी गति से चल रहा है, उस पर जिलाधिकारी ने कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश लोनिवि के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि फायर भवन के पास जो मोड़ है, उसका चौड़ीकरण किया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके।

इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिंचाई विभाग, लोनिवि (लोक निर्माण विभाग) आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि अमृत विचार ने 3 जुलाई के अपने अंक में स्थानीय जनता की सुरक्षा से जुड़ी इस गंभीर लापरवाही को प्रमुखता से उठाया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि कैसे नहरों के खुले मुंह 'मौत के मोड़' बन चुके हैं और इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए हैं।


मौत के मोड़ पर खुले हैं नहरों के मुंह, जिम्मेदार मौन
नवजात समेत 4 की मौत से नहीं लिया सबक, नहर वाले मुख्य मार्गों पर नहीं किए सुरक्षा इंतजाम, फिर किसी हादसे का इंतजार
अमृत विचार पड़ताल
1 यूओयू से तीनपानी की सड़क पर सुरक्षा नदारद
2 सुशीला तिवारी के पीछे वाली सड़क भी खतरनाक
3 दुर्घटना स्थल पर बैरियर बनाकर झाड़ा पल्ला
4 सुशीला तिवारी मुख्य मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम नदारद
बोले जिम्मेदार



बनभूलपुरा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक। ● अमृत विचार

# रेलवे फाटक बंद हुआ तो वहीं छलकाने लगे जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टाइम मैनेजमेंट शराबियों से सीखिए, लेकिन जरा संभलकर। क्योंकि इन शराबियों के जैसा टाइम मैनेजमेंट करने की जुर्रत की तो संभव है कि रात सलाखों के पीछे गुजरानी पड़ी। इन शराबियों के साथ भी यही हुआ। ये रेलवे के बंद हुए फाटक की वजह से फंस गए तो जाम के बीच में पहले पैग लड़ाया और फिर खुद लड़ने लगे। अंत में पुलिस ने इनकी खातिरदारी की। उन्हें न सिर्फ शर्मिंदगी उठानी पड़ी बल्कि माफी मांगने पर जान छूटी।

पुलिस के मुताबकि, बनभूलपुरा में रेलवे क्रासिंग बंद थी। तभी मोटर साइकिल सवार चार युवक वहां पहुंचे। उन्होंने पहले से ही शराब पी रखी थी। इन युवकों के साथ और तमाम राहगीर फाटक लगने की वजह से फंसे हुए थे। सार्वजनिक स्थान, महिलाओं और लड़कियों की परवाह किए बगैर इन युवकों ने भीड़ के बीच शराब की बोतल, पानी और गिलास निकाल लिया और वहीं पैग बनाकर पीना शुरू कर दिया। वहीं फंसे एक युवक ने जाम छलकाते शराबियों का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा तक पहुंचा तो उन्होंने घटना की जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए।

प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी ने तत्परता दिखाते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान नवाबी रोड निवासी रोहित बिष्ट, नवाबी रोड निवासी क्षितिज सिंह, बिठौरिया निवासी अमित और बागजाला गौलापार निवासी दिलशाद के रूप में की। चारों की हिरासत में लेते हुए उनके वाहनों को सीज कर दिया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# 13 साल के बच्चे ने पुलिस को रातभर दौड़ाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बुधवार को परिवार संग बुध बाजार में गया था खरीदारी को
- पूरे जिले की फोर्स सीमाओं तक चेकिंग में रातभर जुटी रहीं

**अमृत विचार :** परिवार के साथ खरीदारी को बाजार आया एक बच्चा लापता हो गया। परिजनों की काफी तलाश के बाद जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी। लापता बच्चे की खोजबीन के लिए पूरे जिले में अलर्ट जारी किया गया। बच्चे की तलाश में रातभर पुलिस फोर्स दौड़ती रही। सुबह खबर मिली कि बच्चा रामपुर अपने ताऊ के घर पहुंचा है। जिसके बाद पुलिस पूरी कहानी पता कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डहरिया के नीलांचल कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय अनिकेत अपने पिता और मां के साथ बुधवार को बुध मार्केट में सब्जी की खरीदारी करने आया था। इसी दौरान करीब 9 बजे वह शौच के लिए किनारे गया। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक काफी ढूंढखोज के बाद जब उनका बेटा नहीं मिला तो पुलिस को इस बात की जानकारी दी।

पुलिस ने तत्काल मामले में कार्रवाई करते हुए शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में आने वाले थानों को अलर्ट कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने जनपद की सीमाओं पर बच्चे की खोजबीन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। रात तीन बजे तक पुलिस की टीमें बच्चे की तलाश में इधर-ऊधर भटकती रही। लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं लगा।

वहीं अनिकेत के पिता विषम पाल ने बताया कि गुरुवार सुबह दस बजे के आसपास रामपुर, पदमपुर से उनके बड़े भाई का फोन आया कि उसका बेटा अनिकेत उनके यहां पहुंचा है। जिसके बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि बच्चा सकुशल अपने घर आ गया है।

### आखिर कैसे 100 किमी दूर पहुंच गया अनिकेत

परिजनों को हैरानी इस बात की है कि आखिर हल्द्वानी के बाजार से एकाएक उनका बेटा अगले दिन रामपुर कैसे पहुंच गया। इस बात को लेकर सिर्फ परिजन परेशान नहीं हैं बल्कि पुलिस भी सक्ते में है। बच्चे से पूछने पर वह कोई भी बात बताने से गुरेज कर रहा है। परिजनों को शक है कि कहीं उनके बेटे को अगवा करके तो रामपुर नहीं ले जाया गया।

### खिलौना बेचकर कमाए पैसे से गया रामपुर

पुलिस का कहना है कि पूछताछ में एक बात सामने आई है कि बच्चे ने कैंडी नाम का एक खिलौना किसी दूसरे को बेच दिया था। इसके बदले में उसे पांच सौ रुपये मिले। इससे ही वह रामपुर भाग गया। हालांकि पुलिस पूछताछ कर रही है।

# पशु चिकित्सालय में रेबीज के टीके समाप्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय पशु चिकित्सालय में कुत्तों व बिल्लियों को लगने वाले रेबीज के टीके खत्म हो गए हैं। लोगों को अपने जानवरों को टीका लगाने के लिए बाहर से खरीदना पड़ रहा हैं।

कुत्ते और बिल्लियों को तीन से साढ़े तीन माह की उम्र से रेबीज के टीके लगना शुरू हो जाते हैं। रेबीज के टीके लिए पूरा कोर्स करना होता है। पालतू जानवरों को रेबीज का टीका लगाने से उनके काटने से रेबीज फैलने का खतरा खत्म हो जाता है। इधर पशु चिकित्सालय हल्द्वानी में लोग अपने जानवरों को रेबीज का टीका लगाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें बाहर से टीका खरीदना पड़ रहा है। इसकी एक बार की डोज की कीमत 160 रुपये है। इस टीके को निश्चित समय पर बार-बार लगाना पड़ता है। इसके साथ ही जानवरों को दिए जाने वाले अन्य टीके भी खत्म हो गए हैं। कुत्तों को डिस्ट्रेंपर, एडिनोवायरस, पारवोवायरस और पैराइन्फ्लुएंजा के टीके भी लगाए जाते हैं। इनके एक बार की डोज की कीमत 450 से 550 रुपये है। इनको भी बाहर से ही खरीदना पड़ रहा है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके पाठक ने बताया कि टीके फिलहाल नहीं हैं। इसलिए बाहर से मंगाने पड़ रहे हैं।

# एसटीएच में मरीज का हुआ जटिल ऑपरेशन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में रानीखेत निवासी 33 वर्षीय देवेन्द्र नेगी का सफल ऑपरेशन किया। देवेंद्र को पिछले दो साल से चलने में दिक्कत, चक्कर आना व हाथ-पैर सख्त होने की समस्या थी।



डॉ. अभिषेक राज।

एसटीएच में ऑपरेशन के बाद अब वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. अभिषेक राज ने एटलांटो-एक्सियल डिसलोकेशन विद बेसिलर इनवेजिनेशन के बारे बताया कि यह एक चिकित्सा स्थिति है, जिसमें गर्दन के पहले और दूसरे कशेरूक (एटलांटो-एक्सियल) के बीच का जोड़ अपनी जगह से खिसक जाता है और गर्दन की हड्डी दिमाग में घुस जाती है। यह ऑपरेशन अत्यधिक जटिल माना जाता है, जिसमें मरीज की जान भी जा सकती है। मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया है। डॉ. अभिषेक राज ने बताया कि इस प्रकार के अत्यधिक जटिल ऑपरेशन दिल्ली, लखनऊ, चंडीगण जैसे बड़े महानगरों में ही होते है। उक्त ऑपरेशन के लिए निजी चिकित्सालयों में 4-5 लाख रुपये खर्च करने पड़ते लेकिन एसटीएच में यह ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन में न्यूरो सर्जन डॉ. अमित देवल, एनस्थिसिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. एके सिन्हा व नर्सिंग स्टाफ का रहा। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने पूरी टीम को बधाई दी है।

# धमाके के साथ उड़ी बाइक की टंकी, वर्कशॉप लाइन में दहशत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वर्कशॉप लाइन में बुधवार को बाइक में धमाके से दहशत फैल गई। घटना उस वक्त हुई जब एक मिस्त्री बाइक की मरम्मत कर रहा था और तभी धमाके के साथ बाइक की टंकी कई फीट ऊपर उछल गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से बाइक लगभग जल गई।




तिकोनिया स्थित वर्कशॉप लाइन में हैप्पी ऑटो पार्ट्स के बाहर बुधवार को यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि मरम्मत के दौरान एक मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। मोटरसाइकिल की टंकी तेज धमाके के साथ उड़ गई। धमाका इतना जोरदार था कि आस-पास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि हादसे से वर्कशॉप पर सड़क किनारे की जा रही मरम्मत कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

**कवायद** रिटायर हो चुके डैम का रिसाव रोकने को दो साल पहले हुए थे प्रयास, सौ साल की थी मियाद, अब नया डैम बनाने की तैयारी में सरकार

# सैलाब ला सकता है भीमताल डैम, रिटायरमेंट के बाद भी कर रहा काम

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भीमताल झील यानी विक्टोरिया डैम कभी भी सैलाब ला सकता है। अपनी उम्र से 42 साल अधिक जी चुके इस ब्रिटिशकालीन डैम को दो साल पहले बचाने की कवायद भी की गई थी, क्योंकि डैम की पानी रोकने वाली दीवार से पानी का रिसाव शुरू हो गया था। लगभग 142 के हो चुके इस डैम की उम्र 42 साल पहले पूरी हो चुकी है। ऐसे में डैम कब खतरा बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसे देखते हुए अब नया भीमताल डैम बनाने की कवायद शुरू हो चुकी है।

भीमताल डैम को लेकर बुधवार को देहरादून में मैराथन बैठक हुई, जिसमें सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल भी शामिल हुए। बता दें कि वर्ष 1983 में ब्रिटिशकाल में इस डैम का निर्माण कराया गया था और तब इंजीनियर्स ने इस डैम की उम्र 100 वर्ष घोषित की थी। जाहिर है इंजीनियर्स के कहे अनुसार डैम ने न सिर्फ अपनी पूरी उम्र जी बल्कि अब भी मैदानी क्षेत्रों को पीने और सिंचाई का पानी बिना रुके मुहैया करा रहा है। खास बात यह है कि डैम 142 साल का हो चुका है। गुजरती उम्र के साथ अब यह इतना जीर्ण-शीर्ण हो चुका है कि कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। इसकी स्थिति को देखते हुए करीब डेढ़ साल पहले स्टडी वर्क फॉर स्टेबिलिटी ऑफ भीमताल डैम योजना के तहत अध्ययन शुरू किया गया। अध्ययन पर करीब 1.99 करोड़ रुपए खर्च किए गए। दिल्ली की फ्लड कॉन कंपनी ने ये अध्ययन किया। जिसके बाद डैम की दीवार से हो रहे रिसाव को बंद तो कर दिया गया, लेकिन इस पर दावा नहीं किया जा सका कि अभी यह और कितने साल टिक सकता है। डैम की उम्र को देखते हुए अब नया डैम बनाने को लेकर बैठकें शुरू हो चुकी हैं। बुधवार को सिंचाई मंत्री गणेश जोशी ने डैम को लेकर सचिव सिंचाई युगल किशोर पंत और सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल के साथ बैठक की। तय किया गया कि नया डैम बनाने की जरूरत है। इसको लेकर सिंचाई मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल का कहना है कि नया डैम बनाने के प्रपोजल पर काम शुरू कर दिया गया। जितनी जल्दी संभव हो, प्रपोजल सिंचाई मंत्री के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।



### 142 साल पुरानी टेक्नोलॉजी, अब इस्तेमाल होगी मॉर्डन तकनीक

**हल्द्वानी :** मुख्य अभियंता संजय शुक्ल का कहना है कि ब्रिटिशकाल में बनाया यह एक चिनाई डैम है। इसकी चिनाई में पत्थर और चूने का इस्तेमाल किया गया था। भीमताल डैम का क्षेत्रफल 45.3 हेक्टेयर है। इसका जलागम क्षेत्र यानी केचमेंट एरिया 17.12 स्क्वायर किलोमीटर है जबकि डैम की स्टोरेज कैपेसिटी 4.59 मिलियन क्यूबिक मीटर है। अब जो नया डैम बनाया जाएगा, वो मॉडर्न तकनीक से तैयार किया जाएगा। जिसमें सिल्ट खुद-ब-खुद निकालने की क्षमता भी होगी और दीवारें कंकरीट की होंगी। दो दिन पूर्व ही सचिव सिंचाई, युगल किशोर पंत ने भी डैम का दौरा किया था।

### राजा बाज बहादुर चंद ने की थी झील में बने मंदिर की स्थापना

**हल्द्वानी :** भीमताल झील के लगभग किनारे पर भीमेश्वर महादेव मंदिर है। माना जाता है कि ये प्राचीन मंदिर महाभारत काल का है और लगभग 5000 साल पुराना है। 17वीं शताब्दी में राजा बाज बहादुर चंद ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। कहा जाता है कि पांडु पुत्र भीम एक बार यहां से गुजर रहे थे, तभी आकाशवाणी हुई। जिसके बाद उन्होंने अपनी गदा से प्रहार कर पहाड़ के बीच बड़ा गड्ढा बनाया, जो आज झील है और इस झील के किनारे उन्होंने शिवलिंग स्थापित किया। यह घटना तब हुई जब वह हिमालय की यात्रा पर अकेले ही निकल पड़े थे।




## सार-संक्षेप



वन महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद वनाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चोरगलिया :** नंधौर रेंज चोरगलिया के रेंजर एलएस मार्तोलिया व नंदौर नेचर गाइड ईडीसी अध्यक्ष मुकेश पर्गाई के नेतृत्व में वन विभाग व नेचर गाइडों ने वन महोत्सव मनाया। नेचर गाइड अध्यक्ष मुकेश पर्गाई ने बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति साल में एक बार भी एक पौधा लगाएं, तो पृथ्वी हरी भरी हो सकती है। इससे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा और पानी मिलता रहेगा। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर पनिराम, वन दरोगा हरीश बरोलिया, ज्योति जोशी, योगेंद्र यादव, सुरेश सिंह मेहरा, सुनील कुमार, ललिता, पूनम, बीना, प्रियंका, ज्योति, उजाला, दीपा देवी, दीपक आर्य, पूजा पर्गाई, आनंद तिवारी, नितिन, दीपक व विनोद रजत आदि शामिल रहे।

### कांग्रेस नेता को पितृशोक

भीमताल : भीमताल विधान सभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश वृजवासी के पिता पूरन वृजवासी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, डीके डालाकोटी, पूर्व चेयरमेन देवेंद्र चनौतिया, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र वृजवासी, नितेश बिष्ट, कार्तिक कनार्टक, रविंद्र कनार्टक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ .हरीश सिंह बिष्ट आदि ने शोक जताया है।

### दो फेरी वालों के बीच मारपीट, हुई कार्रवाई

नैनीताल : नैनीताल की मॉलरोड पर दो फेरी लगाने वालों के बीच मारपीट में एक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक ने उपचार के बाद कोतवाली में शिकायत की है। बुधवार की देर शाम दो फेरी लगाने वालों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विमारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के बाद सालेश भारद्वाज को छुट्टी दे दी गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि इस मामले में मल्लीताल निवासी जय प्रकाश व सालेश भारद्वाज के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।



प्रबंधक को ज्ञापन देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पार्किंग शुल्क में वृद्धि को लेकर जताई नाराजगी

**नैनीताल :** भाजपा नैनीताल मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक से भेंट की और दो प्रमुख मुद्दों पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सुखाताल स्थित पार्किंग स्थल पर स्थानीय नागरिकों के लिए शुल्क में की गई असंगत वृद्धि को लेकर नाराजगी जताई गई। कहा कि यह पार्किंग मूल रूप से नगर के नागरिकों की सुविधा के लिए बनाई गई थी। ऐसे में उन पर पर्यटकों के समान व्यावसायिक दरें लागू करना अनुचित है। इससे स्थानीय लोगों में भारी असंतोष है। जल्द शुल्क पुन : निर्धारित करने की मांग की गई। इस दौरान नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की समय पर होम डिलीवरी न होने की समस्या भी उठाई गई। नितिन कार्की ने बताया कि उपभोक्ताओं से अग्रिम भुगतान के बावजूद सिलेंडर की डिलीवरी में तीन से पांच दिन तक की देरी हो रही है। इससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल में मनोज जोशी सलाहकार मंडी परिषद, आशीष बजाज, विकास जोशी, जीवंती भट्ट, अरविंद पड़ियार, दयाकिशन पोखरिया, भारत सिंह मेहरा और देवेंद्र बगड़वाल शामिल रहे। वहीं, प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# रामनगर में अवैध रूप से संचालित मदरसा किया सील

## अभी तक एक दर्जन मदरसों पर प्रशासन कर चुका है कार्रवाई

- जांच में वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए मदरसा संचालक
- एसडीएम बोले- लगातार जारी रहेगा यह अभियान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** स्थानीय प्रशासन की ओर से अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ अभियान जारी है। गुरुवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर रामनगर में एक और मदरसे को सील कर दिया है। अब तक एक दर्जन मदरसों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देशन में तहसीलदार मनीषा मारकाना, सहायक अल्पसंख्यक अधिकारी जसविंदर सिंह, पुलिस विभाग से उप निरिक्षक प्रेम बल्लभ जोशी और राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्या, गोविंद अधिकारी व कैलाश चंदोला ने एक मदरसे का औचक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने मदरसा मिफतुल उलूम रामनगर (जामा मस्जिद) के मदरसे के कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया, किंतु मदरसा संचालन के संबंध में मदरसा प्रबंधक वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए। बिना वैध दस्तावेज के मदरसा चलाए जाने पर उसे सील किया गया। उधर इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ प्रशासन का यह अभियान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जारी रहेगा।



मदरसा संचालकों से वार्ता करते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

### वाहन से नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नैनीताल:** मल्लीताल कोतवाली के पास पार्क में खड़े वाहन का शीशा तोड़कर 20 हजार रुपये और अन्य सामान चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

मल्लीताल निवासी गणेश दत्त खुल्बे ने कोतवाली में शिकायत करते हुए बताया था कि उनके घर में शनिवार को भागवत करने कथावाचक राजेंद्र कुमार तिवारी नैनीताल पहुंचे थे। कोतवाली के पास अशोका पार्किंग में पार्क उनके वाहन का शीशा तोड़कर अज्ञात ने कार में रखी नकदी व अन्य सामान चुरा लिया। इसकी जानकारी उन्हें रविवार को हुई। शिकायत के बाद पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उधर इस संबंध में कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि इस चोरी के मामले में केलाभट्टा गाजियाबाद निवासी सुहेल को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी की रकम बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# चेतावनी नजरअंदाज जोखिम में जिंदगी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** नैनीताल जनपद झीलों का जनपद है। यहां पर लगभग एक दर्जन से अधिक बड़े जल स्रोत है। बाहर से ये सब शांत दिखाई देते हैं, लेकिन अंदर से इनकी गहराई की सही जानकारी नहीं होने के कारण यह खतरनाक साबित होते हैं । जिस क्षेत्र में एयरफोर्स के जवानों की डूबकर मौत होने की घटना हुई, वह भी एक परिताल है। इस स्थान में अब तक लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों की डूबकर मौत होने की घटनाएं बताई जा रही हैं। कलसा नदी चाफी में भी कई लोग तैरते समय डूबकर अपनी जान गंवा चुके हैं। सातताल झील के गरुड़ ताल में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें एक विद्यार्थी की मौत हो गई थी। नल दमयंती ताल जोकि तैराक लोगों की मनपसंद झील मानी जाती है। यह बिल्कुल शांत और कम गहरी है। इसके बावजूद इस झील में भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

सभी झीलों के किनारे खतरे को देखते हुए पुलिस की ओर से सूचना बोर्ड लगाए गए हैं। इसके बावजूद लोग चोरी छिपे इन झीलों में जाकर पिकनिक आदि मनाते हैं। जानकारी के अभाव में जल स्रोत में तैराकी आदि भी करते हैं। इस कारण घटनाएं हो रही हैं। **-प्रमोद साह,** सीओ भवाली

#### क्षेत्र में संचार व्यवस्था भी ठप

क्षेत्र में संचार व्यवस्था भी चरमराई हुई है। जिस स्थान पर घटना हुई, वहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है। सूनी जगह होने और आसपास घना जंगल होने के कारण सहायता पहुंचने में भी काफी समय लगा। जवानों के दोस्तों द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने ही पुलिस को घटना के बाबत जानकारी दी। इसके बाद ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

हालांकि इन जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। बावजूद इसके जान जोखिम में डालकर लोग नहा रहे हैं।



रामनगर में एसडीएम से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष व सभासद। ● अमृत विचार

### शांतिपूर्वक निकालें ताजिया जुलूस

**नैनीताल:** मल्लीताल कोतवाली में मोहर्रम को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें मोहर्रम को लेकर पुलिस ने शांतिपूर्वक व समय का ध्यान देते हुए ताजिया जुलूस निकालने की अपील की गई। गुरुवार को मल्लीताल कोतवाली में हुई बैठक में मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्स ने बताया कि मोहर्रम छह जुलाई को मनाया जाएगा। पांच जुलाई को ताजियों का जुलूस मल्लीताल रॉयल होटल से बाजार होते हुए रजा क्लब तक निकाला जाएगा। मोहर्रम के दौरान छह जुलाई को मुख्य जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस रॉयल होटल से मल्लीताल बाजार होते हुए सूखाताल कर्बला में संपन्न किया जाएगा। यहां पर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। इस दौरान एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्र ने मोहर्रम के दौरान पूर्व के निर्धारित नियमों के अनुसार ही समय से व शांतिपूर्वक जुलूस नियत स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में कोतवाल हेम चंद्र पंत, एसएसआई दीपक बिष्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी, अमरप्रीत सिंह, शैलेंद्र सिंह और समीर आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम से की स्लॉटर हाउस खोलने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**रामनगर:** मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ा मीट के लिए स्लॉटर हाउस खोलने की मांग सभासदों की ओर से की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम के नेतृत्व में सभासदों ने एसडीएम प्रमोद कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। पालिकाध्यक्ष और सभासदों ने कहा कि स्लॉटर हाउस बंद हुए काफी समय हो गया है। इससे मुस्लिम समाज के लोगों को बड़ा मीट खाने के लिए बाहर से लाना पड़ रहा है। सभासदों का कहना था कि रामनगर को छोड़कर काशीपुर, हल्द्वानी व कालाढूंगी आदि आसपास के क्षेत्रों में बड़ा मीट मिल रहा है, जबकि रामनगर में काफी समय से बंद है। बताया कि इस समय इस्लामिक मोहर्रम का महीना चल रहा है और तीन से चार दिन के बाद त्यौहार आने वाला है। पालिकाध्यक्ष और सभासदों ने एसडीएम से जल्द से जल्द स्लॉटर हाउस खोलने की मांग की है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि जल्द ही स्लॉटर हाउस खोल दिया जाएगा। इस दौरान शमीम अहमद, सलमान सलमानी, सचिन कुमार, नवीन सुनेजा, राहुल रावत आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र के नेचर गाइड्स ने सीखे पर्यटन संचालन के गुर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व से 15 सदस्यीय नेचर गाइड्स का एक दल तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पहुंचा है। इस दौरान इन नेचर गाइड्स ने पर्यटन संचालन के गुर भी सीखे। भ्रमण का उद्देश्य कॉर्बेट की सफल पर्यटन प्रणाली और गाइडिंग मॉडल को समझना है।

भ्रमण के पहले दिन दल ने जिम कॉर्बेट के घर छोटी हल्द्वानी म्यूजियम का दौरा किया। यहां उन्होंने जिम कॉर्बेट के जीवन और उनके संरक्षण कार्यों को करीब से जाना। उन्होंने छोटी हल्द्वानी में स्थित उत्तर भारत की पहली आयरन फाउंड्री का अवलोकन किया और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। दूसरे दिन कॉर्बेट के नेचर गाइड्स से रुबरु कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन गाइड्स ने बताया कि उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बारे में काफी सुना था। यहां आकर उन्हें पर्यावरणीय प्रबंधन, पर्यटन व्यवस्था और गाइडिंग तकनीकों के बारे में नई जानकारी मिली है।

बताया कि ताडोबा में लगभग 95 से अधिक बाघ हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि इस तरह के आदान-प्रदान से दोनों टाइगर रिजर्व के गाइडों को एक-दूसरे के अनुभव से सीखने का अवसर मिलता है। ताडोबा महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण टाइगर रिजर्व है और वहां से नेचर गाइड्स का कॉर्बेट आना न केवल सहयोग का प्रतीक है, बल्कि पर्यटन और संरक्षण के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन की दिशा में भी एक कदम है।



कॉर्बेट के गाइडों से जानकारी प्राप्त करते महाराष्ट्र के गाइड्स। ● अमृत विचार

### शैलेश को अमेजन से मिला लाखों का पैकेज



**भीमताल, अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बीटेक कंप्यूटर साइंस के अंतिम वर्ष के छात्र शैलेश रौतेला को विश्व की अग्रणी कंपनी अमेजन से 47.88 लाख वार्षिक का आकर्षक पैकेज प्राप्त हुआ है। शैलेश के साथ ही पारुल सिंह, सान्या पांडे और मुकेश नेगी को भी अमेजन से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त कंप्यूटर साइंस विभाग के ही करण मटियाली और मयंक जोशी को वीजा कंपनी से 32.88 लाख वार्षिक का पैकेज प्राप्त हुआ है। वर्ष 2025 के प्लेसमेंट सत्र में कई प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया।



हमले के बारे में जानकारी देते बुजुर्ग। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर बुजुर्ग पर किया चाकू से हमला

**रामनगर :** मालधन चौड़ क्षेत्र में एक युवक ने पड़ोसी बुजुर्ग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम गोपाल नगर नंबर-5 मालधन चौड़ निवासी जोगिंदर पाल ने बताया कि बुधवार रात वह परिवार के सदस्यों के साथ घर में खाना खा रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला एक युवक अचानक उनके घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आया और बिना किसी कारण के चाकू से उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि युवक ने सीधे जोगिंदर पाल के गले पर वार किया। हमले से बचने के लिए बुजुर्ग ने चाकू को हाथ से रोकने की कोशिश की। इससे उनके गले और हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि आरोपी पहले भी झगड़ा कर चुका है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ   सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री साइंस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


## नाबालिग से दुष्कर्म में आरोपी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

- पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** तीन बच्चों के पिता द्वारा एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।

ग्रामवासा थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला साहिद अहमद अक्सर रामनगर में मजदूरी करने के लिए आता था। आरोप है कि उसने एक 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसा लिया और 17 जून को उसे अपने साथ भगा कर ले गया था। परिजनों को पता चला, तो उन्होंने रामनगर कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी। परिजनों ने कोतवाली रामनगर में पूरी घटना बताई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधी धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। पीड़िता का सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

## संगीत की बारीकियां सिखाई

**नैनीताल, अमृत विचार :** भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसपी परिसर के संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि जोशी की ओर से संगीत की बारीकियां सिखाई गई। डॉ. रवि जोशी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1997 में इसी विद्यालय से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की थी। वे एक स्वर्ण पदक विजेता संगीतज्ञ हैं और वह हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में विशेषज्ञता रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुर, ताल व राग की संरचना, बंदिश और गायन शैली के विविध पक्षों की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न शैलियों और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को समझाते हुए छात्रों को रचनात्मकता व आत्म-अनुशासन के लिए प्रेरित किया। उधर, विद्यालय में इन्वेस्टिचर समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 33 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए विशेष बैज प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं कुमाऊं विवि के संगीत विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि जोशी रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य बीएस मेहता व उप-प्रधानाचार्य प्रवीण सती ने की। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अनुशासन, निष्ठा और नेतृत्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, कल्चरल कैप्टन और डिसिप्लिन इंचार्ज आदि पदों पर नियुक्त किया गया।

## नैनीताल जनपद में बारिश का यलो अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अब मानसूनी बारिश का दौर कुछ दिनों के लिए हल्का हो गया है। सात जुलाई तक नैनीताल जिले में बारिश का यलो अलर्ट है। फिलहाल जिले में कई जगह धूप निकल रही है। साथ ही ऊधमसिंह नगर जिले में अगले चार दिनों के लिए कोई भी अलर्ट नहीं है।

इन दिनों कुमाऊं मंडल में मानसून सबसे ज्यादा बागेश्वर जिले में सक्रिय है। यहां जमकर बारिश हो रही है। इसके अलावा पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा और नैनीताल जिले में यलो अलर्ट है। साथ ही यूएसनगर जिले में सात जुलाई की बारिश का अलर्ट नहीं है। अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम पूरे कुमाऊं मंडल में बना रहेगा।

हल्द्वानी में बादल भी छाए और बीच-बीच में धूप भी निकली। धूप काफी तेज निकल रही है। जिस वजह से तापमान में उछाल आया है। अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

#### हल्की बारिश से मौसम रहा सुहावना

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी में धूप छांव व हल्की बारिश के साथ मौसम सुहावना रहा। हालांकि गुरुवार सुबह से दोपहर तक घने बादल आसमान में छाए रहे। इस बीच हल्की बूंदाबांदी कई बार होते रही। घने बादलों के के चलते तेज बारिश की आशंका बनी हुई थी, जोकि हल्की बूंदाबांदी में सिमटकर रह गई। शाम तीन बजे बादल छट गए और चटक धूप निकल आई। मौसम का यह मिजाज राहत देने वाला था। दिन में कई बार कोहरा भी छाया रहा। देर शाम घने बादल पुन : छाने लगे था। इस बीच नैनीझील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है, जोकि 79 .5 फीट पार कर गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 22 प्रतिशत दर्ज किया गया। इधर, नगर में सैलानियों की आमद बेहद कम हो चली है। जिस कारण नगर के पर्यटन स्थलों में सुनसानी छाई रही। नौकायन करने वालों की संख्या में बेहद कमी आ गई है। मालरोड की रौनक भी नदारद रही। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार, फिलहाल सैलानियों की आमद में गिरावट जारी रहेगी। सैलानियों को आकर्षित करने के लिए होटलों के कमरों में 50 फीसद तक छूट दी जा रही है।

# प्रधान के 25 व क्षेपंस. के 27 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## दूसरे दिन नामांकन के लिए काफी संख्या में उम्मीद्वार पहुंचे, सर्वाधिक नामांकन ग्राम पंचायत सदस्यों (वार्ड मेंबर) के लिए हुए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत की सीटों के लिए नामांकन हो रहे हैं। नामांकन के दूसरे दिन प्रत्याशियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी आ गई। सबसे ज्यादा नामांकन ग्राम पंचायत सदस्यों (वार्ड मेंबर) के लिए हुए हैं।

ब्लॉक कार्यालय से जानकारी मिली कि नामांकन सुबह से ही शुरू हो गए। बुधवार की अपेक्षा गुरुवार को नामांकन कराने वालों की ज्यादा भीड़ थी। वार्ड मेंबर के लिए कुल 84 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इनमें आरक्षित वर्ग में 43 महिलाओं और 32 पुरुषों ने नामांकन कराया। साथ ही अनारक्षित वर्ग में दो महिलाओं और सात प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। ग्राम प्रधान पद के लिए कुल 25 प्रत्याशी पर्चा भरने के लिए पहुंचे। इनमें आरक्षित वर्ग में 11 महिलाओं और आठ पुरुषों ने नामांकन कराया।

साथ ही अनारक्षित वर्ग में एक महिला और पांच पुरुषों ने नामांकन कराया है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए नामांकन का काफी जोर रहा। आरक्षित वर्ग में 13 महिलाओं और 10 पुरुषों ने अपना नामांकन कराया। इसके अलावा अनारक्षित वर्ग में तीन महिलाओं और एक पुरुष ने अपना नामांकन कराया है। नामांकन के पहले दिन काफी कम भीड़ थी। प्रधान पद के लिए छह और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। नामांकन कराने का दौर शुक्रवार को भी जारी रहेगा। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी।


विकासखंड कार्यालय हल्द्वानी में गुरुवार को नामांकन के लिए पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### 87 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन पत्र

**कालाढूंगी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कोटाबाग ब्लॉक में गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए 87 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए, जबकि 118 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। रिटर्निंग ऑफिसर मनोज गंगवार ने बताया कि 87 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। अब तक 99 नामांकन पत्र जमा हो चुके हैं। 118 नामांकन पत्रों की ब्रिकी हुई है। इनमें 46 ग्राम प्रधान, क्षेपंस के लिए 25 व वार्ड मेंबर के लिए 47 नामांकन पत्र बिके हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 445 नामांकन पत्र बिके हैं। इस दौरान बीडीओ श्वेता सैनी, नोडल अधिकारी रेखा कोहली व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा ने चार सीटों पर नहीं उतारे प्रत्याशी

**हल्द्वानी :** भाजपा हाईकमान ने ककोड़, बडौन, सूपी, चापड़ व जग्गी बंगर से एक भी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने बताया कि भाजपा की ओर से इन सीटों को स्वतंत्र किया गया है। इन सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं है।

# पंचायत चुनाव के लिए चुनाव चिह्न किए जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव के लिए चुनाव चिह्न जारी कर दिए गए हैं। इन चिह्नों को बाद में प्रत्याशियों को आवंटित किया जाएगा। इन पर मुहर लगेगी और प्रत्याशी का हार-जीत तय हो जाएगी।

जिला पंचायत सदस्य के लिए उगता सूरज, कप और प्लेट, कलम-दवात, कुल्हाड़ी, गिटार, घुड़सवार, चश्मा और छाता चुनाव चिह्न आवंटित होंगे। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए अनार, अंगूठी, ईंट, कटहल, कड़ाही, गेंद व हाकी, चकला-बेलन, चिड़िया का घोसला, जग और जीप चुनाव चिह्न आवंटित होंगे। ग्राम प्रधान प्रत्याशियों को अनाज की बालियां, अनानास, आइस्क्रीम, इमली, कोट, गले का हार, गेंद और घंटी चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। पंचायत निर्वाचन के लिए ग्राम पंचायत सदस्यों को आम, ओखली, अंगूर, केला, सिलेंडर, नल, पपीता, पेंसिल और बल्ला चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि प्रत्याशी अपना मनपसंद चुनाव चिह्न पाने के लिए काफी जोर लगाते हैं। इसको लेकर कभी-कभी असंमजस की स्थिति भी बन जाती है।



### चुनाव-चिह्न के प्रचार प्रसार पर रहता है जोर

**हल्द्वानी :** चुनाव-चिह्न मिलने के बाद प्रत्याशी का भी पूरा जोर इस बात पर रहता है कि मतदाता के दिमाग में पूरी तरह से उसका चुनाव-चिह्न छा जाए। प्रचार के सभी माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार किया जाता है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के विपरीत पंचायत चुनाव में राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों का भी पूरा जोर रहता है।

# दूर बसे अपनों पर टिकी आस चुनाव आते ही बुलाए पास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव का भी अलग रंग होता है। छोटे क्षेत्रों में लड़े जाने वाले इन चुनावों में मतदाताओं की संख्या लोकसभा और विधानसभा चुनाव की अपेक्षा बहुत ही कम होती है। इसलिए प्रत्याशी इस बात पर जोर देते हैं कि जो रिश्तेदार या परिचित दूर हैं, उनको बुलाकर उनका वोट अपने पक्ष में डलवाया जाए। जिससे जीत की आस और भी मजबूत हो सके।

पंचायत चुनाव की तिथियां घोषित हो गई हैं। दो चक्रों में 24 और 28 जुलाई को मतदान किया जाएगा। पहले तो लग रहा था कि अभी पंचायत चुनाव टल जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब प्रत्याशियों ने नामांकन कराना शुरू कर दिया है। इसके बाद जोर इस बात पर है कि अपने पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाए जाएं। इसके लिए प्रत्याशी हर पैंतरा आजमा रहा है। दरअसल ग्राम सभा में वोटरों की संख्या कम ही होती है। पहाड़ों में तो 600 से 900 मतदाता ही एक ग्राम सभा में होते हैं। इस पर औसतन हर ग्राम सभा में तीन से चार प्रत्याशी भी खड़े हो रहे हैं। ग्रामसभा और क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव में जीत और हार का फैसला ज्यादातर बहुत ही नजदीक रह जाता है। इसलिए प्रत्याशी इस बात पर पूरा जोर दे रहे हैं उनके जो रिश्तेदार और परिचित बाहर शहरों में मौजूद हैं, उन्हें मतदान के दिन हर हाल में बुलाया जाए। इसके लिए बकायदा ट्रेनों में अभी से रिजर्वेशन भी करवाए जा रहे हैं।

### अपने सभी रिश्तेदारों को बुलाऊंगा

पर्वतीय क्षेत्र से ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी ने बताया कि उनके करीब 32 रिश्तेदार ऐसे हैं जो मतदाता हैं और इस समय गांव में नहीं हैं लेकिन उनके वोट हैं। इसलिए उनके अभी से ट्रेनों में टिकट करवा दिए गए हैं। जिससे मतदान वाले दिन वह आ जाएं और वोटिंग में हिस्सा लें। ऐसा अन्य प्रत्याशी भी कर रहे हैं। इस तरह का ज्यादा जोर क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान के चुनाव में है।



# मनोरा वन क्षेत्र में किया पौधरोपण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मनोरा वन क्षेत्र के मोरा में गुरुवार को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल चंद्र शेखर जोशी ने पीपल के पौधे के रोपण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर विशेष रूप से पीपल, बड़, तुन, आंवला, जामुन सहित अनेक औषधीय व पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण किया गया।

वन क्षेत्राधिकारी मनोरा मुकुल चंद्र शर्मा, प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल, उप राजिक आनंद प्रकाश सहित मनोरा वन क्षेत्र के समस्त महिला और पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दोहराया और पौधरोपण को एक सामाजिक आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। प्रभागीय वनाधिकारी जोशी ने कहा कि मां के प्रति सम्मान और पर्यावरण की रक्षा दोनों को एक सूत्र में पिरोने वाला यह अभियान एक सशक्त संदेश देता है। हर नागरिक को चाहिए कि कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाएं। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों को पौधों के महत्व और उनके संरक्षण की जानकारी दी। सफल आयोजन के साथ ही नैनीताल वन प्रभाग ने पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक और उल्लेखनीय पहल को साकार किया।


अभियान के तहत पौधरोपण करते वन क्षेत्राधिकारी मनोरा मुकुल चंद्र शर्मा।

# जिपं सदस्य के लिए 20 नामांकन पत्र दाखिल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामांकन जारी हैं। दूसरे दिन गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय नैनीताल में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 20 नामांकन पत्र जमा किए गए।

रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि बुधवार को 103 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी। गुरुवार को दिनभर में जिपं सदस्य पद के लिए 56 नामांकन पत्र खरीदे गए।

इधर, धारी ब्लॉक में ग्राम प्रधान पद के लिए 24, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 9 और जिपं सदस्य पद के लिए एक पर्चा जमा कराया गया, जबकि प्रधान के लिए 25 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 22 नामांकन पत्र खरीदे गए।

### रामनगर में दो दिनों में 140 नामांकन दाखिल

**रामनगर :** रामनगर में दूसरे दिन क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 54, प्रधान के लिए 80 व ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 6 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। अब तक कुल 140 नामांकन हो चुके हैं। रामनगर विकासखंड की चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता प्रिया सैनी ने बताया कि गुरुवार को क्षेत्र पंचायत में 47, प्रधान में 74, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 5 नामांकन दाखिल हुए हैं। नामांकन बिक्री में ग्राम पंचायत सदस्य में 97, ग्राम प्रधान में 20 , क्षेत्र पंचायत सदस्य में 25 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। बताया कि विकासखंड में 133 बूथ बनाए गए हैं।

# गलनी में सड़क नहीं होने पर सिर पर फसल ढो रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ओखलकांडा ब्लॉक के गलनी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने गांव से मुख्य सड़क तक सड़क बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि वन भूमि का अड़ंगा भी नहीं है बावजूद इसके सड़क का प्रस्ताव शासन में धूल फांक रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल बर्गली ने बताया कि ओखलकांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गलनी में लगभग 3,000 की आबादी है। मतदाता सूची में भी लगभग 800 मतदाता पंजीकृत हैं। गांव का क्षेत्रफल भी लगभग 8-10 किमी है। उन्होंने बताया कि गांव के दोनों छोरों पर लोनिवि की सड़क है लेकिन जहां गांव की मुख्य आबादी रहती है, वहीं सड़क नहीं है। मुख्य सड़क खनस्यूं-पतलोट तक आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयां होती हैं। गांव में सड़क नहीं होने से किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि घोड़े, खच्चर का उपयोग करो तो भाड़ा बहुत लग जाता है इसलिए वे सिर पर रखकर फसल को मुख्य सड़क तक लाते हैं। किसानों को फसल हल्द्वानी मंडी पहुंचाने में अत्यधिक खर्च हो रहा है। ग्रामीण लंबे समय से सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं। बर्गली ने बताया कि वर्ष 2023 में सड़क निर्माण के लिए लोनिवि ने प्रस्ताव शासन को भेजा है लेकिन तब से मामला कागजों में ही धूल फांक रहा है। यह भी बताया कि ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से सड़क निर्माण की गुहार लगाई थी बावजूद इसके अभी तक काम नहीं हुआ है। उन्होंने जल्द ही सड़क के लिए केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा को मांग पत्र सौंपने की बात की। साथ ही कहा कि प्रस्तावित सड़क निर्माण में वन विभाग की भूमि का कोई भी हस्तक्षेप नहीं है, सिर्फ शासन स्तर पर स्वीकृति की जरूरत है।




इनरव्हील क्लब के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब को विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार मिले

**हल्द्वानी :** इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 311 की 55 वी असेंबली हरिद्वार में इनर व्हील क्लब हल्द्वानी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नीलू सिंह ढाकरे ने पुरस्कार वितरित किए। हल्द्वानी की इंदु पांडेय को प्लेटिनम प्रेसिडेंट, डायमंड क्लब, हैप्पी स्कूल को आईएलएलएम, बेस्ट प्रोजेक्ट, निवेदिता पांडेय को गोल्डन सेकेट्री, नीरजा वोरा को शायनिंग सीजीआर, मधुर अग्रवाल को शायनिंग जेडपीसी सहित कई पुरस्कार मिले। इसमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए प्रेसिडेंट ज्योति महिपाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुरुचि सक्सेना को चुना गया। इस दौरान लिली सिंह, अमिता मेहरा, सुशीला भाकुनी, सुनीति कपूर, अमिता पांडे, दीपा तिवारी, कुसुम कुंजवाल, रितु, प्रीति, राशि, कल्पना, मन्जू, रीता, प्रिया, चम्पा, प्रतिभा मौजूद रहीं।

# हॉकी टीम के लिए 9 को होगा ट्रायल

**हल्द्वानी :** हॉकी उत्तराखंड के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चेन्नई में होगी। इसी तरह 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 23 अगस्त तक जालंधर, पंजाब में होगा। दोनों ही टूर्नामेंट में उत्तराखंड की टीमें हिस्सा लेंगी।

कहा कि दोनों टूर्नामेंट की टीमों के चयन के लिए 9 जुलाई को मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में ट्रायल होगा। सब जूनियर वर्ग में 1 जनवरी 2009 व जूनियर वर्ग में 1 जनवरी 2006 की जन्मतिथि निर्धारित की गई है। खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में रजिस्ट्रेशन के साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट, आधार कार्ड, दो फोटो लाना अनिवार्य है।

# इंस्पिरेशन ने मनाया स्थापना दिवस

- सभा में कुलगीत गाकर विद्यार्थियों में भरी सकारात्मक ऊर्जा
- बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत करने के साथ कविता भी पेश की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल ने गुरुवार को अपना 26वां स्थापना दिवस मनाया। जिसमें विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्या ममता तनेजा, कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मंच का संचालन करते हुए कक्षा 12 की छात्रा उन्नति जोशी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम को एक विशेष प्रार्थना सभा के रूप में मनाया गया, जिसमें सबसे पहले स्कूल का कुलगीत गाकर विद्यार्थियों में स्कूल के प्रति सकारात्मकता से भरी ऊर्जा को संचालित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 12 द की छात्रा गर्विता सुयाल ने अपने विचार से सभी को शुभकामनाएं भेट की। इसके बाद विद्यालय की उपलब्धियों व भविष्य की कल्पनाओं के साथ कक्षा 11 की छात्रा युक्ति तिवारी और अदिति मिश्रा ने अपने वक्तव्यों से सभी को मोहित किया। साथ ही कक्षा 12 की छात्रा श्रेयसी पलानी ने एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया और विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने सभी को शुभकामनाएं दीं।


कार्यक्रम में मौजूद चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया व प्रधानाचार्य अनुराग माथुर।

### उत्थान मंच में 12 से 16 जुलाई तक होगा हरेला मेला

**हल्द्वानी :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की ओर से हरेला पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंच ने बैठक कर मेले की रुपरेखा तैयार की। मंच कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को हीरा नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि पर्वतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान हरेला मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला 12 से 16 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर दुकानें भी आवंटित की जाएंगी। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद के कार्यक्रम भी होंगे। इसी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने विभिन्न दलों के कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हरेले मेल को आकर्षक व भव्य बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में हुकुम सिंह कुंवर, देवेंद्र तोलिया, कैलाश चंद्र जोशी, शोभा बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, पुष्पा सम्मल, संदीप भैसोड़ा, बृजमोहन बिष्ट, यशपाल टम्टा, ऋतिक आर्य, चंद्रशेखर परगई, संजय कनेरा, भुवन जोशी आदि उपस्थित रहे।


पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

**लापरवाही** पड़ताल के दौरान विद्युत विभाग की लापरवाही आई सामने, शहर में कई जगह झुके बिजली के पोल आसपास के लोगों के लिए बने हैं खतरा

# तारों का मकड़जाल व जर्जर बिजली के पोल दे रहे बड़ी दुर्घटना को दावत

अमृत विचार पड़ताल

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में जगह-जगह झुके और जर्जर हालत में खड़े बिजली के पोल और तारों का मकड़जाल अब लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। मानसून का मौसम शुरू हो चुका है और बारिश के साथ ही इन पोलों के गिरने का डर और भी बढ़ गया है।

सड़कों के किनारे टेढ़े-मेढ़े पोल बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। कई पोल इतने कमजोर हो चुके हैं कि हल्की हवा या बारिश में उनके गिरने की पूरी आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद बिजली विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इन खंभों के पास से गुजरते समय राहगीरों और वाहन चालकों को हर पल खतरे का एहसास होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बारिश के समय जब जमीन नरम हो जाती है, तब यह कमजोर पोल और भी अधिक अस्थिर हो जाते हैं। ऊपर से जर्जर तारों और खुले कनेक्शन की वजह से करंट फैलने का भी खतरा रहता है, जो जानलेवा हो सकता है। अमृत विचार ने जब शहर में पड़ताल की तो, इस दौरान कई पोल जर्जर और झुके हुए मिले। शहरवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग तत्काल सर्वे कर ऐसे पोलों को बदले या फिर सुरक्षा के उपाय करे।


मस्जिद के सामने लगभग आधा झुका बिजली का पोल।। ● अमृत विचार


ललित महिला इंटर कालेज के पास टेढ़ा हो गया बिजली का पोल। ● अमृत विचार


बिजली का पोल जो टेढ़ा होकर घर की दीवार से टकरा गया। ● अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन को जाने वाली रोड पर भी खतरा


बनभूलपुरा से रेलवे स्टेशन को जाने वाली रोड पर एक घर के ठीक सामने बिजली का पोल मकान की तरफ झुका हुआ है। जो एक तेज हवा के झोंके पर कभी भी घर पर गिर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों में भी इसे लेकर विभाग के प्रति नाराजगी है। उनका कहना है कि विभाग बिजली का बिल तो समय पर देता है, लेकिन धरातल में कार्य नहीं किया जाता है।

### मस्जिद के ठीक सामने आधा झुका पोल

बनभूलपुरा से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली रोड में मस्जिद के ठीक सामने सड़क पर लगा पोल एक तरफ को झुक गया है। इस पोल के कभी भी गिरने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे खतरे को लेकर विभाग से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### मकान पर झुका पोल बना खतरे का सबब

बनभूलपुरा स्थित ललित आर्य इंटर कॉलेज के सामने भी खतरा बना हुआ है। यहां पोल मकान की ओर झुका हुआ है। स्कूल के सामने होने से इस पोल से स्कूल जाने और छुट्टी के दौरान बच्चों पर भी खतरा बना हुआ है। पोल को जल्द से जल्द हटाए जाने की जरूरत है। वरना कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।


सरगम टाकीज के पास बिजली के पोल में बिछा तारों का मकड़जाल।


बिजली कार्यालय के ठीक बगल में बिजली का पोल नीचे से गल गया है।

### रामपुर रोड में तारों का मकड़जाल बना खतरा

सरगम टॉकीज के पास, बनभूलपुरा में स्थित पोलों पर तारों का मकड़जाल लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। मानसून के दौरान तेज बारिश और आंधी-तूफान होने पर तारों का मकड़जाल टूटकर जमीन पर गिरने से खतरा हो सकता है। इन तारों को जल्द से जल्द बंचिंग केबल में बदलकर या अन्य सुरक्षा इंतजाम करना जरूरी है।

### खोखला पोल नहीं हटा रहा विभाग

टीपीनगर स्थित बिजली कार्यालय के सामने खोखला पोल विभाग की पोल खोल रहा है और दीया तले अंधेरा वाले मुहावरे को चरितार्थ कर रहा है। कार्यालय के सामने स्थित बिजली का पोल नीचे से पूरी तरह खोखला हो चुका है और कभी भी गिर सकता है।

## एक नजर

### दीवार में कील ठोकने को लेकर पड़ोसियों में मारपीट

**बाजपुर :** दीवार में कील ठोकने को लेकर पड़ोसियों में मारपीट हो गई जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पक्षा ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आर्यनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी आशीष सक्सेना ने पुलिस को बताया कि दो जुलाई की देर रात करीब 10 बजे पड़ोसी उनकी दीवार की ओर कील ठोक रहा था। जिसके चलते घर के अंदर दीवार से प्लास्टर छूटकर गिर गया था। इस पर आशीष ने पड़ोसी से कहा कि भविष्य में उसके घर में कार्य होने पर इसी प्रकार की कोई क्षति होती है तो पड़ोसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। आरोप है कि इतना सुनते ही पड़ोसी युवक, उसकी पत्नी एवं मां आग-बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर पांच माह की गर्भवती पत्नी शालिनी सक्सेना एवं मां शिवाली सक्सेना के साथ भी मारपीट की। घटना में आशीष के साथ ही उसकी पत्नी शालिनी के चोटें आई हैं। दोनों को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

### सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0167316 की मार्कशीट व सनद वास्तव में कहीं खो गई है। **मनोज पुत्र रामलाल, भूड़ा, देवरिया, किच्छा, ऊधम सिंह नगर।**

### सूचना

मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में नाम MD ATIF RAZA SAIFI गलत अंकित है। सही नाम MOHD ATIF RAZA SAIFI है। सही नाम से जाना जाये। **अकील अहमद, निवासी निकट छोटी मस्जिद, किच्छा, ऊधम सिंह नगर।**

### सूचना

हमारा पुत्र संतोष कुमार गुप्ता, पुत्रवधू गुड़िया हमारा कहा नहीं मानते, अभद्र व्यवहार करते हैं। जिससे आहत होकर हमें इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। **रामरतन व भागमती, निवासी गरियाबाग, किच्छा, ऊधमसिंह नगर।**

# काशीपुर में 964 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री, 74 किए गए जमा

## प्रधान पद के लिए 277, पंचायत सदस्य के लिए 410 व बीडीसी के लिए 277 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, रुद्रपुर में भी नामांकन के लिए उमड़े रहे उम्मीदवार

संवाददाता, काशीपुर/रुद्रपुर

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत चौथे दिन तक कुल 964 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। तीन न्याय पंचायत के लिए ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य व बीडीसी के लिए चार दिनों में कुल 964 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। सिंचाई विभाग के ईई/रिटर्निंग ऑफिसर अजय कुमार जॉन ने बताया कि काशीपुर ब्लॉक में तीन न्याय पंचायत कुंडेश्वरी, खड़कपुर देवीपुरा व बांसखेड़ा आती हैं। पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की बिक्री के क्रम में चौथे दिन तक प्रधान पद के लिए 277, पंचायत सदस्य के लिए 410 व बीडीसी के लिए 277 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। जबकि कुल 74 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रधान के लिए 37, बीडीसी के लिए 21 नामांकन पत्र जमा हुए हैं। जबकि पंचायत सदस्य के लिए 16 नामांकन पत्र जमा हो चुके हैं।

उधर, रुद्रपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया दूसरे दिन भी जारी रही। नामांकन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। गुरुवार को दूसरे दिन भी नामांकन स्थलों पर उम्मीदवारों और समर्थकों की भीड़ उमड़ी रही।


रुद्रपुर के जिला पंचायत में नामांकन पत्र दाखिल करते उम्मीदवार। ● अमृत विचार


खटीमा के विकासखंड में नामांकन पत्र जमा कराने को खिड़की पर लगी लंबी कतार में खड़े प्रत्याशी। ● अमृत विचार

# भाजपा ने 14 सीटों पर समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की

संवाददाता, काशीपुर

- **बरीराई व बाजपुर गांव की सीटों को स्वतंत्र छोड़ा गया**
- **प्रत्याशियों ने नामांकन करने की तैयारी शुरू की**

**अमृत विचार:** भाजपा ने काशीपुर जिले की जिला पंचायत सदस्य की 14 सीटों पर अपने समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दो सीटों को स्वतंत्र छोड़ा गया है। वहीं, प्रत्याशियों ने नामांकन करने की तैयारी शुरू कर दी है।

जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति एवं जिला चुनाव समिति से चर्चा के बाद काशीपुर जिले के जिला पंचायत वार्डों के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। बताया कि वार्ड संख्या 19 बरीराई एवं वार्ड संख्या 27 बाजपुर गांव को स्वतंत्र रखा गया है। इन वार्डों में पार्टी की ओर से कोई प्रत्याशी नहीं होगा। बताया कि वार्ड संख्या 18 खटोला (अनुसूचित जनजाति) राकेश सिंह, वार्ड संख्या 20 खेमपुर (सामान्य) सिल्की खेड़ा, वार्ड 21 गदरपुर (ओबीसी महिला)




परमजीत कौर, वार्ड 23 रतनपुर (ओबीसी) रोशन लाल उर्फ टिंकू तोमर, वार्ड 24 टांडा आजम (सामान्य) गुलशन कांबोज, वार्ड 25 भीकमपुरी (महिला) परमजीत कौर, वार्ड 26 हरसान (सामान्य) कमल भट्ट, वार्ड 28 प्रतापपुर (अनुसूचित जाति महिला) बीना आर्य, वार्ड 29 बांसखेड़ा खुर्द (अनुसूचित जाति महिला) रीना जाटव, वार्ड 30 ढकिया कला (अनुसूचित जाति महिला) सुरेंद्र कौर, वार्ड 31 पतरामपुर (ओबीसी महिला) रविंद्र कौर, वार्ड 33 नारायणपुर (महिला) कामिनी सिंह, वार्ड 34 सरवरखेड़ा (सामान्य) बृजेश कुमार, वार्ड 35 बैलजुड़ी (अनुसूचित जाति) हुकुम सिंह को समर्थित उम्मीदवार घोषित किया गया है।

## दो दिनों में कुल 355 नामांकन दाखिल

**खटीमा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत विकासखंड में ग्राम प्रधान, छेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा वार्ड सदस्य के पदों के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को सुबह से ही भारी गहमागहमी रही। प्रत्याशियों को नामांकन जमा करने के लिए कतारों में लंबा इंतजार करना पड़ा। विकासखंड परिसर में नामांकन प्रक्रिया दूसरे दिन जारी रही। दूसरे दिन नामांकन पत्र जमा कराने के लिए प्रत्याशियों के साथ ही प्रस्तावकों की सुबह से ही लंबी कतारें लगने लगी थीं। स्थिति यह रही कि समयावधि समाप्त होने के बाद भी परिसर में मौजूद प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा किए गए। ग्राम प्रधान पद के लिए बृहस्पतिवार को 159 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए आज के 53 सहित कुल 86 और ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए 85 सहित कुल 110 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। चुनाव अधिकारी आनंद सिंह नेगी ने बताया कि पिछले दिन 112 और आज 243 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया चार और पांच जुलाई को जारी रहेगी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# चुनाव को लेकर उक्रांद ने किया विचार विमर्श

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत चुनाव सहित अन्य मुद्दों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय पदाधिकारियों ने किच्छा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया।

उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, केंद्रीय विशेषाधिकार समिति सदस्य रविंद्र वशिष्ठ, केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला की टीम चार दिवसीय उधम सिंह नगर भ्रमण के दौरान नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित कार्यालय पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने महिलाओं, युवाओं, छात्रों तथा व्यापारियों सहित किसानों से वार्ता कर उनके मन की बात को जाना और कई बिंदुओं पर चर्चा की। केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं तराई प्रभारी चौधरी ब्रजवीर सिंह ने कहा कि भाजपा शासन से जनता संतुष्ट नहीं है और जनता ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है, आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड क्रांति दल पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। वरिष्ठ नेता रविंद्र वशिष्ठ ने कहा कि 25 वर्षों में उत्तराखंडियों ने अपने क्षेत्रीय दल को भुला कर आज उत्तराखंड को एक बहुत बड़े संकट में डाल दिया है जिसके परिणाम निरंतर बेरोजगारी, अपराध, महिलाओं, नाबालिग बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं सामने आ रही है और प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड को राज्य आंदोलन की तरह मिलकर अपने क्षेत्रीय दल यूकेडी को मजबूत करना होगा, तभी एक स्वस्थ उत्तराखंड की कल्पना की जा सकती है और सभी के हक सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान सरदार हरजाप सिंह, अशोक सिद्धू, आनंद सिंह, राम सिंह धामी, जगदीश सिंह, शिव सिंह रावत, जीवन सिंह नेगी, प्रदीप गहतोड़ी, भानु मेहरा, दीपू ठाकुर, कांति भाकुनी, आनंद सिंह, ओमप्रकाश कश्यप आदि मौजूद रहे।



किच्छा में जानकारी देते उक्रांद के वरिष्ठ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# प्रथम रेंडमाइजेशन में 7135 कार्मिकों की तैनाती

- **सॉफ्टवेयर में किया गया था 8500 मतदान कार्मिकों का डाटा फीड, सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुई रेंडम तैनाती**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नितिन सिंह भदौरिया की उपस्थिति में पंचायत निर्वाचन कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया।

गुरुवार को प्रथम रेंडमाइजेशन के लिए सॉफ्टवेयर में जिले के कार्मिकों की डाटा फीडिंग की गई थी। जिनमें से प्रथम रेंडमाइजेशन में निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराए जाने के लिए 7135 कार्मिकों की रेंडम तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल संचालन के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की नियुक्ति के लिए रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी त्रिस्तरीय पंचायतों में निर्वाचन कार्यों को संपन्न कराए जाने के लिए कुल 8500 मतदान कार्मिकों का राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से तैयार सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग का कार्य किया गया था। जिले में निर्वाचन मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराए जाने के लिए रिजर्व सहित कुल 7135 कार्मिकों की तैनाती की गयी। जिसमें से 2239 महिला कार्मिक शामिल हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी व नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य, अनिल कोली आदि मौजूद रहे।


निर्वाचन कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# 7.25 लाख की मशीन खरीद प्रकरण की याचिका खारिज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दीवानी प्रकरण को फौजदारी में तब्दील किए जाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद वादी की याचिका को खारिज कर दिया है।

परिवादी की ओर से एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि तीनपानी डाम निवासी शांतनु कुमार ने दायर याचिका में बताया था कि शिमला पिस्तौर में उसकी मैसर्स अर्जुन इंडस्ट्रीज के नाम से फर्म है। वर्ष 2023 में उसके द्वारा 18 फीसदी टैक्स के साथ दो मशीनें 7.23 लाख में खरीदी थी। डिलीवरी होने के बाद मशीन को चालू करते ही कुछ समय बाद बंद हो गई। मैकेनिक पड़ताल में पता चला कि मशीन पुरानी है और नई बताकर रकम ली गई थी। जब प्रकरण की शिकायत जयश्री मशीन टूल्स प्राइवेट लिमिटेड मेरोड़ा लोधिका राजकोट के किशन हरसोरा, विवेक हरसोरा और सागर हरसोरा से की तो टालमटोल करने के बाद संपर्क बंद कर दिया। जिसके बाद वादी ने कोतवाली पुलिस व निचली अदालत में याचिका दायर की। वहीं अदालत ने प्रकरण फौजदारी का नहीं, बल्कि दीवानी का बताते हुए याचिका खारिज की। इसके बाद वादी ने फिर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद्र आर्य की अदालत में मुकदमा पंजीकृत किए जाने की याचिका दायर की। जहां एडीजीसी ने मुकदमा नहीं किए जाने को लेकर बहस की। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

# भाजपा की सदफ मलिक ने दिखाया दमखम

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के बीच राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर हैं। जिला पंचायत बिड़ोरा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने सदफ मलिक को अपना अधिकृत समर्पित प्रत्याशी घोषित किया है। नामांकन के दिन सदफ मलिक ने सैकड़ों समर्थकों के साथ रुद्रपुर जिला पंचायत भवन पहुंचकर जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया और नामांकन पत्र दाखिल किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच उनका स्वागत किया गया, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया। नामांकन के बाद सदफ मलिक ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है, मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की आभारी हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें अपार समर्थन दे रही है और वह उनकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। सदफ मलिक ने वादा किया कि अगर जनता ने सेवा का अवसर दिया तो बिड़ोरा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगा और जन समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार का इस सीट पर बीते दस वर्षों से मजबूत जनाधार रहा है, हालांकि इस बार परिसीमन के चलते चुनावी समीकरण कुछ बदले जरूर हैं, लेकिन जन समर्थन पहले से कहीं अधिक दिखाई दे रहा है। उनके नामांकन ने अन्य प्रत्याशियों की चिंता जरूर बढ़ा दी है और चुनावी मुकाबला रोचक होने के संकेत देने लगा है।


बिडौरा सीट से नामांकन पत्र भरने के बाद रैली निकालतीं प्रत्याशी सदफ़ मलिक।

# सैन्य सम्मान के साथ एनएसजी कमांडो को दी अंतिम विदाई

संवाददाता, दिनेशपुर

- **जवान का पार्थिव शरीर जयनगर नंबर-चार पहुंचते ही माहौल गमगीन, पुष्प चक्र अर्पित कर जवानों ने दी सलामी**

**अमृत विचार:** भारतीय सेना के एनएसजी में तैनात कमांडो दीपक जोशी चेन्नई (मद्रास) से एक माह की छुट्टी पर अपने घर जयनगर नंबर-चार आया था। वह अपने मित्र के साथ बाइक से मुक्तेश्वर घूमने गया था। लौटते समय बुधवार को छलड़ी के पास पिकअप से जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में जवान की मौके पर मौत हो गई। जवान को कृष्णा हॉस्पिटल हल्द्वानी लाया गया, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


दीपक जोशी। (फाइल फोटो)

गुरुवार को उनके निवास जयनगर नंबर- 4 में राजकीय सम्मान के साथ दीपक जोशी के पार्थिव शरीर को सैनिकों द्वारा सैन्य सम्मान से विदाई दी गई। पार्थिव शरीर को देखकर माता ममता जोशी बेसुध हो गई। पिता पूर्व सैनिक रविंद्र जोशी व छोटा भाई मनीष जोशी का रो-रो कर बुरा हाल था। सैकड़ों नम आंखों ने सैनिक दीपक जोशी को अंतिम विदाई दी। संस्कार चित्रशिला घाट रानीबाग में किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, जिपं उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, समाजसेवी जगदीत सिंह विर्क, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, भाजपा नेत्री कविता नेगी, धीरज पंत, पंडित कैलाश त्रिपाठी, कांग्रेस नेता दिनेश पंत सहित दर्जनों ग्रामीण व पूर्व सैनिक मौजूद थे।


दिनेशपुर के जयनगर- चार में एनएसजी कमांडो दीपक जोशी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते सैन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### सर्प दंश से महिला की मृत्यु, परिवार में कोहराम

**बाजपुर :** सर्प दंश से महिला की मृत्यु हो गई जिसकी जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं परिवार के लोग बिना कोई पुलिस कार्रवाई के शव सरकारी अस्पताल से लेकर चले गए हैं। उमरी फार्म ज्वालापुर बिलासपुर रामपुर उप्र निवासी सुनीता (35) पत्नी सिटना बुधवार की देर सायं घर के बाहर काम कर रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच महिला को सांप ने काट लिया, जिसकी जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। देर रात करीब 10.45 बजे महिला को सरकारी अस्पताल बाजपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई के सरकारी अस्पताल से शव लेकर चले गए हैं। परिजनों के लिखित में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की लिखित सूचना देने के बाद ही उन्हें चिकित्सीय टीम ने शव ले जाने दिया।

### रुद्रपुर का गैंग संगठित तौर पर कमीशन पर ले जा रहा युवाओं को, कसीनो में गंवा रहे गाढ़ी कमाई, पुलिस और खुफिया तंत्र सक्रिय

# कसीनो की मायावी दुनिया में कंगाल हो रहे तराई के व्यापारी

मनोज आर्या, रुद्रपुर




**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जिले में जरायम का एक अलग स्याह चेहरा सामने आ रहा है। बनबसा से सटे नेपाल के इलाके में कसीनो की भी एक अलग ही मायावी दुनिया चल रही है। जहां तराई भाबर के व्यापारी कंगाल हो रहे हैं। लंबे समय से यह खेल चल रहा है, लेकिन अब इसके साइड इफेक्ट बढ़ने लगे हैं तो चर्चा का विषय बन रहा है।

दूसरों के घर उजाड़कर अपने घर खुशहाल करने का यह दोहरा खेल है ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ प्रभावशाली लोगों का। इन प्रभावशाली लोगों ने बनबसा से सटे नेपाल के इलाकों में कसीनो क्लब में अपनी पैठ बढ़ा ली है। नेपाल में स्थानीय लोगों के कसीनो में प्रतिबंध होना बताया जाता है। इसलिए इन कसीनो को चलाने के लिए कमीशन बेस गैंग भी बन गए हैं। ये गैंग संगठित तौर पर तराई भाबर के युवा व्यापारियों को इन कसीनो में ले जा रहे हैं। जहां व्यापारी व युवा अपनी और अपनों की मेहनत की गाढ़ी कमाई लुटा कर रातों रात बर्बाद हो रहे हैं।

पुलिस और खुफिया तंत्र भी अब इस सिंडिकेट को तोड़ने के लिए सक्रिय हो गया है। यह मायावी दुनिया बसने से पहले अक्सर तराई भाबर के धनाढय वर्ग के लोग बाहरी देशों की ओर रुख करते रहे हैं, लेकिन करीब 6-7 साल में इसका चलन तेजी से बढ़ा है। तराई भाबर में फैल चुके रुद्रपुर बेस गैंग ने रुद्रपुर, गदरपुर, किच्छा के अलावा सीमावर्ती एरिया बिलासपुर के धनाढय युवाओं को शिकंजे में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार यदि रविवार और सोमवार की रात इन कसीनो में जाया जाए तो सबसे ज्यादा ऊधमसिंह नगर या फिर सीमावर्ती बिलासपुर के युवाओं का जमघट लगा मिलेगा। शाम ढलते ही इन कसीनो में युवा व्यापारियों का पहुंचना शुरू हो जाता है और फिर शुरू होता है मायावी रात का काला सच। जो अपनी मेहनत की कमाई से कसीनो में कॉइन खरीदते हैं और एक बार अंदर प्रवेश करने के बाद सारा पैसा लुटा कर ही वापस आते हैं।

#### ऐसे काम करता है नेटवर्क

**रुद्रपुर :** सूत्रों के अनुसार धनाढय वर्ग के लोगों को इन कसीनो में ले जाने वाला नेटवर्क इन लोगों द्वारा खरीदे गए कॉइंस पर 10-12 फीसदी कमीशन लेता है। एक बार कसीनो का ऐसा चस्का लगता है जो हार-जीत के मायाजाल में फंसकर बर्बाद होकर ही छूटता है। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार, तराई भाबर के खासतौर पर रुद्रपुर शहर में यह भी चर्चा है कि अमीर होने के सपने दिखाकर कसीनो में बर्बादी की पटकथा लिखने वाला कोई दोस्त या परिचित ही बनता है, जो कहीं न कहीं इस नेटवर्क से जुड़ा होता है। कहा तो यहां तक जाता है कि धनाढय वर्ग के लोगों को किसी झंझट से बचने के लिए इन कसीनो में ले जाने तक भी सुविधा दी जाती है। फिर इस आधुनिक जुआघर में झोंककर किसी दूसरे शिकार की तलाश में लग जाता है।

#### सुसाइड या जरायम ही रास्ता

**रुद्रपुर :** कसीनो में सब कुछ लुटाने के बाद जब मायाजाल का भ्रम टूटता है तो इसमें फंसा व्यापारी या युवा आर्थिक स्थिति से उभरने के लिए संघर्ष करता है। अपने आपको फिर से सामान्य जिंदगी में लाने के प्रयास होते हैं। इसमें सफल न होने पर सुसाइड या फिर जरायम में कदम रखने के सिवाय कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आता है। ऐसे ही कुछ मामले भी देखने को मिले हैं, जहां कई युवा कर्ज होने के कारण जान गंवा चुके हैं या फिर अपराध में उतर चुके हैं।



पड़ोसी देश नेपाल के कसीनो में स्थानीय भारतीय व्यापारी जाते हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। कारण खुफिया तंत्र की भी यह रिपोर्ट है। चूंकि मामला पड़ोसी मुल्क से जुड़ा है तो आवाजाही पर भी रोक नहीं लगाई जा सकती है। कैसीनो के इस खेल में जिस आपराधिक नेटवर्क की संलिप्तता की बात सामने आ रही है उस पर नकेल कसने के प्रयास हो सकते हैं। इस संबंध में बनबसा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ वार्ता कर जल्द ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-मणिकांत मिश्रा,** एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

# एसटीएफ ने बाढ़ग्रस्त टापू से दबोचा दुष्कर्म का आरोपी

### 11 माह से फरार 15 हजार का इनामी बिहार के सहरसा से गिरफ्तार

शिकंजा

संवाददाता, रुद्रपुर/देहरादून


दुष्कर्म के आरोपी के साथ एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पिछले 11 माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के इनामी आरोपी को आखिरकार एसटीएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद बिहार के सहरसा से गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म का आरोपी सहरसा के अति दुर्गम इलाके में छिपकर रह रहा था। पुलिस ने उसे देहरादून न्यायालय में पेश कर दिया है।

गुरुवार को एसटीएफ एसएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि अगस्त 2024 को देहरादून में किराए पर रहने वाले गांव विल सिरवर महिषी सहरसा बिहार निवासी नीतीश चौधरी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था और फरार हो गया था। काफी प्रयास के बाद भी आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने 15 हजार का इनाम घोषित कर दिया और धरपकड़ की जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप दी।

एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह की टीम ने तकनीकी और मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से तलाश शुरू कर दी थी। 26 जून को सुरागरसी के आधार पर बिहार के सहरसा इलाके में डेरा डाल दिया था। खोजबीन के दौरान पता चला कि इनामी नीतिश चौधरी सहरसा के थाना कनरिया के एक टापूनुमा गांव में रहता है। नदी पार कर ही वहां तक जाना संभव है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित कर एसटीएफ नाव के माध्यम से टापू तक पहुंची और दबिश देकर इनामी एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने आरोपी को देहरादून न्यायालय में पेश कर दिया है।

#### बार-बार बदल रहा था नंबर

**रुद्रपुर :** अगस्त 2024 में देहरादून के प्रेमनगर में रहने के दौरान आरोपी नीतिश एक कंपनी में दिहाड़ी मजदूरी करता था और घिनौनी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। कंपनी में अंकित मोबाइल नंबर को ट्रेस किया तो मोबाइल बंद आने लगा। एसटीएफ ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि उसने छह सिम बदले और सहरसा के कनरिया स्थित टापू पर रहने लगा। आरोपी को यह नहीं पता था कि एसटीएफ नदी पार कर गिरफ्तारी भी कर सकती है।

## चौड़ी नदी.. और एक किमी का सफर

संवाददाता, रुद्रपुर


कुछ इस तरह से नाव में बैठकर पार की थी नदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 15 हजार के इनामी एवं दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के पीछे की परिस्थिति बेहद विकट थी। जिस सहरसा के टापू पर आरोपी छिपा बैठा था वह बिहार के सहरसा का इलाका बाढ़ ग्रस्त होने के साथ-साथ काफी कष्ट भरा था। कारण जिस टापू पर एसटीएफ की संयुक्त टीम को जाना था वह चौड़ी एक किलोमीटर नदी का सफर था। साथ ही आवाजाही के नाम पर महज नाव ही एक सहारा था।

एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि एक माह की भौतिक एवं तकनीकी विश्लेषण के बाद पता चला कि इनामी आरोपी सहरसा बिहार में छिपा बैठा है। 28 जून को टीम रवाना हुई और दिहाड़ी-मजदूर वाला वेश धारण कर एक झुग्गी किराए पर ली। इसी दौरान पता चला कि आरोपी नीतीश सहरसा के एक टापू पर रहता है। वह इलाका बाढ़ ग्रस्त इलाका है। एक किलोमीटर नदी को पार करने के बाद ही टापू तक जाया जा सकता है। संयुक्त टीम को यह डर भी सता रहा था कि ऑपरेशन की भनक किसी को न लग जाए। बावजूद अटल हौसले के साथ एसटीएफ दलदल व कीचड़नुमा नदी के पहले छोर पहुंची और फिर पैसों का प्रलोभन देकर एक नाव का सहारा लिया। साथ ही सहरसा चौकी पुलिस की भी गोपनीय मदद ली और नाव के माध्यम से नदी के दूसरे छोर पर स्थित टापू पर पहुंची। एसटीएफ ने जब आरोपी नीतिश को देखा तो उसने अपहरण की झूठी अफवाह भी फैलाई। लेकिन एसटीएफ ने संयम का परिचय देते हुए स्थानीय गांव वालों से आपसी सामंजस्य स्थापित किया और उसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

#### पत्नी को नहीं बताई घटना

**रुद्रपुर :** आरोपी नीतीश की गिरफ्तारी के बाद यह भी पता चला है कि वह शादीशुदा है। देहरादून प्रेमनगर में हुई दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को उसने अपनी पत्नी से भी छिपाकर रखा था। जब पत्नी ने पूछा तो उसका कहना था कि पति ने गांव में दिहाड़ी-मजदूरी करने की बात कही थी। वह अपने मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से कतराता था।

## विधवा से की अश्लील हरकत जान से मारने की दी धमकी

संवाददाता, काशीपुर

- महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** एक विधवा ने एक व्यक्ति पर उसके साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला आरोपी के घर उसके द्वारा बेची गई गाड़ी की एनओसी लेने पहुंची थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति पुरानी कारों को खरीदने व बेचने कार्य करते थे। काशीपुर निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने 27 जनवरी 2023 को एक स्कॉर्पियो गाड़ी का सौदा 15 लाख 70 हजार रुपये में किया जो कि मानपुर रोड निवासी देवराज सिंह की थी। स्कॉर्पियो पर महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा फाइनेंस कम्पनी से फाइनेंस था, देवराज को उक्त स्कॉर्पियो गाड़ी की एनओसी प्रदीप कुमार शर्मा को देनी थी, किंतु देवराज शर्मा द्वारा प्रदीप कुमार शर्मा को उक्त वाहन की एनओसी नहीं दी गई और अचानक उसके पति का निधन हो गया था। बताया कि प्रदीप कुमार शर्मा ने उससे संपर्क कर कहा कि आपके पति ने हमें एक स्कॉर्पियो कार देवराज से दिलवायी थी, हमने उस कार का सारा पेमेंट देवराज को दे दिया, किंतु फिर भी उसने मुझे उक्त वाहन की एनओसी और वाहन उसके नाम नहीं कराया है। इस पर उसने देवराज को अपने मोबाइल से कई बार फोन किया गया, किंतु देवराज ने हर बार उसके साथ गाली-गलौज व अश्लील बातें करते हुए, जान से मारने की धमकी दी। कहा कि 17 अक्टूबर 2024 को दिन के करीब 11 बजे जब वह उक्त वाहन के संबंध में बात करने अपने पुत्र के साथ देवराज के घर गई। जब उसने स्कॉर्पियो की एनओसी मांगी तो देवराज उससे गाली-गलौज कर अश्लीलता करते हुए जबरदस्ती करने लगा। उसके चिल्लाने पर उसका बेटा घर के अंदर आया तो देवराज ने दोनों को अपने घर से धक्का मारकर निकाल दिया। कहा कि देवराज उसके साथ मोबाइल पर अश्लील बातें व गाली-गलौज करता रहा, जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास सुरक्षित है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न के चार आरोपी दोषमुक्त

**काशीपुर :** प्रथम अपर सिविल जज (जूडि)/न्यायिक मजिस्ट्रेट दीप्ति पंत की अदालत ने दहेज उत्पीड़न के चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। हेमपुर डिपो, गौशाला निवासी मधु वर्मा ने परिवाद दायर कर कहा कि उसका विवाह 30 अप्रैल 2006 को घनश्याम रोड, दादरी जिला गाजियाबाद निवासी सोनू वर्मा के साथ हुआ था। शादी के बाद पति सोनू, सास विमला, देवर अमित वर्मा, नितिन वर्मा, ननद पूजा उसे दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगे। आरोपी उससे दहेज में एक कार व एक लाख रुपये की नकदी की मांग करने लगे। इस बीच ससुरालियों ने उसे कई बार घर से निकाल दिया। मामले में सुनवाई के दौरान एक आरोपी विमला की मृत्यु हो गई। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद सोनू, अमित, नितिन, पूजा को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

## ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर हड़पे 23.57 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

- कम निवेश पर ज्यादा प्रॉफिट देने का दिया झांसा
- साइबर क्राइम थाना सेल ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर हल्द्वानी के रहने वाले एक व्यक्ति से 23.57 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। जहां साइबर ठगों ने कम निवेश पर ज्यादा प्रॉफिट देने का लालच दिया और साइबर ठगी को अंजाम दे डाला। साइबर क्राइम थाना सेल ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिठोरिया-एक ठाकुर सिंह बिहार हल्द्वानी निवासी महिदेव सिंह राणा ने बताया कि 19 मई को मोबाइल पर एक मैसेज आया और जब क्लिक किया तो कम निवेश पर ज्यादा प्रॉफिट देने की जानकारी दी गयी। इसके तुरंत बाद एक कॉल आयी जो खुद को इंवेस्टमेंट अधिकारी बता रहा था। जिसके बाद उसने 19 से 29 मई तक बताए खाते में 23.57लाख की धनराशि का भुगतान कर दिया। जब कोई मुनाफा नहीं आया तो कॉलर से संपर्क किया और कॉलर ने बार-बार रकम की डिमांड करने लगा। जब पैसा नहीं डाला तो मोबाइल बंद कर संपर्क तोड़ दिया। जिसके बाद ही साइबर ठगी होने का एहसास हुआ।

### चेक बाउंस का आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त

**काशीपुर :** एसीजेएम/सिविल जज (सीनियर) डिवीजन की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। मोहल्ला खालसा निवासी तेजपाल सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एसीजेएम की अदालत में परिवाद दायर किया था कि जून 2022 में जसपुर खुर्द निवासी संजीव गुप्ता को 1.60 लाख रुपये उधार दिए थे। लेकिन काफी समय बाद भी उसने रकम नहीं लौटाई। तगादा करने पर आरोपी ने उसे 1.60 लाख रुपये का चेक दिया। यह चेक खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। नोटिस देने पर भी आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को तलब किया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता मेहराज खान एडवोकेट ने की। एसीजेएम/सिविल जज (सीनियर) डिवीजन पायल सिंह की अदालत ने आरोपी संजीव गुप्ता को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

## काशीपुर में चली जेसीबी, पांच मजारें ध्वस्त

- तहसीलदार और एएसपी के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में अवैध धार्मिक संरचनाओं को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकार के अवैध धार्मिक संरचनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन ने कुंडेश्वरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए सीलिंग की भूमि पर बनाई गई पांच अवैध धार्मिक संरचनाओं को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया।

गुरुवार की तड़के तहसीलदार पंकज चंदोला, एएसपी अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने कुंडेश्वरी क्षेत्र के ग्राम पच्चावाला में करीब 500 वर्ग फीट में बनी पांच अवैध मजारों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। तहसीलदार ने बताया कि करीब 500 वर्ग फीट में पांच धार्मिक संरचनाओं का निर्माण किया गया था। अभिलेखों और पैमाइश करने पर यह सरकारी सीलिंग की भूमि पाई गई। इस पर अतिक्रमणकारियों को तीन जून को नोटिस जारी कर 17 जून तक भूमि के स्वामित्व को लेकर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने या फिर स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन नियत तिथि पर भी अतिक्रमणकारियों ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये और न ही अतिक्रमण हटाया। करीब 15 दिन इंतजार के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर गुरुवार की तड़के यह कार्रवाई की गई। मौके पर कोई धार्मिक अवशेष नहीं मिले। टीम में सीओ दीपक सिंह, कोतवाल अमर चंद्र शर्मा, कुंडेश्वरी चौकी इंचार्ज चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

**राहत** सिरौली कला में पर्यावरण मित्र पर हुए जानलेवा हमले का मामला, ठप हुई सफाई व्यवस्था को शुरू करने का लिया गया निर्णय

# महापंचायत में हुआ समझौता, माने पर्यावरण मित्र

संवाददाता, किच्छा


किच्छा के सिरौली में आयोजित हुई महापंचायत में उपस्थित दोनों पक्षों के लोग।

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सिरौली कला में नाले की सफाई के दौरान पर्यावरण मित्र अरुण पर हुए जानलेवा हमले के बाद नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा सिरौली कला में सफाई कार्य का बहिष्कार किए जाने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण मित्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने के मुद्दे को लेकर सिरौली कला में महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा वाल्मीकि समाज सहित पर्यावरण मित्रों ने तमाम विचार विमर्श के बाद लिखित समझौता कर लिया।

विगत दिनों सिरौली कला क्षेत्र में सफाई कार्य के दौरान स्थानीय निवासी इकबाल नामक युवक द्वारा धारदार हथियार से पर्यावरण मित्र अरुण पर जानलेवा हमला किया गया था। इसके बाद पर्यावरण मित्रों ने घटना पर रोष जताते हुए तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका में आंदोलन शुरू कर दिया था। पुलभट्टा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा गंभीर हालत में घायल अरुण का सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में उपचार चल रहा है तथा अरुण की एक किडनी खराब होने के कारण चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन कर किडनी को निकाल दिया गया।

घटना के बाद देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ एवं वाल्मीकि समाज ने घायल अरुण को न्याय दिलाने तथा घटना को लेकर गहरा रोष जताते हुए सिरौली कला में सफाई व्यवस्था को ठप करने का ऐलान कर दिया था। घोषणा के बाद सफाई कर्मचारी संगठन एवं वाल्मीकि समाज सहित सिरौली कला क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा महापंचायत का आयोजन किया गया। दोनों पक्षों द्वारा तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत नागरिकों द्वारा लिखित रूप से पर्यावरण मित्रों एवं वाल्मीकि समाज को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना को रोकने की दिशा में कार्य किया जाएगा। स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने घायल अरुण की हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। दोनों पक्षों की आपसी सहमति के बाद कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने सिरौली कला क्षेत्र में पूर्व की भांति सफाई कार्य सुचारू रूप से चालू करने की घोषणा की।

### दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते पत्नी को पीटा

**बाजपुर :** दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पत्नी ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसके निकाह को करीब 16 वर्ष हो चुके हैं। आरोप है कि पति का अवैध संबंध गदरपुर निवासी एक महिला के साथ चल रहा है। विरोध करने पर पति ने अपने पिता एवं अन्य परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता व उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इतना ही नहीं उसके बेटे को दीवार से नीचे गिरा दिया तथा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पिछले करीब 6 माह से आरोपी पति और कथित महिला किराये के मकान में पति-पत्नी की तरह रह रहे हैं। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों में राजीनामा भी हुआ था जिसमें पति द्वारा 10 हजार रुपये प्रति माह पीड़िता को देने की बात की थी।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- सीने में घुस गया साइन बोर्ड का लोहा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे फ्लाई ओवर के समीप बुधवार की देर शाम उस वक्त एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब स्कूटी सवार युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर के साइन बोर्ड पर जा गिरा और लोहे की राड उसके सीने में धंस गई। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद नैनीताल लालकुआं के बिंदुखत्ता निवासी 38 वर्षीय गोविंद सिंह बिष्ट बुधवार की देर शाम सिडकुल में ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से घर लौट रहा था। नैनीताल रोड स्थित फ्लाईओवर के समीप अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा गिरी और डिवाइडर पर लगा साइन बोर्ड का लोहा युवक के सीने में घुस गया।

जिससे युवक काफी देर तक तड़पता रहा और राहगीर घायल को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

अनर्थमर्थत: पश्यत्रर्थं चैवाप्यनर्थत: ।
इन्द्रियैरजितैर्बाल: सुदु:खं मन्यते सुखम् ॥

अज्ञानी लोग इंद्रिय–सुख को ही श्रेष्ठ समझकर आनंदित होते है। इस प्रकार के अनर्थ को अर्थ और अर्थ को अनर्थ कर देते हैं, और अनायास ही नाश के मार्ग पर चल पड़ते हैं।

## संपादकीय

# शहरी परिवर्तन की चुनौती

देश के शहर तेजी से बदल रहे हैं और विकास कर रहे हैं, जिससे नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा हो रही हैं। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। अभी देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती है और अनुमान है कि 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। शहरी आबादी में उछाल आर्थिक विकास और वैश्विक प्रासंगिकता के लिए अवसर लेकर आता है लेकिन यह बुनियादी ढांचे, वित्त और संस्थागत ढांचे पर गंभीर दबाव भी डालता है। साफ है कि शहरों को अधिक लोगों को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि 2047 तक आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का लगभग 70 प्रतिशत अभी बनाया जाना है। तत्काल वित्तीय, प्रशासनिक और शासन सुधारों के बिना, शहर भीड़भाड़, असमानता और जलवायु जोखिम के केंद्र बन सकते हैं। शहरीकरण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे कि वायु और जल प्रदूषण।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत को अपने शहरी बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2036 तक 70 लाख करोड़ रुपये की भारी रकम की जरूरत होगी जो वर्तमान निवेश क्षमताओं से कहीं अधिक है। केंद्र सरकार शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए कई पहल कर रही है। अमृत योजना शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। स्मार्ट सिटी मिशन शहरों को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने पर केंद्रित है। सरकार शहरी गरीबों के लिए किफायती आवास प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। उच्च-आय वाला देश बनने के लिए हम जिस तरह की आर्थिक वृद्धि चाह रहे हैं, उसे तभी हासिल किया जा सकता है, जब हमारे शहरों की योजना कुछ इस तरह बनाई जाए कि उनकी अधिकतम क्षमता पर काम किया जा सके। इसके लिए हमें शहरी इलाकों में रहने वाले हाशिये के समुदायों पर भी निवेश करना होगा ताकि वे आर्थिक लाभ से वंचित न रह जाएं। अगर इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो शहरी परिवर्तन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश की अगली लहर को शक्ति प्रदान कर सकता है। योजना बनाने, निवेश करने और सुधार करने का समय अभी है ताकि कल का भारत लचीले, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शहरों में बसा हो। वास्तव में शहरी परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और भारत को एक समावेशी, समृद्ध और टिकाऊ शहरी भविष्य बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# कृत्रिम मेधा एवं विवेक के रणनीतिक लाभ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं।

पड़ोसी देशों में से एक नए अशांत देश के रूप में बांग्लादेश और युद्धप्रिय या बेलिग्रेंट राष्ट्रों के रूप में पाकिस्तान एवं चीन की भारत में पहचान बन गई है। ऐसे में अपनी ज्योग्राफिक सीमाओं पर एक नए उन्नत निगरानी तंत्र, पेट्रोलिंग और कनफ्लिक्ट प्रिडिक्शन के रूप में हमें नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है।

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं। भविष्य के युद्ध परिदृश्य कैसे बदल सकते हैं इसकी एक झलक हमें हालिया ऑपरेशन सिन्दूर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ध्वस्त करने के इजराइल, अमरीका के संयुक्त प्रयास से मिलती है।

कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और कांफिल्क्ट मैनेजमेंट की मॉडलिंग के मामले में भारत अभी किस स्तर पर हो सकता है यह अत्यंत गोपनीय हो सकता है, लेकिन इस बाबत वैश्विक ओपन डोमेन साहित्य से उपलब्ध जानकारी अहम् है जिससे मालूम होता है कि मैथमेटिकल मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण प्रणालियों एवं बौद्धिक प्रतिभा की उपलब्धता के चलते भारत इसमें पीछे तो नहीं ही रह सकता। प्रतिरक्षा के दबावों के चलते भारत के प्रतिभावान मिलिट्री प्लानर्स इस क्षेत्र में कितना काम कर पाएंगे, यह अगली झड़प के दौरान प्रदर्शित हो सकता है। दो देशों के बीच कनफ्लिक्ट अब अप्रत्यक्ष या परोक्ष एवं, टेक्नोलॉजी लोडेड हो चुका है। परोक्ष युद्ध की पद्धतियों पर पश्चिमी देश और चीन तेज़ी से काम कर रहे हैं। इसके लिए न केवल काल्पनिक रूप से संघर्ष के लिए कत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)से डाटा एकत्र किया जा रहा है जो उन्नत विडियो गेम्स सरीखा हो सकता है बल्कि वास्तविक कनफ्लिक्ट के दौरान इकट्ठा किया गया डाटा भी इसमें फीड करते हुए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

वास्तविक डाटा से मतलब है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान फाइटर जेट्स की पूरी कार्रवाई, बॉम्बिंग पैटर्न, जीपीएस पोजीशनिंग। इन-फ्लाइट कंप्यूटिंग एंड गाइडेंस, मिसाइल ट्रेजेक्ट्रीज और वार-हेड इम्पैक्ट्स काइलेक्ट्रॉनिक्स डाटा आकलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दो देशों के बीच न केवल संभावित कनफ्लिक्ट या संभावित परिदृश्य पर काम हो रहा है, बल्कि देश में राजनैतिक और अत्यंत जोखिमपूर्ण जातीय संघर्षों, गृह-युद्ध जैसे हालातों और राजनैतिक हिंसा को रोकने की मॉडलिंग पर भी काम हो रहा है। संघर्ष की पूर्व चेतावनी का उद्देश्य राजनीतिक हिंसा के विभिन्न रूपों की शुरुआत अवधि, तीव्रता और प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना और उसे शुरू करना है। बीसवीं शताब्दी में व्यापक संघर्ष रोकथाम के लिए राष्ट्रों की प्रतिबद्धता सार्वभौमिक रूप से साझा नहीं की गई थी, संघर्ष की रोकथाम की अवधारणा और विस्तार से संघर्ष की पूर्व चेतावनी ने पिछले 30 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुखता हासिल कर ली है। मित्र देश जैसे कि नाटो जरूरत के वक्त डाटा साझा करते हैं।

> इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक खास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

कंप्यूटिंग में प्रगति के साथ इस बढ़ती हुई भागीदारी ने तेजी से परिष्कृत लौकिक और स्थानिक आयामों के साथ उन्नत पूर्व चेतावनी तंत्र में निवेश को बढ़ावा दिया है। फिर भी, संघर्ष की रोकथाम और संघर्ष की पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक संचालन कई कारणों से इसके सैद्धांतिक विकास से पीछे है। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पूर्व चेतावनी आकलन में सीमायें, वास्तविक समय के डेटा की सीमित उपलब्धता, कवरेज, गुणवत्ता और सत्यापन के अलावा संघर्ष प्रक्रियाओं में निहित अंतर्जातता (एंडोजेनिटी) से उभरने वाली जटिल मॉडलिंग चुनौतियां और, सबसे ऊपर, संगठित हिंसा के बढ़ते जोखिमों के मजबूत और सम्मोहक सबूतों पर कार्रवाई करने के लिए लड़ने वालों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की अंतर्निहित कमी शामिल है।

इन चुनौतियों के बावजूद, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उन्नत डेटा संग्रह और विश्लेषण तकनीकों में निवेश प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया के अभ्यास को बहुत प्रभावित करता है। इस प्रक्रिया को अपनाते हुए जो मॉडलिंग की गई है उससे नयी अंतर्दृष्टि बेशक उपजी है परन्तु इनमें से कई प्रणालियां अभी तक अपेक्षाओं पर खरी क्यों नहीं उतर पाई हैं। इसे ही समझ कर अब कारगर हल ढूंढे जा रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी प्रकार की मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाए, मनुष्य के विवेक और त्वरित बुद्धि के बिना सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिन्दूर का उदाहरण सामने है जिस दौरान प्रथम दिन की स्ट्राइक के बाद भारत के मिलिट्री प्लानर्स और सिविलियन एक्सपर्ट ने मिल कर एक ही दिन में स्ट्रेटेजी को बदल कर विवेक से काम लिया तभी स्ट्राइक्स कामयाब हुई थीं। विशेषज्ञों और स्ट्रेटेजिक प्लानर्स का मानना है कि सामरिक रूप से प्रशिक्षित कृत्रिम मेधा के भरोसे से युद्ध नहीं जीते जा सकते। विवेकपूर्ण निर्णयों के लिए स्ट्राइक प्लानर्स को भी प्रशिक्षित होने की जरूरत होगी और इसके लिए वास्तविक संघर्षों और युद्धों से जुटाए गए डाटा की शेयरिंग के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक ख़ास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है। ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक संख्या और विविधता वाली वार सिचुएशन्स से संबंधित विडियो गेम्स बनाने में इस समय चीन ही सर्वोपरि है। गूगल प्ले स्टोर पर और माइक्रोसॉफ्ट की साईट पर ऐसी सैंकड़ों एप्लीकेशन्स उपलब्ध हैं।

वास्तविक युद्धों के बारे में पिछले बीस साल का सबसे अधिक डाटा इस समय अमरीका के पास है। अमरीका के डिपार्टमेंट ऑफ़ डिफेंस में जलसेना द्वारा संचालित इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर (आईडब्ल्यूसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में जो जानकारी उपलब्ध कराई है उससे इसमें काम करने वालों की अंतर्दृष्टि की बाबत काफी मालूमात सेंटर द्वारा प्रकाशित बुलेटिन के अध्ययन से हासिल होती है। इस सेंटर में रिसर्च और एप्लीकेशन्स विकसित करने और इनकी फील्ड-टेस्टिंग करने तक की दक्षता हासिल करने की क्षमता है जैसे कि आईडब्ल्यूसी योद्धाओं को संघर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अनियमित युद्ध करने के लिए तैयार करता है। इसके लिए अगली पीढ़ी की तकनीकों और अवधारणाओं का उपयोग करके अनियमित युद्ध या संघर्ष को संचालित करने के लिए निर्देश भी प्रदान करता है, जो बल की मारक क्षमता को बढ़ाता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रमुख सहयोगियों और भागीदारों को खतरे से आगाह करने के लिए तैयार करता है। पारंपरिक युद्ध शक्ति को मजबूत आई आईडब्ल्यूसी पद्धतियों के साथ जोड़कर रणनीतिक मानसिकता को बदलने के लिए उक्त काम किया जा रहा है। देखना है कि भारत आई आईडब्ल्यूसी के कामकाज के मद्देनज़र अपने यहां इर्रेगुलर वारफेयर के लिए क्या एक पृथक और डेडिकेटेड रेजिमेंट बना चुका है और इन्हें मॉडलिंग और टेस्टिंग की सुविधाएं हासिल हैं?

इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रौद्योगिकी सेवाओं के प्रमुख हैंक हन्ना ने जनवरी 2025 के खंड 3, अंक 1, में जो लेख द इमर्जिंग पोटेंशियल फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इन इर्रेगुलर वारफेयर शीर्षक से दिया है उसके जरिए से क्वांटम कंप्यूटिंग कम्प्यूटेशनल तकनीक में एक प्रतिमान बदलाव की संभावना व्यक्त हुई है, जिससे उन्नत देशों के अलावा भारत भी राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा-उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## प्रसंगवश

# भूस्खलन और बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बरतना जरूरी

पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है। केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन दिनों मानसून लगभग-लगभग पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने आधिकारिक तौर पर पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा कर दी -जो कि इसकी सामान्य तिथि से पहले है। सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश के बीच हर ओर उफनते सैलाब की तस्वीरें आ रही हैं। देश के कई प्रमुख शहरों में सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, रास्ते जाम हो गए हैं तथा पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन और बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में और अधिक बारिश का अनुमान जताया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

पिछले कुछ सालों से देश ही नहीं पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक कटु यथार्थ है। यह सब कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों का ही परिणाम है कि आज हम सभी जलवायु परिवर्तनों का लगातार सामना कर रहे हैं। यह ठीक है कि मानव बारिश को तो नहीं रोक सकता है लेकिन तबाही को समय रहते एहतियात बरतकर रोका जा सकता है अथवा काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके इसे कम किया जा सकता है। लेकिन प्रशासन व आम आदमी तब चेतता है,जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बाढ़ व भूस्खलन से निपटने के लिए समय रहते राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि बाढ़ और भूस्खलन से बचाव के लिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें इन प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है और उनसे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। बाढ़ से बचाव के लिए हमें बाढ़ प्रणव क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों पर रहना चाहिए। आपातकालीन किट जैसे कि सूखा भोजन, पानी, दवाएं, टॉर्च, रेडियो और अन्य आवश्यक चीजें हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। इतना ही नहीं हमें अपने परिवार के सभी सदस्यों को निकटतम आश्रय/पक्के मकान तक जाने वाले सुरक्षित मार्गों की जानकारी होनी चाहिए तथा बारिश के दौरान समय-समय पर स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। बाढ़ की चेतावनी और सलाह के लिए स्थानीय रेडियो/टीवी सुनना चाहिए अथवा अखबार आदि पढ़ना चाहिए। बाढ़ के समय बहते पानी, बिजली के तारों से, सांपों आदि से सावधान रहना चाहिए। वहीं पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से बचाव के लिए हमें यह चाहिए कि हम नालों में कूड़ा-कचरा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि न जमा होने दें और नालों को अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखें। घरों, दुकानों,रहवास आदि को भूकंप-रोधी बनाया जाना चाहिए ताकि भूस्खलन के समय कम नुकसान हो अथवा नुकसान हो ही नहीं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि उनकी जड़ें मिट्टी को पकड़ सकें। इतना ही नहीं,खतरे वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। अचानक बाढ़ या भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहना चाहिए। भूस्खलन से सुरक्षा के लिए हमें यह चाहिए कि हम भूस्खलन के विभिन्न संकेतों जैसे कि दरारों, चट्टानों के गिरने, पेड़ों के टूटने या जमीन में पड़ने वाली दरारों पर विशेष ध्यान दें और भूस्खलन के रास्तों से हमेशा स्वयं को और पशुओं को दूर रखें। भूस्खलन के बाद, हमें यह चाहिए कि हम तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इसके साथ ही भूस्खलन के बारे में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करना चाहिए ताकि बचाव कार्य किए जा सकें। याद रखें कि हमारी सतर्कता और जागरूकता से बहुत कुछ संभव हो सकता है।

# ग्लोबल साउथ में चीन की चाल



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के संबंधों को नया आयाम देने, मित्रता को मजबूत करने और अटलांटिक के दोनों किनारों पर देश की साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका देशों के संगठन (ब्रिक्स), अफ्रीकी संघ, पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) और कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव भी मजबूत होगा। भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर लगातार उपलब्धियों के बीच ही हमारे पड़ोसी देशों की गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें भारत को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। सार्क के विकल्प का विचार गति पकड़ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी क्षेत्रीय शक्ति की रक्षा के लिए नवाचार करने चाहिए।

दक्षिण एशिया की बात की जाए तो चीन अब भारत के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यह कदम है- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एकसाथ मिलकर भारत के खिलाफ 'साका' नाम से नया दक्षिण एशियाई संगठन बनाने का। खबर है कि पाकिस्तान और चीन सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन की जगह दूसरा क्षेत्रीय ब्लॉक साउथ एशिया-चीन एलायन्स यानी एसएसीए का गठन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर बताई जाती है। हुई थी।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) का संस्थापक और प्रमुख सदस्य है लेकिन पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से नई दिल्ली ने इस संगठन से अभी दूरी बना रखी है। उरी आतंकी हमले के बाद से भारत ने सार्क बैठकों को निलंबित कर रखा है। 2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत द्वारा अब सार्क की जगह बिम्सटेक को बढ़ावा देने से पाकिस्तान का परेशान होना स्वाभाविक है और वह नेपाल के माध्यम से दबाव बनवा रहा है। दूसरी ओर, चीन और पाकिस्तान को बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद नया सहयोगी मिल गया है। कराची के ही एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जून को कुनमिंग में जो बैठक हुई थी, उसका अंतिम उद्देश्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो सार्क का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि चीन की लंबे समय से दक्षिण एशिया में पैर जमाने की गहरी मंशा रही है। दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र रणनीतिक और आर्थिक रूप से उसकी आकांक्षाओं के लिए अनुकूल है। दक्षिण एशिया में बीजिंग की बढ़ती भागीदारी उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है।

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, साका का गठन आसान नहीं होगा। बांग्लादेश द्वारा गठबंधन-निर्माण को आधिकारिक तौर पर खारिज करना उसकी नाजुक स्थिति को दर्शाता है। चीन-पाकिस्तान धुरी का हिस्सा दिखने में बांग्लादेश की अनिच्छा से पता चलता है कि वह अपनी स्वायत्तता और रणनीतिक संतुलन को महत्व देता है। देखा जाए तो ढाका के बीजिंग के साथ आर्थिक संबंध मजबूत हैं और पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक संबंध। भारत के साथ भी बांग्लादेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक निकटता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि श्रीलंका, नेपाल और मालदीव जैसे भारत के पड़ोसी देश चीन के निवेश वादों पर इस गठबंधन में शामिल होने के लिए हामी भरते हैं तो भारत अपने निकटतम पड़ोस में खुद को अलग-थलग पा सकता है।

भारत की अपनी मजबूती का स्पष्ट प्रदर्शन बीजिंग में अभी हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देखने को मिला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बारे में एक शक्तिशाली संदेश गया है। यह एक अभूतपूर्व कूटनीतिक क्षण था। इस साहसिक कदम ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। यदि यह नया गठबंधन आकार लेता है तो यह एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव का संकेत होगा। एक नए क्षेत्रीय मंच में नेपाल, भूटान और श्रीलंका की भागीदारी दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक बदलाव का प्रतीक होगी। वक्त बताएगा कि दक्षिण एशिया में सार्क के स्थान पर साका को स्थापित करना बीजिंग के लिए यह अवसर का मंच होगा या इस्लामाबाद के लिए रणनीतिक जाल?

## सोशल फोरम

# अराजकता या जबर का जोर

इस बात को लोग भूल ही गए हैं कि संसार में प्रत्येक समुदाय में सामाजिक आचरण व्यवहार का एक संविधान होता है और उसके अनुच्छेदों को जीवन मूल्य कहा जाता है। सामाजिक परिवेश में दांपत्य संबंध की बात हो अथवा पारिवारिक संबंध की बात हो, जातिगत और मजहबी परिदृश्य हो अथवा आर्थिक पक्ष की बात हो, एक अराजकता का दृश्य दिख रहा है। नारी सशक्तीकरण की बात इतनी होती हैं किंतु सामूहिक बलात्कार लगभग प्रतिदिन के समाचार बन चुके हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा। कोई किसी से भी शादी कर लेता है। जब कोई मर्यादा नहीं रही तो उसको विवाह कहना ही गलत है, क्योंकि विवाह एक सामाजिक मूल्य है, उसकी एक मर्यादा है। मूल्य नहीं, मर्यादा नहीं, तो वह केवल यौन संबंध तो है किंतु विवाह नहीं है। विवाह शब्द बहुत पवित्र है, वह तो तप है। वह व्रत है, उसमें संयम भी है और नियम भी।

> नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा।

नेता लोगों के पशुकृत्य नेशनल हाई वे पर हो रहे हैं। एक मुख्यमंत्री सामाजिकता का सूत्र बतला रहा था कि पालागन करो और पैर पकड़ कर भारतमाता की जय कर दो।

आर्थिक पक्ष में ऐसा दृश्य है कि परिवार में ही हत्या हो रही हैं। बैंकों का दोहन खुले आम हो रहा है। यहां तक कि सड़कों पर अराजकता है। जबर का जोर है। वह टक्कर भी मारेगा और फिर जबरदस्ती भी करेगा। जबर हो तो कुछ भी करो।

**-फेसबुक वॉल से**

# युवा शक्ति के प्रेरणापुंज थे स्वामी विवेकानंद



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवाओं से स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि एक समय में एक ही काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब कुछ भूल जाओ। वह कहते थे कि यदि तुम स्वयं को कमजोर सोचते हो तो तुम कमजोर हो जाओगे और यदि खुद को ताकतवर सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे। दरअसल हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि तुम क्या सोचते हो। वह कहा करते थे कि शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं और वे दूर तक यात्रा करते हैं, इसलिए एक विचार कर लो और उस विचार को ही अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों और शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो, यही सफल होने का तरीका है। अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना और स्वयं पर विश्वास करने को ही स्वामी जी सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहते थे कि जो तुम सोचते हो, वो हो जाओगे।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है।

11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा जीवंत रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# प्रगति ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में जीते दो गोल्ड

## 300 में 276 अंक लाकर जूनियर और यूथ वर्ग में जीता मेडल

- देहरादून में चल रही है इंडिया ओपन प्रतियोगिता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** देहरादून में चल रही इंडिया ओपन कॉम्पिटिशन में रुद्रपुर की रहने वाली प्रगति डांगी ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जीतकर प्रगति ने राज्य के साथ ही ऊधमसिंह नगर जनपद का नाम भी रोशन किया है।

बता दें कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम देहरादून के त्रिशूल शूटिंग रेंज में एक जुलाई से शूटिंग प्रतियोगिता चल रही है। प्रतियोगिता 10 जुलाई तक होगी। प्रगति डांगी ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल प्रतियोगिता में 300 में से 276 अंक लाकर जूनियर और यूथ वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। प्रगति डांगी इससे पूर्व 10 मीटर एयर पिस्टल में भी राज्य, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।


मेडल के साथ प्रगति डांगी। ● अमृत विचार

प्रगति मूल रूप से चंपावत जनपद के टनकपुर की रहने वाली हैं। इसी वर्ष डीपीएस रुद्रपुर से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रगति डांगी डीपीएस रुद्रपुर की शूटिंग रेंज में कोच नकुल चौधरी की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रगति डांगी के पिता भरत सिंह डांगी सिंचाई विभाग रुद्रपुर में अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा वे उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग के निवर्तमान अध्यक्ष भी हैं। पिता भरत सिंह डांगी ने बताया कि प्रगति का छोटा भाई धैर्य डांगी और माता इशू डांगी भी प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं।

# मानसून में गर्भवती का विशेष बर्थ प्लान किया जाए तैयार

- प्रसव की तिथि से 15 दिन पूर्व से आशा कार्यकत्रियां करें महिलाओं से संपर्क

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने मानसून सत्र में संभावित प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान देने के निर्देश जनपद के सभी मुख्य व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही मानसून सत्र (जुलाई से सितंबर) के मध्य होने वाली संभावित प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष बर्थ प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अग्रवाल ने निर्देश देते हुए मुख्य व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि प्रसव सुविधा प्रदान करने वाली चिकित्सा इकाइयों को चिन्हित करते हुए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। साथ ही प्रसव की संभावित तिथि से 15 दिन पूर्व से आशा कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिला से संपर्क कर प्रतिदिन उनका फॉलोअप किया जाए। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाली, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्र जहां मानसून सत्र के दौरान वाहन आने-जाने में समस्या आती हो ऐसी सभी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित चिकित्सालयों में प्रसव के लिए संभावित प्रसव तिथि से एक सप्ताह पूर्व ही भर्ती किये जाने के लिए प्रोत्साहित व जानकारी दी जाए। जिससे सुरक्षित प्रसव किया जा सके। महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार :** एसएसपी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मोहल्ला काजीबाग निवासी गौरव को मालवा फार्म से व कुमाऊं कॉलोनी निवासी राजा को नागनाथ मंदिर रोड से गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से एक-एक चाकू बरामद किया।


खटीमा में विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते सैजना पटपुरा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# सैजना पटपुरा वासियों ने लगाई जलभराव से निजात की गुहार

- विधायक गोपाल सिंह राणा को सौंपा गया ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सैजना-पटपुरा के ग्रामीणों ने नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंपकर गांव में पानी की निकासी के मार्ग को बंद करने से हुए जलभराव से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

दो दिन पूर्व ग्रामीण उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंप चुके हैं लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने विधायक राणा से गांव में भरने वाले बरसाती पानी से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीण दो दिन पहले एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा था कि गांव के व्यक्ति द्वारा पानी के निकासी मार्ग को बंद कर दिया है। जिससे खेतों में पानी भर गया है। उन्होंने कार्रवाई कर उनकी फसलों को बचाने की मांग की थी। जिसपर अभी तक कोई कारवाई नहीं हो सकी है। विधायक राणा द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

ज्ञापन देने वालों में लाल सिंह, हरि सिंह, दलजीत सिंह, बसंत सिंह, पार्वती, पप्पू सिंह, नयराम सिंह, पंकज जोशी, बाकजीत सिंह, जयराम सिंह, राकेश सिंह, शिवकुमार, जगदेव सिंह, सुरेश राणा, द्रौपदी, साधू सिंह, राकेश सिंह, शिव कुमार, भुवन सिंह, रमेश सिंह, जसवीर सिंह, कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

# पूर्व एयरफोर्स सैनिक के निधन पर शोक

- एयर फोर्स से सेवानिवृत होकर वैराग्य जीवन अपनाया

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** भारतीय एयर फोर्स से सेवानिवृत्ति तेजस चंद्र घोष (86) पुत्र फटिक चंद्र घोष का गुरुवार को प्रातः श्री दुर्गा मंदिर हरिपुरा स्थित आश्रम में आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि नगर के मोक्ष धाम में की गई। उनकी चिता को उनके भतीजे आलोक घोष ने मुखाग्नि दी।

भारतीय एयर फोर्स से सेवानिवृत्ति होने के बाद तेजस चंद्र घोष ने स्वामी लीलानंद महाराज से दीक्षा लेने के बाद बैराग्य जीवन व्यतीत किया। योग निकेतन ऋषिकेश व हरिद्वार, लाल बाबा आश्रम उत्तरकाशी एवं श्री दुर्गा मंदिर हरिपुरा दिनेशपुर में 35 वर्षों से रह रहे थे।


तेजस चंद्र घोष। (फाइल फोटो)

जबकि तेजस चंद्र घोष मुख्य रूप से कोलकाता के रहने वाले थे। लेकिन सेवानिवृत होने के बाद पारिवारिक मायामोह त्याग कर बैराग्य जीवन में रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, निवर्तमान प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, मंदिर व्यवस्थापक राम सिंह कोरंगा, सूबेदार भुपाली सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, नरेंद्र सिंह कोरंगा, गोविंद सिंह चौहान, गोपाल सिंह ठठोला शामिल थे।

# बीईओ ने किया चार स्कूलों का निरीक्षण व्यवस्थाएं पाईं ठीक

**काशीपुर :** बीईओ ने चार स्कूलों को निरीक्षण कर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। बृहस्पतिवार को बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगा, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज महुआखेड़ा गंज, जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा पांडे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में छात्र संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति, मिड-डे-मील, कक्षा-कक्ष, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को परखा। व्यवस्थाएं सामान्य मिलने पर संतोष व्यक्त किया। हालांकि छात्र संख्या कम मिलने की बात कही जा रही है।

# रेनू इनरव्हील क्लब की दुबारा बनीं अध्यक्ष

- संगीता शर्मा को सेक्रेटरी और ममता अग्रवाल को चुना गया कोषाध्यक्ष
- हरिद्वार में आयोजित 55वां जिला विधानसभा एवं पुरस्कार समारोह में स्थानीय कार्यकारी समिति की हुई घोषणा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब (आईडब्ल्यूसी) की स्थानीय कार्यकारी समिति का गठन किया गया। रेनू गोयल को दुबारा अध्यक्ष चुना। उन्हें पूर्व अध्यक्ष ने कॉलर पहनाकर पदभार ग्रहण कराया।

हरिद्वार में 55वां जिला विधानसभा एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ.सुरुचि सक्सेना को ऊधमसिंह नगर की जिलाध्यक्ष चुना गया। उन्होंने जसपुर की स्थानीय कार्यकारी समिति की भी घोषणा की। उनके मुताबिक रेनू गोयल को अध्यक्ष, नीता अग्रवाल को उपाध्यक्ष, संगीता शर्मा को सेक्रेटरी, ममता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्राची को एडीटर एवं मनीषा को क्लब का आईएसओ चुना गया। जिलाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. छवि वर्मा ने नई कार्यकारी समिति की पदाधिकारियों को कॉलर पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। क्लब के हित में एकजुट रहकर कार्य करने का आह्वान किया। नगर पहुंचने पर कई सामाजिक एवं राजनीतिक महिलाओं ने नई कार्यकारी समिति का स्वागत कर बधाई दी। स्वागत करने वालों में डॉ. रेखा चौहान, नसरीन चैधरी, रूपाली श्रीवास्तव, एसआई रूचिका चौहान, डोली चौहान आदि थीं।


जसपुर में एकजुट आईडब्ल्यूसी की नई पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## छह वर्षीय बालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर :** मोहल्ला शक्ति चौराहा महुआखेड़ागंज निवासी अब्दुल हक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 जुलाई 2025 की दोपहर लगभग 12.30 बजे उसका 6 वर्षीय पुत्र जुबैर बिना किसी को बताये घर से चला गया। जब जुबैर घर नहीं आया तो उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। एक अज्ञात व्यक्ति को जब जुबैर का फोटो दिखा तो उसने बताया कि जुबैर को रेलवे क्रॉसिंग पर देखा था।

## कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बरखेड़ी पुलिया के पास से ग्राम मुकुन्दपुर निवासी जसवंत सिंह के कब्जे से 26 लीटर कच्ची शराब व कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बिना नंबर की बाइक पर सवार तुमडिया डाम नं. 2 निवासी प्रिंस के कब्जे से 70 लीटर कच्ची शराब और मंडी गेट के पास से ग्राम सरवरखेड़ा निवासी सुनील कुमार के कब्जे से 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

# ट्रांसपोर्टर गिरीश चिटकारा के निधन पर शोक

**किच्छा :** वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रांसपोर्टर गिरीश चिटकारा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर नगर के तमाम समाजसेवियों, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों एवं व्यापारिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार नगर के आवास विकास निवासी वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर गिरीश चिटकारा का लंबे समय से इलाज चल रहा था। देर रात्रि अपने निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर विधायक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विजय अरोड़ा आदि ने शोक जताया है।



# चिंघाड़ नदी की तलीझाड़ सफाई करवाई

- बाजपुर को जलभराव से बचाने के लिए किया जा रहा प्रयास
- पालिकाध्यक्ष ने ईओ के साथ पहुंचकर किया निरीक्षण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** शहर को जलभराव से बचाने के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। नगरपालिका प्रशासन की ओर से शहरी क्षेत्र से होकर गुजर रही चिंघाड़ नदी की लोडर के माध्यम से तलीझाड़ सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' एवं ईओ मनोज कुमार दास ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गित्ते ने कहा कि बाजपुर नगर को जलभराव से बचाने के लिए पालिका प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। इसी क्रम में हाथी चिंघाड़ नदी की सफाई लोडर के माध्यम से करवाई जा रही है। हाथी चिंघाड़ नदी के उफनाने से चीनी मिल सहित नगर के तमाम वार्ड जलमग्न हो जाते हैं।


बाजपुर में चिंघाड़ नदी में लोडर मशीन से किए जा रहे सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ।

शासन-प्रशासन को तमाम पत्राचार करने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर पालिका ने स्वयं हाथी चिंघाड़ नदी की सफाई करने का निर्णय लिया है। जहां तक संभव होगा पालिका द्वारा इस नदी की सफाई करवाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त नगरीय क्षेत्र में पड़ने वाले नाली/नालों की तलीझाड़ सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है।

उन्होंने नगरवासियों से भी सफाई अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज दास, बड़े बाबू राजू पांडेय, कैलाश चंद्र जोशी, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

**खटीमा :** पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवीपुरा चेतुआखेड़ा तहसील नानकमता निवासी नत्थू सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 15 जून को उसका भतीजा मंदीप सिंह पुत्र राजू सिंह, सुनील सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह खिलबतिया मन्दिर वनबसा से घर देवीपुरा बाइक से लौट रहे थे। बिगराबाग बाईपास पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें घायल चारों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जिसमें सुनील को हल्द्वानी तथा धर्मेंद्र को खटीमा तथा मनदीप सिंह और राजेन्द्र को पीलीभीत भर्ती कराया गया। बाद में मनदीप ने राममूर्ति भोजीपुरा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# कोमल तिवारी नौसेना में बनीं सब लेफ्टिनेंट

- जीबी पंत विवि के कृषि व्यवसाय प्रबंधन की है छात्रा

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की छात्रा कोमल तिवारी ने एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए भारतीय नौसेना में लॉजिस्टिक कैडर के तहत सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।


कोमल तिवारी।

विश्वविद्यालय की छात्रा कोमल ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध किया है कि कोई भी मंजिल असंभव नहीं होती यदि जुनून और दिशा सही हो। उनकी इस उपलब्धि पर कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आरएस जादौन, संकाय सदस्य एवं समस्त कर्मियों ने बधाई दी।

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जादौन ने कहा कि छात्रा कोमल ने यह साबित किया है कि बेटियां न केवल पढ़ाई में आगे हैं, बल्कि देश की सेवा में भी पीछे नहीं हैं। उनकी यह सफलता अगली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

# केंद्रीय कारागार में 34 बंदी कैदियों का हुआ उपचार

- मनोचिकित्सक डॉ.ढल्ला ने दी मानसिक तनाव के कारणों की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य व जिला मानसिक स्वास्थ्य पुनर्विलोकन बोर्ड के तहत परामर्श एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय कारागार सितारगंज में किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ. ईश ढल्ला ने 34 बंदी कैदियों का उपचार किया और परामर्श दिया।

गुरुवार को कार्यशाला के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. ढल्ला ने मानसिक तनाव और तनाव होने के मुख्य कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही तनाव से बचाव एवं तनाव से होने वाले रोगों की जानकारी देते हुए निदान के बारे में बताया। उन्होंने मानसिक तनाव से सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक अन्य रूप से होने वाले क्षति के बारे में सभी अधिकारियों और कार्मिकों को जानकारी दी गयी।


केंद्रीय कारागार में बंदियों को परामर्श देते मनोचिकित्सक डॉ. ईश ढल्ला।

इस अवसर पर केंद्रीय कारागार, सितारगंज जेलर केएल आर्य, प्रभारी जेलर अनिल यादव, फार्मासिस्ट नवीन पपनै, अमित कुमार, राजकुमार समेत सभी अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# दो नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में दो नाबालिग बच्चियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर पुलिस में दोनों बालिकाओं की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि 2 जुलाई के सुबह करीब 7:30 बजे उन्होंने अपनी नाबालिग पुत्री को जनता इंटर कॉलेज के निकट स्कूल जाने के लिए छोड़ा था, दोपहर के समय स्कूल की छुट्टी होने पर जब वह पुत्री को लेने पहुंचा तो 15 वर्षीय पुत्री नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि इस दौरान उसने परिचितों एवं रिश्तेदारी में पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित पिता ने बताया कि जब वह घर पहुंचा तो नाबालिग पुत्री की कापी किताबें घर पर थी तथा प्रतीत हो रहा है कि स्कूल बैग में नाबालिग अपने कपड़े डालकर ले गई होगी। बताया कि पूछताछ करने पर पता चला कि मोहल्ला निवासी एक अन्य नाबालिग भी अपने घर से लापता हो गई है तथा दोनों नाबालिग के एक साथ जाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

# मनरेगा के कार्यों का अभी तक नहीं हुआ भुगतान

- परियोजना समन्वयक ने कहा-भुगतान शीघ्र ही आएगा खातों में

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभाओं और क्षेत्र पंचायत में करीब साढ़े आठ करोड़ के कराए गए मनरेगा के कार्यों का शासन द्वारा पूर्व प्रधानों और बीडीसी सदस्यों को अभी तक नहीं कराया गया है।

जिससे न केवल जनप्रतिनिधि बल्कि मनरेगा के काम करने वाले भी बेहद परेशान हैं। ग्राम्य विकास विभाग की परियोजना समन्वयक सुधा तोमर ने कहा कि शीघ्र ही भुगतान खातों में दल दिया जाएगा। मनरेगा योजना के तहत विकासक की 64 ग्राम सभाओं और 40 बीडीसी क्षेत्र में सड़क, नाली, बकरी और मुर्गी के बाड़े, खुरली आदि का निर्माण कार्य कराए गए हैं। मनरेगा योजना के तहत कार्य संपन्न करा चुके पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्यों की लगातार कोशिश के बाद भी भुगतान नहीं हो सका है।

इस संबंध में पूछने पर खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने कहा कि बजट के अभाव में भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र से बजट मिलने पर भुगतान किया जा सकेगा। ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा की परियोजना समन्वयक सुधा तोमर ने बताया कि मनरेगा के कार्यों का भुगतान केंद्र सरकार से मिल चुका है जिसे सरकार के खातों में डालने में एक सप्ताह का समय लग जाएगा।

## मनरेगा कर्मियों को छह माह से वेतन नहीं

**खटीमा :** प्रदेश के 1250 मनरेगा कर्मचारियों को भी पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। महात्मा गांधी मनरेगा कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुंदर मणी सेमवाल कहा है कि छह माह से वेतन न मिलने से मनरेगा कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उन्हें बच्चों की कापी किताबें और शुल्क जमा करना मुश्किल हो रहा है। यह भी कहा कि इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा के परियोजना समन्वयक को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस है।

## एक नजर

### जून का वेतन शीघ्र दिलाने की मांग उठाई

**खटीमा :** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की शाखा अध्यक्ष ग्रेसी देवी के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को ज्ञापन सौंपकर जून माह का वेतन एक सप्ताह में कराने की मांग की है। सफाई कर्मियों का कहना है कि इस माह बच्चों का प्रवेश शुल्क, कापी, किताब, ड्रेस आदि का खर्चा है जबकि सफाई कर्मचारियों को जून माह का वेतन नहीं मिल सका है। जबकि उनके सामने वेतन ही मात्र सहारा है। उन्होंने एक सप्ताह में वेतन निर्गत कराने की मांग की है। इस अवसर पर अनीता देवी, अनिल कुमार, राजीव कुमार, मदनलाल, नीरज, राकेश, गिल्लो देवी आदि थे।

### जिला चिकित्सालय में कैंसर की निशुल्क जांच 10 जुलाई को

**रुद्रपुर** : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ .केके अग्रवाल ने बताया कि 10 जुलाई को जिला चिकित्सालय में ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ .शशांक बंसल ने कैंसर की नि :शुल्क जांच और परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कैंसर से ग्रसित रोगियों या संभावित लक्षण वाले मरीजों से अपील की है कि वे आगामी 10 जुलाई को जिला चिकित्सालय में सुबह 9 से 2 बजे तक कैंसर परीक्षण एवं मैमोग्राफी जांच निशुल्क करा सकते हैं।

# गेविया नाले पर अतिक्रमण तत्काल हटवाएं

## जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने किया गेविया नाले का निरीक्षण, सहायक नगर आयुक्त को दिए निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**11** अतिक्रमणों को टीम ने निरीक्षण के दौरान किया चिन्हित

**05** मीटर नाले के तट से दूरी जरूरी , इसके बाद हो निर्माण

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम ने गेविया नाला/नदी की भूमि पर हुए अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने चिन्हित किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त को दिये।

गुरुवार को गेविया नाला/ नदी की भूमि पर हुए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में एक बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में मौके का स्थलीय निरीक्षण किये जाने पर सहमति बनी। जिसके बाद उपाध्यक्ष जय किशन के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने गेविया नाला/ नदी की भूमि पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गेविया नाले पर अतिक्रमण हुआ है। जिसमें 11 अतिक्रमणों को चिन्हित किया गया। उपाध्यक्ष जय किशन ने चिन्हित किये गये अतिक्रमण तत्काल हटाने के लिये एसएनए कमल मेहता को निर्देशित किया। प्राधिकरण संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह ने बताया कि गेविया नाला लक्ष्मीपुर पट्टी से होते हुए बैलजुड़ी, कचनागाजी, मानपुर तक जाता है। जिसमें बारिश का पानी निकलता है। गेविया नाले पर अतिक्रमण हो जाने से बारिश का पानी सुचारू रूप से नहीं निकल पा रहा है और इधर-उधर फैल रहा है। पूर्व में गेविया नाले पर हो रहे अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त करने के लिये टीम का गठन कर जांच करने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष जय किशन और सचिव पंकज उपाध्याय ने गठित टीम को निर्देश दिये हैं कि वह गेविया नाले पर हो रहे अतिक्रमण की संयुक्त जांच करे। जांच करने के बाद अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किये जाये। नोटिस जारी किये जाने के बाद सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के भवन निर्माण मानकों के तहत नाले के तट से न्यूनतम 5 मीटर दूरी जरूरी है और इसके बाद ही भवन का निर्माण कार्य किया जाना मान्य है। वहां पर तहसीलदार पंकज चंदोला, एसएनए कमल मेहता, चकबंदी से बिशन लाल सिंह व राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में गेविया नाले का निरीक्षण करती प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

### सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने पर होगी कार्रवाई

**काशीपुर** : जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन, सचिव पंकज उपाध्याय, संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह की मौजूदगी में ग्राम सरवरखेड़ा में अवैध निर्माण व प्लॉटिंग से संबंधित मामले के तहत वार्ता बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद हुए। अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याएं सुनी गई। बैठक में मौजूद राजस्व विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सरवरखेड़ा में सरकारी जमीन पर आवासीय पट्टे पूर्व में दिये गये थे और पट्टों की जांच व मौके की जांच के लिये एक टीम का गठन किया गया है। जांच के बाद यदि सरकारी भूमि पर कोई अवैध निर्माण पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त आदेश के क्रम में रेरा व जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति के बिना कोई निर्माण कार्य नहीं करने के सख्त निर्देश दिये गये और अवैध प्लाटिंग से संबंधित स्थल पर ड्रोन सर्वे कराने के भी निर्देश दिये।

# सड़क काटकर नाला निर्माण पर भड़के लोग

संवाददाता, सितारगंज

**आक्रोश**

- जलनिकासी योजना में नाले के निर्माण को लेकर मचा बवाल
- एसडीएम की मौजूदगी में बनी सहमति, सड़क की जाएगी पहले से चौड़ी

**अमृत विचारः** नगर के जेलकैंप रोड से सिंचाई नहर तक बनी टाइल्स सड़क को काटकर जलनिकासी हेतु नाला निर्माण की प्रक्रिया से क्षेत्रीय वार्डवासियों में आक्रोश फैल गया। नाले के लिए सड़क उखाड़े जाने से लोग नाराज हो गए और कार्यस्थल पर पहुंचकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। स्थानीय लोगों का कहना था कि इस निर्माण कार्य से पूर्व में बनी सड़क की चौड़ाई घट जाएगी, जिससे आने-जाने में परेशानी होगी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्डवासियों का प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार जुआठा से मिला और अपनी आपत्ति दर्ज कराई। एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के अधिकारियों और वार्डवासियों की संयुक्त बैठक बुलाकर जलनिकासी की पूरी योजना की जानकारी ली।

विभाग ने बताया कि जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए सड़क के बीचोंबीच पाइप डालकर नहर से जोड़ा जा रहा है और नाले को कवर करते हुए निर्माण किया जाएगा। साथ ही, पुराने संकरे नाले को पाटकर सड़क को डेढ़ फीट और चौड़ा किया जाएगा, जिससे आवागमन में कोई बाधा नहीं आएगी। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई, जिसके अनुसार नाले का निर्माण सड़क समतल कर किया जाएगा और नाला पूरी तरह ढका रहेगा।

पूर्व सभासद के पुत्र साजिद सैफी ने बताया कि अब वार्डवासी नाले के साथ चौड़ी सड़क के निर्माण को लेकर संतुष्ट हैं और विभाग को सहयोग करेंगे। जल निकासी की यह परियोजना क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक राहत का कार्य सिद्ध हो सकती है, बशर्ते तय योजना के अनुसार गुणवत्ता के साथ निर्माण पूरा हो। उन्होंने गुणवत्ता पर ध्यान देने की अपील की है।

## सार-संक्षेप




रेलवे स्टेशन हल्द्वानी में कार्यक्रम के दौरान मौजूद बैणी सेना प्रतिनिधि व अन्य।

### सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के तहत किया जागरूक

**हल्द्वानी :** सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तीसरे दिन वार्ड 22 में रेलवे स्टेशन हल्द्वानी में नगर निगम की बैणी सेना की टीम ने स्वच्छ सार्वजनिक स्थल एक्टिविटी की। जिस दौरान स्टेशन में उपस्थित लोगों को सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को गंदगी से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में नगर निगम से बैणी सेना प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी, आकाश मेहरा, पीएमयू प्रोजेक्ट से विवेक यादव, पंकज द्विवेदी और बैणी सेना से समूह की अध्यक्ष रसीदा की टीम मौजूद रही।



वाहन के दस्तावेज चेक करते एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान।

### प्रवर्तन अभियान में 69 के चालान, 3 वाहन सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों की ओर से चलाए गए चेकिंग अभियान में 69 वाहनों के चालान किए गए और टैक्सी, ऑटोरिक्शा और बाइक सहित 3 वाहनों को सीज किया। सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान के नेतृत्व में परिवहन कर अधिकारी अपराजिता पांडे, परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल और नंदन रावत की टीमों ने हल्द्वानी, नैनीताल, कालाढूंगी, कुसुमखेड़ा, नगर निगम-नवाबी रोड आदि मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक, कार, टैक्सी,मैक्सी, भार वाहन, बस, ऑटो, ई-रिक्शा आदि वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें परमिट शर्तों का उल्लंघन, हेलमेट, टैक्स, ओवरलोडिंग, फिटनेस, नो पार्किंग, ट्रिपल राइडिंग, निर्धारित वर्दी न पहनना आदि अभियोगों में प्रवर्तन कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान में सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन सुप्याल, अनिल कार्की, चंदन ढैला, अरविंद हयांकि, गोधन सिंह, मो. दानिश, महेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश आदि शामिल रहे।

# मांगों को लेकर पार्षदों ने किया धरना-प्रदर्शन



नगर आयुक्त की गैर मौजूदगी में उनके कार्यालय में बैठे पार्षद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- वित्तीय अधिकार, मानदेय देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन व नारेबाजी

**अमृत विचार :** नगर निगम के पार्षदों ने अधिकारों के हनन की रोकथाम, वित्तीय अधिकार मिलने व अफसरशाही के विरोध में नगर आयुक्त कार्यालय में धरना दिया और हंगामा काटा। बाद में सहायक नगर आयुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

पार्षदों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचा लेकिन नगर आयुक्त जिलाधिकारी के निरीक्षण में थीं। इस पर पार्षदों का गुस्सा फूट गया, उन्होंने नगर आयुक्त कार्यालय में ही धरना व नारेबाजी शुरू कर दी। सभी ने पार्षदों को एक करोड़ वार्षिक का वित्तीय अधिकार, मानदेय देने की मांग की। इसके साथ ही नगर निगम की बोर्ड बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों में हीलाहवाली का आरोप लगाया। जल्द ही पार्षद संघ का गठन कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सभी पार्षदों ने दलगत राजनीति से उठकर एक होने की अपील की। इस दौरान पार्षद इमरान, प्रीति आर्या, मुकुल बलूटिया, बीना चौहान, निर्मला तिवाड़ी, चंद्रप्रकाश, मो. गुफरान मौजूद रहे। वहीं, रोहित कुमार, बबली वर्मा, तनुजा जोशी, शैलेन्द्र दानू, मुन्नी कश्यप, धर्मवीर, सलीम सैफी, मनोज जोशी, हर गोविन्द रावत, जकारिया पठान, नदीम सैफी, रुकमणि बिष्ट व नसरीन आदि ने भी आंदोलन की चेतावनी दी।



" मेरी अनुपस्थित में पार्षदों और प्रतिनिधियों की ओर से मेरे कक्ष में प्रवेश किया गया है। जो कि बिल्कुल उचित नहीं है। इसे लेकर एफआईआर दर्ज की जाएगी। कार्यालय में महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे गए हैं, जिनसे छेड़छाड़ संभव है। **-ऋचा सिंह**, नगर आयुक्त हल्द्वानी

# मोहर्रम पर्व को लेकर केलाखेड़ा में किया मंथन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** मोहर्रम पर्व को लेकर केलाखेड़ा पुलिस ने गुरुवार को ताजियेदारों और मुस्लिम समुदाय के वालंटियर्स के साथ बैठक की। इस दौरान किसी भी प्रकार के सांप्रदायिक तनाव या कानून-व्यवस्था की स्थिति से बचने की बात कही।

थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते मोहर्रम को लेकर प्रशासन से नई गाइड लाइन जारी हुई है। इस बार ताजिया बनाने वाले आयोजकों को एक शपथ पत्र थाने में जमा करना होगा व उपजिलाधिकारी से जुलूस की अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से भी गाइड लाइन जारी हुई है जिसमें बताया गया है कि इस बार विद्युत की रोस्टिंग नहीं की जाएगी, इसलिए ताजिए की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न हो। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मो.शफी अंसारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम, मो.हनीफ, सभासद इमरान कुरैशी, सरफराज, सतीश सुधा, इशरत अली, विजय कालड़ा, आरिफ, जमशेद बबलू मेहर, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।



केलाखेड़ा थाने में मुस्लिम समुदाय के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष अशोक कुमार।



सितारगंज में अमन कमेटी की बैठक लेते सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाने की अपील

**सितारगंज :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी की अध्यक्षता में अमन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और समुदाय विशेष के लोगों ने भाग लिया। सीओ सितारगंज भूपेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में नगर पालिका, विद्युत विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर साफ-सफाई, बिजली-पानी जैसी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में पुलिस विभाग से एसएसआई विक्रम सिंह धामी, नगर पालिका से करन सिंह सोम मौजूद रहे।

## बसपा ने पांच सीटों पर घोषित की समर्थित प्रत्याशियों की सूची

**रुद्रपुरः** बहुजन समाज पार्टी ने भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ऊधमसिंह नगर में अपने समर्थित प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। गुरुवार को समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रकेश्वर राव ने बताया कि नारायणपुर सीट से महक प्रवीण, राजपुर सीट से राजेश गौतम, प्रतापपुर सीट से बौद्ध, ढकिया कला से प्रेरणा आर्या और खानपुर पूर्व से पूजा सागर को समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है।

## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दखल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।


4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।

7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।

8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।




### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

### सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 7 | | | 3 | |
| | 8 | 3 | 4 | | 6 | 1 | | |
| 7 | 9 | | | | | 2 | | 6 |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 1 | | | 5 | | | 9 |
| 9 | | 8 | | | | | 1 | 5 |
| | | 2 | 3 | | 7 | 4 | 9 | |
| | 4 | | | 1 | 9 | | | |

### सुडोकू - 27 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी-16 .31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 16 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शेयर मार्केट में जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना होगा।

**वृष** — आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रूचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाए रखें। कोर्ट-कचहरी को लेकर चल रहे मामलों में विजय होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज नव दंपति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। आज आप मनोरञ्जन संबंधी गतिविधियों में विशेष रुचि लेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**कर्क** — आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी थोड़ा परेशान हो सकते हैं। अपनी गलत वृत्तियों पर नियन्त्रण रखें।

**सिंह** — आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं। मन में अनेक रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** — आज परिवार में तालमेल की कमी महसूस होगी। नया कारोबार आरंभ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है। आज बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस होगी। आपकी बातों से लोग आहत हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय व्यर्थ न करें। दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना ठीक नहीं है।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूर्ण कर लें। गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है।

**मकर** — आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूर्ण रूप से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं।

**मीन** — आज दिन आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता महसूस हो सकती है। नए कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है। व्यवसाय में कुछ गतिरोध महसूस हो सकता है। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।


## सार-संक्षेप



बरेली-बागेश्वर मोटर मार्ग को गिरे पेड़ को काटकर हटाते अग्निशमन कर्मचारी।

### बागेश्वर जिले में बारिश से 13 सड़कें बंद

**बागेश्वर :** जनपद में बरसात का कहर जारी है। बरसात से जनपद में 13 मोटर मार्ग बंद हैं जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई हैं। गुरुवार को विकास खंड आवासीय परिसर व बागेश्वर-बरेली मोटर मार्ग में पेड़ गिरने से एनएच बंद हो गया। गुरुवार की सुबह बागेश्वर-बरेली राजमार्ग में आरटीओ कार्यालय के समीप चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया। जिससे यातायात बाधित हो गया जिस पर अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत के नेतृत्व में टीम ने मार्ग खोला। एक अन्य मामले में ब्लॉक कार्यालय के परिसर में पेड़ गिरने से परिसर मार्ग बाधित हो गया जिस पर अग्निशमन टीम ने पेड़ हटाकर मार्ग सुचारू किया। इधर, बरसात से जनपद में 13 मोटर मार्ग बंद हैं जिन्हें खोलने के लिए विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं की जेसीबी लगाई गई हैं।



चौखुटिया के त्याड़ में अनियंत्रित होकर गधेरे में गिरी कार। ● अमृत विचार

### गधेरे में गिरी कार, चालक घायल

**अल्मोड़ा :** मासी-चौखुटिया मोटर मार्ग के त्याड़ में बुधवार देर रात पुल से एक कार करीब 15 मीटर गहरे गधेरे में जा गिरी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार देर रात जमणिया निवासी कार चालक सुरेंद्र सिंह नेगी (48) मासी की ओर से सवारी छोड़कर अपने घर को वापस आ रहा था। इस दौरान त्याड़ पहुंचने पर कार अनियंत्रित होकर पुल से गधेरे में जा गिरी। इससे कार चालक सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार कार चालक खतरे से बाहर है। इधर, लोगों का कहना है कि सड़क पर काफी गड्ढे बने हुए हैं। पुल के दोनों छोरों पर सुरक्षा पैराफिट भी नहीं हैं। इस कारण यह हादसा हुआ है।



भारत-नेपाल सीमा चौकी का निरीक्षण करते महानिरीक्षक अमित कुमार।

### एसएसबी महानिरीक्षक ने सीमा चौकी का किया निरीक्षण

**बनबसा :** सीमा सुरक्षा बल 57वाहिनी के महानिरीक्षक अमित कुमार ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमा चौकी का निरीक्षण किया। तीन दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे महानिदेशक अमित कुमार ने समवाय बनबसा, बूम सीमा चौकी सैलानीगौठ का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमित कुमार को समवाय के कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं एवं संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने जवानों को सजगता और तत्परता से ड्यूटी निभाने और क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। भविष्य में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग उत्साह एवं समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया, तथा साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उप महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, कमांडेंट मनोहर लाल, उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव, सहायक कमांडेंट जसोबंता सेनापती, निरीक्षक अमरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पांच व छह जुलाई को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**चम्पावत :** बेलूर मठ से संचालित विवेकानंद आश्रम श्यामलाताल के धर्मार्थ अस्पताल में पांच व छह जुलाई को निश्शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 :30 बजे से 12 बजे तक चलेंगे। यह जानकारी देते हुए विवेकानंद आश्रम श्यामलाताल के अध्यक्ष स्वामी ज्ञाननिष्ठानंद महाराज ने बताया कि शिविर में केजीएमसी मेडिकल कालेज लखनऊ, सुप्रसिद्ध बलरामपुर अस्पताल के प्रख्यात चिकित्सक सर्जन डाक्टर यादवेन्द्र धीर, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. रिचा तिवारी, दंत रोग विशेषज्ञ डा. स्तुति सिंह, जनरल फिजिशियन डा.अरुण कुमार तिवारी, डा. मनीष तिवारी, डा. अभिषेक मिश्रा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। आश्रम की ओर से जरूरी दवा का वितरण होगा। उन्होंने बताया कि मरीजों के आवागमन के लिए प्रात : नौ बजे एंबुलेंस धूरा एवं अमोड़ी में उपलब्ध रहेगी।

# निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतनी जरूरी: डीएम

## जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया प्रशिक्षण, जिलाधिकारी ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। गुरुवार को पंचायत चुनाव के जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए।

उदय शंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में प्रशिक्षण कार्याशाला में डीएम आलोक कुमार पांडेय ने अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया, मतदाता सूची, आदर्श आचार संहिता, सामग्री प्रबंधन एवं मतगणना प्रक्रिया आदि से संबंधित बिंदुओं की जानकारी देते हुए विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि चुनाव संबंधी सभी गतिविधियां समयांतर्गत एवं शांतिपूर्वक संपादित की जाएं। कहा कि यहां जो प्रशिक्षण उन्हें दिया जा रहा है, उसको गंभीरता से सीखें एवं दायित्वों के प्रति सजग रहें। सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के उपरांत चुनाव में त्रुटि की कोई गुंजाइस नहीं रहे, यह बात सुनिश्चित की जाए। अधिकारी अपने आप को ओवर कॉन्फिडेंट कतई न समझें। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में स्वयं जो सजग, तत्पर एवं लगनशील रखने की जरूरत होती है।



अल्मोड़ा में पंचायत चुनाव प्रशिक्षण के दौरान मौजूद जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को संबोधित करते डीएम। ● अमृत विचार

### रिजर्व समेत 157 सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट शामिल

**अल्मोड़ा :** मास्टर ट्रेनरों ने उपस्थित अधिकारियों को नामांकन की प्रक्रिया, पंचायतराज अधिनियम समेत अन्य पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान रिजर्व समेत कुल 157 सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें रिजर्व समेत 42 जोनल और 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारी शामिल हैं। यहां मास्टर ट्रेनर अपर सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार, प्रवक्ता कपिल नयाल, विनोद राठौर, राजेश बिष्ट, डीडीओ एसके पंत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चंदन सिंह बिष्ट, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रश्मि भट्ट, तकनीकी सहायक धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जंगलों के संरक्षण और संवर्द्धन को किया प्रेरित

- वन महोत्सव के तहत ईको पार्क में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा वन प्रभाग की ओर से वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम शुरू हो गया है। गुरुवार को सिमतोला ईको पार्क में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

महोत्सव का शुभारंभ वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा मोहन राम ने किया। उन्होंने बताया कि आगामी सात जुलाई तक महोत्सव मनाया जाएगा। कहा कि महोत्सव के माध्यम से लोगों को जंगलों के महत्व की जानकारी देने के साथ ही वनों के संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर भी प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान सिमतोला ईको पार्क में बांज, उतीस समेत औषधीय प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। यहां कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद अमित साह मोनू, भास्कर नाथ महंत, अमित सिंह भैसोड़ा, विमला देवी, राहुल मनराल, विवेक तिवारी, ममता बिष्ट, पार्षद अर्जुन सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी, श्याम पांडे, जगमोहन बिष्ट, राजू कांडपाल, गीता पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।



सिमतोला ईको पार्क में पौधरोपण करते अधिकारी व कार्मिक। ● अमृत विचार

# मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा की

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में समीक्षा करते हुए प्रदेश के अंतर्गत एनएच, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई की सड़कों की स्थिति और प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। सीएस ने एनएच पीडब्ल्यूडी की सड़कों की बॉटल नेक की जानकारी लेते हुए उन्हें दुरुस्त करने को शीघ्र योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन एवं वन्यजीव संस्तुतियों के लिए लगातार केन्द्र एवं राज्य स्तरीय सम्बन्धित विभागों से अनुवर्तन करते रहने की बात भी कही।

सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बैठक में बताया कि प्रदेश के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 3589.99 किमी है, जो एनएच पीडब्ल्यूडी के पास 2028.19 किमी, बीआरओ के पास 986.8 किमी, एनएचआईडीसीएल के पास 130 किमी और एनएचएआई के पास 445 किमी है। चारधाम यात्रा मार्ग के कुल 53 कार्य होने हैं, जिनमें से 47 को स्वीकृति प्राप्त है। 42 कार्य अवार्ड किए जा चुके हैं, जिनमें से 30 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 12 कार्यों पर कार्य गतिमान है। 5 कार्य अवार्ड होने बाकी हैं और 6 कार्य स्वीकृत होने बाकी हैं। एनएच पीडब्ल्यूडी द्वारा लम्बित मामलों में संबंधित जिलाधिकारियों और फारेस्ट के साथ बैठकें करते हुए लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने बाईपास को ऋषिकेश से शिवपुरी तक बढ़ाने हेतु कार्यवाही शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

# वेतन भुगतान को लेकर गरजे कार्मिक

- जिले के स्वास्थ्य आउटसोर्स कर्मियों का प्रदर्शन जारी
- जल्द निराकरण नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** वेतन भुगतान की मांग को लेकर एनएचएम के तहत तैनात स्वास्थ्य आउटसोर्स कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को नाराज आउटसोर्स कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द वेतन भुगतान करने समेत अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

धरना स्थल पर कार्मिकों ने कहा कि उन्हें मार्च से वेतन तक नहीं दिया गया है। चार माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मानदेय से ईपीएफ की कटौती के बाद भी जनवरी से अब तक कार्मिकों के ईपीएफ खाते में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। साथ ही ईएसआई के लाभ के लिए कार्ड या अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने वर्तमान कंपनी का अनुबंध समाप्त कर सभी कार्मिकों को जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित करने की भी मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। इस दौरान हेमा बिष्ट, सूरज पांडे, सीमा सिजवाली, अजय तिवारी, कामना, बबीता, सुचिता, सुनील, उमेद, योगेश पंत, भुवन भट्ट, कविता सिराड़ी, नीलम सती, वंदना वर्मा, सूरज आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा सीएमओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते आउटसोर्स कर्मी। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर मेयर को सौंपा ज्ञापन



अल्मोड़ा में गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ मौजूद सदस्य।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा अल्मोड़ा की गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में वेतन का भुगतान समय पर करने समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। समस्याओं को लेकर नगर निगम मेयर को ज्ञापन भी सौंपा।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर निगम में स्थाई नगर आयुक्त व लेखाधिकारी न होने से कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन समय से भुगतान नहीं हो रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इसके अलावा नगर की सफाई व कूड़ा निस्तारण को उपकरण उपलब्ध कराने, स्थाई नगर आयुक्त व लेखा अधिकारी की नियुक्त करने की मांग उठाई। वहीं, पर्यावरण मित्रों ने पार्षदों के पारिवारिक सदस्यों के द्वारा जबरन कार्य क्षेत्र से हटकर अतिरिक्त कार्य कराए जाने का भी आरोप लगाया। पर्यावरण मित्रों ने जल्द समस्या का निदान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां बैठक में संघ प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, शाखा अध्यक्ष दीपक चंदेल, महासचिव राजेश टाक, जिलाध्यक्ष दीपक शैलानी, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पवार, सचिव घनश्याम, अनील कुमार, पप्पू, महेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति में बदलाव

**चम्पावत अमृत विचार :** पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संशोधन आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत विकास खंड बाराकोट में सेक्टर एक रैघाडी के लिए पूर्व में नियुक्त डा. दिनेश के स्थान पर पुष्कर सिंह नगरकोटी को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

सेक्टर पांच सुतेड़ा के लिए मनोज कुमार के स्थान पर सुनील अधिकारी को नियुक्त किया गया है। पाटी के सेक्टर 10 बिनवाल गांव के लिए भगवती प्रसाद के स्थान पर त्रिभुवन मौर्या को नियुक्त किया गया है। सेक्टर सात चौड़ाकोट के लिए मदन सिंह के स्थान पर डा. कमल गहतोड़ी और विकासखंड चम्पावत सेक्टर एक तामली को दीप चंद्र कांडपाल के स्थान पर आरके पंत को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# विकास को मानकीकरण अत्यंत आवश्यक: सीएम

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून शाखा के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ तिवारी के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर राज्य में मानकीकरण से संबंधित विविध पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

कहा कि सरकारी खरीद प्रक्रिया में भारतीय मानकों का अनिवार्य समावेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। भवन निर्माण में आईएस आधारित विनियमों को अपनाने तथा विभिन्न सरकारी विभागों में प्रबंधन प्रणाली मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं विकास के लिए मानकीकरण अत्यंत आवश्यक है तथा यह पहल 'विकसित उत्तराखंड' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### तीन आईएएस अधिकारियों को मिली तैनाती

**देहरादून, अमृत विचार :** बाध्य प्रतीक्षारत आईएएस तीन अधिकारियों को तैनाती दे दी गई है। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह पतियाल द्वारा जारी आदेश में आईएएस अधिकारी रोहित मीणा को अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, नरेंद्र सिंह भंडारी को अपर सचिव नियोजन विभाग और संतोष बडोनी को अपर सचिव पशुपालन, मत्स्य विभाग में तैनाती दी गई है।

**आस्था** | 50 पर्यटकों के दल को टनकपुर कुमाऊं मंडल विकास निगम विश्राम घर से रवाना करेंगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

# उत्तराखंड में आज से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

संवाददाता, टनकपुर/पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** पांच साल के अंतराल के बाद पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा का पहला दल आज टनकपुर पहुंचेगा और अगले दिन पिथौरागढ़ जिले में प्रवेश करेगा। 5 जुलाई को 50 सदस्यीय दल आधार शिविर धारचूला में रात्रि विश्राम करेगा, जिसके बाद धारचूला से उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा शुरू होगी।

टनकपुर मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 50 सदस्यीय पर्यटक दल टनकपुर टीआरसी से 5 जुलाई को रवाना होगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस दल को रवाना करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों ने सीएम कैंप कार्यालय में बैठक कर चर्चा की। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित टनकपुर दौरे को लेकर एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने टीआरसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम से सम्बंधित सभी व्यवस्थाओं व तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस वर्ष से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की शुरुआत टनकपुर से हो रही है। शुक्रवार की शाम तक देश की राजधानी दिल्ली से यात्रा का पहला दल टनकपुर टीआरसी पहुंचेगा। यात्रा में 50-50 यात्रियों के कुल पांच दल टनकपुर से आगे की ओर बढेंगे। पहले दल का यहां पहुंचने पर पारंपरिक छोलिया लोकनृत्य से स्वागत किया जाएगा। शनिवार प्रातः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रथम दल को टनकपुर से औपचारिक रूप से रवाना किया जाएगा। इसके बाद दूसरा दल 8 जुलाई, तीसरा 12 जुलाई, चौथा 4 अगस्त, जबकि पांचवां व अन्तिम दल 8 अगस्त को यहां पहुंचेगा। सभी दल एक रात टनकपुर में रुकने के बाद आगे की यात्रा शुरू करेंगे। यहां टीआरसी द्वारा यात्रियों के भोजन में देवभूमि के व्यंजनों को परोसा जाएगा, जिसका मौखिक मैन्यू पहुंच गया है। इसमें गहत की दाल,पहाड़ी खीरे का रायता,आलू के गुटके व झिंगोरे की खीर प्रमुख रूप से शामिल हैं।

वहीं, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी ने बताया कि बारिश को देखते हुए जिले में संवेदनशील सड़कों पर अतिरिक्त मशीनों को तैनात किया गया है। बीआरओ के साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए है। बारिश के चलते सड़के बंद हो रही हैं, लेकिन उन्हें जल्द से जल्द खोल दिया जा रहा है। ऐसे में यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है।



टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए चर्चा करते अधिकारी।

# बंदरों व गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर में गुलदार और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग को लेकर न्यू इंद्रा कॉलोनी वार्ड वासी मुखर हो गए है। गुरुवार को जनकल्याण समिति के बैनर तले लोगों ने सीडीओ और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द गुलदार और बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र में लावारिस कुत्तों और बंदरों का आतंक से लोग परेशान हैं। वहीं, रात के समय गुलदार का आतंक बना हुआ है। क्षेत्र में पूर्व में कई जगहों पर चोरियां हुई हैं। लेकिन अब तक चोरियों का खुलासा नहीं हो सका है। कहा कि बढ़ती चोरियों की घटना पर नकेल कसने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। इसके अलावा गुलदार से आतंक को निजात दिलाने को जरूरी स्थलों पर लाइटों की व्यवस्था, लावारिस जानवरों और बंदरों के आतंक से निजात को ठोस नीति बनाने, सिमकनी मैदान में गैस वाहन से गैस उपलब्ध कराने, मुख्य स्थानों व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने समेत आदि की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में समिति अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, केपी जोशी, नरेंद्र बघरी, रमेश कनवाल, मोहन सिंह नेगी, चंदन गिरी गोस्वामी, दिवान सिंह भाकुनी, देवी दत्त, सुरेश आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में सीडीओ को ज्ञापन सौंपते न्यू इंद्रा कॉलोनी वार्ड के लोग। ● अमृत विचार

# भारत ने पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

**269** रन
**387** गेंद
**30** चौके
**03** छक्के

## इंग्लैंड ने की खराब शुरुआत , महज 13 रन पर दो विकेट गिरे , आकाश दीप को मिली सफलता

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक (269 रन) से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके दो विकेट बेन डकेट (0) और ऑली पोप (0) महज 13 रन पर गिर गए। दोनों सफलता आकाश दीप को मिली।

शुभमन गिल ने रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। ब्रेक के समय आकाश दीप उनका साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली सीरीज है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल के लिए 199 रन कुछ देर पर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई।

इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबस्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की।

गिल ने क्रिस वोक्स पर थर्ड मैन क्षेत्र में दिन की अपनी पहली बाउंड्री लगाई। गिल ने बशीर के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेले। भारतीय कप्तान को यह शॉट खेलते हुए देखना हैरानी भरा था।




शुभमन गिल।

> हां, शुभमन गिल... आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया – आपने राज किया। पंजाब के दिल से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है।
>
> – पंजाब क्रिकेट संघ

### भारत पहली पारी

**587/10** (151 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी** : वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0



रविंद्र जडेजा।

## गिल के दोहरे शतक पर युवराज ने कहा, बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया

**नई दिल्ली** : शुभमन गिल के स्पष्ट इरादों ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में जबर्दस्त सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ने को पार्क में टहलने जितना आसान बना दिया। एक समय गिल के मेंटर (मार्गदर्शक) रहे युवराज सिंह ने यह बात कही। भारत की दो विश्व कप जीत के नायक रहे 44 वर्षीय युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मार्गदर्शन किया था जब वे उनके चंडीगढ़ के बंगले में रुके थे। युवराज ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया! शानदार खेला और दोहरे शतक के हकदार थे, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता। हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गिल की कप्तानी की 'शानदार शुरुआत' की सराहना की। अश्विन ने लिखा गिल का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। अब भारत को पूरे दिन बल्लेबाजी करनी चाहिए। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई।

## गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : ट्रॉट

**मुंबई** : पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।

### एक नजर



नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से पहले संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कर्नाटक ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के . गोविंदराज व भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा। ● एजेंसी

### नीरज चोपड़ा ने कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

**बेंगलुरु** : दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है – जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्की भाला फेंक प्रतियोगिता है। शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है–जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड** : लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### ऋषभ पंत डीपीएल सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे

**नयी दिल्ली** : भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं जिन्होंने पिछले साल शुरूआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइज़ी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।

### लोनाटो विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली** : ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी।

## जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**लंदन, एजेंसी**

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर व इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट। ● एजेंसी

**समय : रात 11:05 बजे से**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स, डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, इसी वोंग, लिन्सी स्मिथ।

## दीप्ति ने शानदार नतीजों के लिए लंबे ट्रेनिंग सत्र को श्रेय दिया

**लंदन :** आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई। अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने मीडिया से कहा 'बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली। उन्होंने कहा 'हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया।



## आधिकारिक सूचना का इंतजार, पर हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप टिर्की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है।

खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा।

### पाकिस्तान को भारत में जरूर खेलना चाहिए : बट

**नयी दिल्ली** : भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिए। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है।



## अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैरी बुजकोवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ● एजेंसी

**लंदन, एजेंसी**

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।



महिला एकल मैच के दौरान इटली की जैस्मीन पाओलिनी के साथ खेलते समय रूस की कामिला राखिमोवा की पोनी टेल उनकी आंखों में चली जाती है। ● एजेंसी

### एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन** : भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया।



सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे दौर के पुरुष एकल में ब्रिटेन के डेनियल इवांस के खिलाफ एक अंक जीतने के बाद खुशी जताते हुए। ● एजेंसी

# यूक्रेनी सीमा के नजदीक मारा गया रूस का शीर्ष जनरल

**मॉस्को, एजेंसी**

- **यूक्रेन से संघर्ष के बीच अब तक रूस के 10 जनरल मारे जा चुके**

रूस का एक शीर्ष जनरल यूक्रेन की सीमा के निकट कुर्स्क क्षेत्र में मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की खबर के मुताबिक, रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत यूक्रेन के सुमी क्षेत्र की सीमा से सटे पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हुई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल मिखाइल की मौत 'सैन्य अभियान' के दौरान हुई। हालांकि, उसने अभियान के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया। गुडकोव को सर्वोच्च उपाधि 'रूसी संघ के नायक' से सम्मानित किया गया था। वह मार्च में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में पदोन्नति से पहले 'क्रैक 155वीं मरीन ब्रिगेड' के कमांडर थे।

कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जनरल गुडकोव को उस समय मार डाला गया, जब वह अग्रिम मोर्चे पर अपने सैनिकों से मिलने गए थे। हालांकि, उन्होंने घटना के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और न ही इस बात का खुलासा गया कि उनकी मौत कब हुई। यूक्रेन में रूस के लगभग साढ़े तीन साल के सैन्य अभियान में, मॉस्को ने 10 जनरल के मारे जाने की पुष्टि की है।

# ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने पर यूएन ने चिंता जताई

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है।

यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ये निर्णय ईरानी संसद में पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने का प्रावधान है जब तक उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती।

# दुनिया भर में आम हो चुके हैं कृत्रिम वर्षा के प्रयोग

कृत्रिम वर्षा कराने की प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारी की थी लेकिन बारिश के मौसम में ये फैसला करने पर सवाल उठे तो इसे टाल दिया। कृत्रिम वर्षा दरअसल एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग सूखे, जल संकट या वायु प्रदूषण जैसी परिस्थितियों में किया जाता है। इसकी जरूरत तब पड़ती है जब प्राकृतिक वर्षा न हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। कृत्रिम वर्षा के लिए बादलों में कुछ रासायनिक तत्व छोड़े जाते हैं जो उन्हें बरसने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह की बारिश आपात स्थितियों में थोड़ी राहत तो देती है लेकिन प्राकृतिक वर्षा का विकल्प नहीं होती। हालांकि बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते दुनिया भर में इसका प्रयोग आम हो चला है।



### चर्चित प्रयोग

2023 में दिल्ली में प्रदूषण काफी बढ़ गया था। तब आईआईटी कानपुर ने दिल्ली सरकार के साथ एक क्लाउड सीडिंग प्रोग्राम प्रस्तावित किया। हालांकि पर्याप्त बादल न होने पर इसे टालना पड़ा।

### कृत्रिम वर्षा की तकनीक

कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड या पोटेशियम आयोडाइड के कण, सामान्य नमक जिसका वैज्ञानिक नाम सोडियम क्लोराइड होता है, सूखी बर्फ और अत्यधिक ठंडे तापमान में लिक्विड प्रोपेन जैसे रासायनिक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इन कणों को को विमान, ड्रोन या जमीन से रॉकेट और तोप से बादलों में छोड़ा जाता है। ये कण बादल की जल वाष्प को संघनित कर बूंदों में बदल देते हैं, जिसका नतीजा वर्षा के रूप में सामने आता है।

### इसलिए पड़ती है जरूरत

सूखे की स्थिति, सूखे जलाशयों का जल स्तर बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने और आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों जंगलों की आग बुझाने के लिए कृत्रिम वर्षा का सहारा लिया जाता है। चीन ने वर्ष 2008 में बीजिंग में ओलंपिक के दौरान बारिश को नियंत्रित करने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया था।

### बादल न हों तो नहीं होती वर्षा

वैज्ञानिकों के अनुसार कृत्रिम वर्षा की सफलता दर 30 से 50 प्रतिशत तक ही होती है। परिणाम काफी हद तक बादलों की उपयुक्तता पर निर्भर करता है। बादल मौजूद न हों तो यह तकनीक काम नहीं करती।

### भारत में इस्तेमाल

भारत में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराई गई है। बेंगलुरु में जल संकट के दौरान यह तकनीक इस्तेमाल की गई। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून में कमी और दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 2023 में इस्तेमाल किया गया। राजस्थान में भी प्रयोग हो चुका है।

### एक बार में खर्च 15 करोड़

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबित एक राज्य को सीजन के हिसाब से औसतन 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। बादलों में रासायनिक तत्व छोड़ने के लिए प्रति घंटा उड़ान पर ही 5 से 15 लाख तक का खर्च आ सकता है, ये हेलीकॉप्टर या विमान पर भी निर्भर करता है और यह लागत बादलों के घनत्व और क्षेत्र के आकार के अनुसार बदल जाती है।

### कुछ दुष्प्रभाव भी हैं

- पर्यावरणीय असंतुलन हो सकता है। कृत्रिम वर्षा से अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक वर्षा में कमी आ सकती है।
- रासायनिक प्रभाव भी संभावित हैं। सिल्वर आयोडाइड जैसे रसायन पर्यावरण और जलीय जीवों पर प्रभाव डाल सकते हैं।
- एक क्षेत्र को वर्षा देने से दूसरे क्षेत्र में सूखा पड़ सकता है। यह न्यायिक और सरकारी स्तर पर नीति संबंधी विवाद हो सकता है।

## एक नजर

### जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया शुरू

**टोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया गुरुवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। इस 17-दिवसीय चुनाव प्रकिया से यह तय हो जाएगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में बहुमत बनाए रखने में सक्षम है या नहीं। इस समय सत्तारूढ़ दल निचले सदन में अल्पमत में है एवं सदन में बहुमत बनाए रखने के लिए उसे 50 और सीटें जीतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि कुल 519 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में मुख्य मुद्दा बढ़ती मंहगाई है।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से चार की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से चार लोगों की मौत की हो गयी और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएम टुनु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था। श्री वटेलेहन ने बताया, घटना में 23 लोग बच गए, चार की मौत हो गई और 38 अन्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी। इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

### शिकागो में हुई गोलीबारी में मारे गए चार लोग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में बुधवार रात को एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। गोलीबारी की यह घटना बुधवार देर रात शिकागो के रिवर नॉर्थ इलाके में एक रेस्तरां के बाहर हुई, जहां एक गायक के एल्बम रिलीज की पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति ने रेस्तरां के बाहर खड़ी भीड़ पर गोलीबारी की और वाहन से तुरंत फरार हो गया।

### दक्षिणी मंगोलिया में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया

**उलान बटोर।** मंगोलिया के दक्षिणी प्रांत डुंडगोवी में गुरुवार को 5 .0 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर तीन मिनट पर झटके महसूस किए गए। देश के खगोल विज्ञान एवं भूभौतिकी संस्थान ने एक बयान में कहा कि भूकंप का केंद्र डुंडगोवी प्रांत के प्रशासनिक उपखंड से 13 किमी उत्तर में था और शुरुआत में इसका केंद्र 46 .25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 106 .34 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।


# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

## बढ़ेगी भारत की मुश्किल, जयशंकर ने ट्रंप प्रशासन को चिंता से अवगत कराया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर चिंता व्यक्त की है।



जयशंकर गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिले।

### भारत के साथ चीन के लिए भी पैदा होगी समस्या

ग्राहम ने दावा किया है कि इस विधेयक को 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएं पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

### अमेरिका-वियतनाम व्यापार समझौते पर चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका-वियतनाम के बीच हुए व्यापार समझौते पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि इससे तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आया है जिसमें अमेरिका में वियतनामी निर्यात पर 20% टैरिफ और वियतनाम होकर भेजे जाने वाले सामान पर 40% टैरिफ शामिल है। समझौते का उद्देश्य वियतनाम में अमेरिकी व्यवसायों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह वियतनाम को अमेरिकी बाजारों तक पूर्ण पहुंच प्रदान करेगा जिससे अमेरिकी उत्पादों को वियतनाम में शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिलेगा। चीन इसलिए नाराज है कि समझौते से उस देश के माल पर 40% टैरिफ लगेगा जिसका उद्देश्य तीसरे देशों, विशेष रूप से चीन से आने वाले सामानों को वियतनाम के माध्यम से अमेरिका में निर्यात होने से रोकना है।

# न्यायालय ने ट्रंप के शरण प्रतिबंध पर रोक लगाई

**सैक्रामेंटो।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है।

- **कहा- कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन**

कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि ट्रंप की जनवरी की घोषणा ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया।

# इजराइली गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए

**तेल अवीव, एजेंसी**

- **मारे गए लोगों में 45 गाजा शहर में जरूरी राहत हासिल करने की कर रहे थे कोशिश**

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। ये फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए।

मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 57,000 से अधिक हो गई है जिनमें वे 223 लापता लोग भी शामिल हैं जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ये मौतें ऐसे समय में हुई हैं जब इजराइल और हमास संभावित संघर्षविराम के करीब पहुंच रहे हैं।

### हिजबुल्लाह ने हथियार छोड़ने से इन्कार किया

**बेरूत।** लेबनान में हिजबुल्लाह समूह ने इजराइल से वास्तविक और रणनीतिक खतरे का हवाला देते हुए हथियार छोड़ने से इन्कार कर दिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने फिर से पुष्टि की है कि समूह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। समूह के नेता ने बुधवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में आशूरा परिषद के कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा, हमारे हथियार इजराइल का सामना करने के लिए हैं और हम इस अधिकार को कभी नहीं छोड़ेंगे। हिजबुल्लाह ने कहा है कि संभावित इजराइली आक्रमण के खिलाफ उसके हथियार आवश्यक हैं। कासिम ने अपने भाषण में कहा, इजराइल एक वास्तविक और रणनीतिक खतरा है, न केवल फिलिस्तीन और लेबनान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए।

# लापरवाह ड्राइविंग से मौत पर बीमा कंपनी मुआवजा देने को बाध्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार किया, याचिका खारिज**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं जिनकी मौत उनके तेजी से एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति की पत्नी, बेटे और माता-पिता द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों की ओर से मुआवजे का दावा करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने बुधवार को पारित आदेश में कहा, हम कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा पारित फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।

### नाबालिग बलात्कार पीड़िता गर्भ जारी रखने पर सहमत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से 27 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति मांगने वाली दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग लड़की एम्स की इस दलील के बाद गर्भ बरकरार रखने के लिए राजी हो गई कि अब गर्भपात भ्रूण हत्या के समान होगा। एम्स के मेडिकल बोर्ड ने गर्भावस्था को जारी रखना उसके सर्वोत्तम हित में बताया था। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने एकल न्यायाधीश के आदेश को संशोधित कर दिया, जिसमें मेडिकल बोर्ड की राय पर विचार करने के बाद 16 वर्षीय लड़की को गर्भपात की अनुमति दी गई थी।

# अगले दलाई लामा का फैसला स्थापित संस्था करेगीः रीजीजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही संस्था के भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था हैं। दलाई लामा को मानने वाले सभी की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा और दलाई लामा की इच्छानुसार होना चाहिए। उनके अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है।

## जलप्रपात का नजारा



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में बारिश के बाद इंद्रावती नदी उफान पर है। चित्रकोट जलप्रपात की ऊंचाई 90 फीट है। इस जलप्रपात की विशेषता यह है कि वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफ़ेद दिखाई देता है। गुरुवार को भी यहां बेहद सुंदर नजारा दिखाई दिया। एजेंसी

# संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम शिनावात्रा

**बैंकॉक, एजेंसी**



- **शिनावात्रा समेत कई नए कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ**

थाईलैंड के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण की, जिनमें निलंबित प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा भी शामिल थीं। शिनावात्रा एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता से वार्ता में की गई टिप्पणियों को लेकर जांच का सामना कर रही हैं।

पैटोंगटर्न शिनावात्रा को मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से निलंबित किया गया था और थाईलैंड नरेश ने उसी दिन नए मंत्रिमंडल की मंजूरी दी, जिसमें शिनावात्रा को संस्कृति मंत्री के रूप में नामित किया गया। शपथ के लिए 'गवर्नमेंट हाउस' पहुंची शिनावात्रा मुस्कराती नजर आईं, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुरिया जुंगरुंगरियांगकित ने नए मंत्रियों का नेतृत्व करते हुए थाईलैंड नरेश महा वजीरालोंगकोर्न से औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया। समझा जाता है कि सुरिया, कार्यवाहक प्रधानमंत्री के दायित्वों को उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री फुमथाम वेचायाचाय को सौंपेंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

शिनावात्रा ने पिछले वर्ष जब पद संभाला था, तब वेचायाचाय ने उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभाई थी। कम्बोडिया के साथ सीमा विवाद को लेकर शिनावात्रा के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। मई में हुई एक झड़प में एक कम्बोडियाई सैनिक की मौत के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# एअर इंडिया ने दिल्ली वाशिंगटन उड़ान को विएना में रोका

**मुंबई।** दिल्ली से वाशिंगटन के लिए दो जुलाई को उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान विएना में ईंधन भरने के लिए निर्धारित पड़ाव के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सका। इस कारण वाशिंगटन से दिल्ली के लिए निर्धारित इसकी वापसी उड़ान भी रद्द कर दी गई।

एअर इंडिया के बयान के अनुसार, दो जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन डी.सी. जाने वाली उड़ान संख्या एआई103 विएना में ईंधन भरने के लिए पूर्व निर्धारित योजना के तहत रुकी। विमान की नियमित जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान की गई, जिसे अगली उड़ान से पहले ठीक करने की आवश्यकता थी और इस प्रकार, इसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।

## अनुसंधान

**पीएम 2 .5 के अधिक संपर्क में रहने से 40% बढ़ती है बच्चों के कम वजन की आशंका, समयपूर्व जन्म की 70%**

# वायु प्रदूषण बन रहा है समयपूर्व बच्चों के जन्म की वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के जनसांख्यिकीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के मुताबिक देश में 13 प्रतिशत बच्चों का जन्म समयपूर्व हो रहा है जबकि जबकि 17 प्रतिशत बच्चों का जन्म के समय वजन मानक से कम होता है। इसके मुताबिक वायु प्रदूषण भी जन्म से जुड़े प्रतिकूल प्रभावों का कारण बन रहा है।

दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान तथा ब्रिटेन और आयरलैंड के संस्थानों के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 और दूर संवेदी डेटा का अध्ययन करके गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से प्रसव परिणामों पर प्रभावों का विश्लेषण किया। टीम ने पाया कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण प्रदूषण) के अधिक संपर्क में रहने से जन्म के समय कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की आशंका 40 प्रतिशत तथा समय से पहले प्रसव की आशंका 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।



जलवायु परिस्थितियों जैसे वर्षा और तापमान, का प्रतिकूल जन्म परिणामों से अधिक गहरा संबंध पाया गया। स्वास्थ्य पत्रिका 'पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक भारत के उत्तरी जिलों में रहने वाले बच्चे परिवेशीय वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। वातावरण में मौजूद 2.5 माइक्रोन से भी छोटे व्यास वाले सूक्ष्म कण पदार्थ को पीएम 2.5 कहा जाता है और इन्हें सबसे हानिकारक वायु प्रदूषक माना जाता है। वातावरण में इनकी मौजूदी के लिए जीवाश्म ईंधन और बायोमास के दहन को प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है।

अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, पाया गया कि लगभग 13 प्रतिशत बच्चे समय से पहले पैदा हुए और 17 प्रतिशत बच्चे कम वजन के साथ पैदा हुए। इसके अलावा पीएम 2.5 के स्तर में प्रत्येक 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि से कम वजन वाले बच्चों के जन्म पैदा होने की आशंका पांच प्रतिशत और समय से पहले जन्म की आशंका 12 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 की पांच वर्ष की अवधि में पैदा हुए 18 प्रतिशत बच्चों का वजन जन्म के समय कम था। अनुसंधानकर्ताओं ने देश में विशेष रूप से उत्तरी राज्यों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को तेज करने की मांग की है। 2019 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम भारत में वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए पीएम प्रदूषकों के स्तरों को नियंत्रित करने पर केंद्रित है।

### यूपी, दिल्ली, पंजाब और बिहार सर्वाधिक प्रभावित राज्य

ऊपरी गंगा क्षेत्र में पीएम 2 .5 प्रदूषकों का स्तर अधिक है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य शामिल हैं, तथा देश के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में इसका स्तर कम है। अध्ययन के मुताबिक समय से पहले जन्म के अधिक मामले उत्तरी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश 39 प्रतिशत, उत्तराखंड 27 प्रतिशत, राजस्थान 18 प्रतिशत और दिल्ली 17 प्रतिशत में आए। मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में समय पूर्व जन्म के सबसे कम मामले सामने आए हैं। पंजाब में जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा होने की दर सबसे अधिक 22 प्रतिशत पाई गई। इसके बाद दिल्ली, दादरा और नगर हवेली, मध्य प्रदेश, हरियाणा और यूपी का स्थान आता है।